


सूर्योदय प्रातः 5:04 सूर्यास्त संध्या 6:38 पखवाड़ा ज्येष्ठ शु . दशमी, संवत 2083 तापमान अधिकतम 34° न्यूनतम 25°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, बुधवार, 24 जून 2026, वर्ष : 17, अंक : 130, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions




**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 76,200.68 | -893.39 (-1.16%) |
| निफ्टी | 23,824.10 | -278.80 (-1.16%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम, 24 carat)

| | |
|---|---|
| सोना | 1,42,010.00 |
| चांदी | 2500.00 |

## एक झलक

**भवानीपुर चुनाव विवाद**

### हाईकोर्ट ने दिये ईवीएम सुरक्षित रखने के आदेश

**कोलकाता** : कलकत्ता हाईकोर्ट ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की भवानीपुर विधानसभा सीट की मतगणना से जुड़े सभी अहम सबूत सुरक्षित रखने के आदेश दिये हैं। मतगणना में कथित गड़बड़ी के आरोपों पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने ईवीएम, वीवीपेट और मतगणना केंद्र के अंदर-बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य सम्बन्धित रिकॉर्ड को संरक्षित रखने के निर्देश दिये। न्यायमूर्ति गौरांग कांत ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर इन साक्ष्यों की जांच की जायेगी और अदालत की अनुमति के बिना इनमें किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं की जा सकेगी।

## अंदर के पन्नों पर


3 महिला कैदी गर्भवती प्रकरण : हाई कोर्ट में मेडिकल...

5 मोहर्रम को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने पर...

7 मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर बीएलओ...

9 आधुनिक अनुसंधान, फोरेंसिक व पुलिसिंग...

10 नॉर्वे ने सेनेगल को 3-2 से हरा कर नॉकआउट दौर...


## कार्टून कोना




# राष्ट्रपति ने रूपी सोरेन को सौंपा दिशोम गुरु का पद्मभूषण सम्मान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड आन्दोलन के प्रमुख नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन को मरणोपरांत देश के तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। मंगलवार को संसद भवन में आयोजित सम्मान समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शिबू सोरेन की पत्नी रूपी सोरेन को यह सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर शिबू सोरेन की बहू कल्पना सोरेन, अंजनी सोरेन और परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। शिबू सोरेन को यह सम्मान आदिवासी समाज, झारखंड आन्दोलन और सार्वजनिक जीवन में उनके लम्बे योगदान के लिए दिया गया है।

**कल्पना सोरेन, अंजनी सोरेन व परिवार के अन्य सदस्य भी रहे मौजूद**



### नेमरा गांव से शुरू हुआ था संघर्ष का सफर

**शिबू** सोरेन का जन्म 11 जनवरी 1944 को वर्तमान रामगढ़ जिले के नेमरा गांव में हुआ था। बचपन में उनका नाम शिवलाल था, लेकिन बाद में वह शिबू सोरेन के नाम से देशभर में पहचान बनाने लगे। उन्होंने प्रारम्भिक शिक्षा नेमरा गांव के स्कूल और बाद में गोला हाई स्कूल से प्राप्त की। उनके पिता सोबरन सोरेन शिक्षक होने के साथ गांधीवादी विचारधारा के समर्थक थे। 27 नवम्बर 1957 को महाजनों द्वारा उनकी हत्या कर दी गयी। जमीन कब्जे और शोषण के खिलाफ आवाज उठाने के कारण हुई इस घटना ने किशोरावस्था में ही शिबू सोरेन के जीवन की दिशा बदल दी। इसके बाद उन्होंने पढ़ाई छोड़ दी और अन्याय के खिलाफ संघर्ष का रास्ता चुना।

### सांसद से लेकर मुख्यमंत्री तक का सफर

1980 में वह पहली बार दुमका से लोकसभा सांसद चुने गये। इसके बाद कई बार संसद पहुंचे और राष्ट्रीय राजनीति में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करायी। 1987 में निर्मल महतो की हत्या के बाद उन्होंने झामुमो की कमान सम्भाली और पार्टी अध्यक्ष बने। 15 नवम्बर 2000 को झारखंड राज्य का गठन हुआ, लेकिन वह पहले मुख्यमंत्री नहीं बन सके। हालांकि, बाद के वर्षों में उन्होंने तीन बार राज्य की कमान सम्भाली।

### संघर्ष से सम्मान तक की यात्रा

**शिबू** सोरेन का राजनीतिक जीवन केवल सत्ता तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने दशकों तक आदिवासियों, वंचितों और झारखंड की पहचान के लिए संघर्ष किया। यही कारण है कि उनके समर्थक उन्हें केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि 'दिशोम गुरु' के रूप में याद करते हैं। अब मरणोपरांत पद्म भूषण सम्मान के साथ उनके सार्वजनिक जीवन और योगदान को

● शेष पृष्ठ 11 पर

## अलका याग्निक समेत 65 हस्तियों को राष्ट्रपति मुर्मू ने किया अलंकृत



**नयी दिल्ली** : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित 'सिविल इन्वेस्टिचर सेरेमनी-2' में वर्ष 2026 के लिए 65 विशिष्ट हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किये। सम्मानित होनेवालों में झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक और पूर्व केन्द्रीय मंत्री शिबू सोरेन, प्रसिद्ध गायिका अलका याग्निक, अभिनेता ममूटी और पूर्व टेनिस खिलाड़ी विजय अमृतराज प्रमुख रहे।

राष्ट्रपति भवन के भव्य दरबार हॉल में आयोजित समारोह में उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई केन्द्रीय मंत्री और गण्यमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

● शेष पृष्ठ 11 पर

## आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों को मोदी ने दिया 'नागरिक देवो भव' का मंत्र



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि उन्हें यह हमेशा याद रखना चाहिए कि हर सरकारी फाइल के पीछे करोड़ों नागरिकों की आकांक्षाएं, चिन्ताएं और जीवन जुड़े होते हैं। उन्होंने अधिकारियों से 'नागरिक देवो भव' के मंत्र को अपनाते हुए प्रत्येक निर्णय के केन्द्र में आम नागरिक को रखने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने यहां सेवा तीर्थ में विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में सहायक सचिव के रूप में

**पीएम ने कहा**

- हर फाइल के पीछे नागरिकों का जीवन और आकांक्षाएं

नियुक्त 2024 बैच के 183 आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ संवाद के दौरान कहा कि दो वर्षों के प्रशिक्षण और प्रशासनिक अनुभव के बाद अधिकारी ऐसे महत्त्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंचे हैं, जहां उनके निर्णय न केवल उनके करियर,

● शेष पृष्ठ 11 पर

## 03 जुलाई को दुमका-गोविंदपुर 220 केवी संचरण लाइन का लोकार्पण करेंगे मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आगामी 03 जुलाई को दुमका-गोविंदपुर 220 केवी संचरण लाइन का लोकार्पण करेंगे। इस परियोजना के शुरू होने से संथाल परगना के साथ-साथ धनबाद और आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को मजबूती मिलेगी तथा उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी।

उपायुक्त आदित्य रंजन ने मंगलवार को बताया कि झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड द्वारा पूर्ण की गयी विभिन्न ग्रिड सबस्टेशन एवं संचरण



परियोजनाओं का उद्घाटन मुख्यमंत्री रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन से ऑनलाइन माध्यम से करेंगे। इसी क्रम में दुमका-गोविंदपुर 220 केवी संचरण लाइन राष्ट्र को समर्पित की जायेगी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना

● शेष पृष्ठ 11 पर

## सीयूईटी-यूजी 2026 परिणाम घोषित, एक अभ्यर्थी ने चार विषयों में हासिल किया 100 पर्सेंटाइल

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी-यूजी) 2026 का परिणाम घोषित कर दिया। परीक्षा में शामिल अभ्यर्थी अपना स्कोरकार्ड आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। इस वर्ष 15.68 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था, जबकि 11.64 लाख से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए।

एनटीए द्वारा जारी परिणाम के अनुसार, इस वर्ष के परिणाम में कई

| विषयों की संख्या | उम्मीदवारों संख्या |
|---|---|
| चार विषय | 01 |
| तीन विषय | 22 |
| दो विषय | 180 |
| एक विषय | 3,214 |

उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज की गयी हैं। एक अभ्यर्थी ने अपने चुने गए पांच में से चार विषयों में 100 पर्सेंटाइल प्राप्त किया। इसके अलावा 22 अभ्यर्थियों ने तीन विषयों में, 180 अभ्यर्थियों ने दो विषयों में और 3,214 अभ्यर्थियों ने एक विषय में 100 पर्सेंटाइल हासिल किया।

पांच विषयों के कुल एनटीए स्कोर के आधार पर तैयार शीर्ष-20 अभ्यर्थियों की सूची में आवेदन संख्या 263510269243 पहले स्थान पर रही। इस अभ्यर्थी ने 1232.19 का एग्रीगेट एनटीए स्कोर प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर आवेदन संख्या 263510280526 (1230.82) और तीसरे स्थान पर आवेदन संख्या 263510250636 (1207.21) रही।

लैंगिक श्रेणी के आधार पर जारी सूची में पुरुष

● शेष पृष्ठ 11 पर

## पाक रक्षा मंत्री का बयान घरेलू मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश : भारत

**नयी दिल्ली** : भारत ने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री की धमकी को घरेलू मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश करार दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को यहां साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में कहा कि ऐसे बयान पाकिस्तान की अपनी नाकामियों को छिपाने और मानवाधिकारों के उल्लंघन से ध्यान भटकाने की हताशा भरी कोशिश हैं। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने हाल ही में चेतावनी दी

● शेष पृष्ठ 11 पर

## आय से अधिक सम्पत्ति मामले में आबकारी अधीक्षक के ठिकानों पर एसीबी की छापेमारी, दस्तावेज जब्त

**एजेंसी**

**हैदराबाद** : भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने मंगलवार को आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने के आरोपों के सम्बन्ध में हैदराबाद और निजामाबाद में एक साथ तलाशी अभियान चलाया। यह कार्रवाई निजामाबाद के जिला आबकारी अधीक्षक के. मल्ला रेड्डी के खिलाफ प्राप्त शिकायत के आधार पर की गयी।


एसीबी सूत्रों के अनुसार, पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) शेखर गौड़ के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने हैदराबाद स्थित मल्ला रेड्डी के




आवास, निजामाबाद के प्रगति नगर स्थित उनके घर तथा सुभाष नगर स्थित आबकारी अधीक्षक कार्यालय में एक साथ छापेमारी की। तलाशी अभियान के दौरान अधिकारियों ने आबकारी विभाग के कार्यालय से कई महत्त्वपूर्ण दस्तावेज और अभिलेख जब्त किये। इसके अलावा मल्ला रेड्डी के आवासों से संपत्ति संबंधी दस्तावेज, वित्तीय रिकॉर्ड तथा अन्य मूल्यवान वस्तुओं को भी जांच के लिए अपने कब्जे में लिया है। एसीबी अधिकारियों ने जांच के तहत पूछताछ के लिए के. मल्ला रेड्डी को हिरासत में ले लिया है। साथ ही, विभिन्न स्थानों पर दस्तावेजों का सत्यापन और संपत्तियों से सम्बन्धित जानकारी जुटाने की प्रक्रिया जारी है।

प्रारम्भिक जांच में अधिकारियों का ध्यान कथित रूप से अवैध साधनों से अर्जित

● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### प्रमाणित धान बीज विक्रय केन्द्र का शुभारम्भ

**बुढ़मू :** मंगलवार को उरुगुटू और ठाकुरगांव लैम्पस में राज्य योजना अंतर्गत बिरसा बीज उत्पादन विनिमय वितरण तथा बीज उत्पादन योजना के तहत प्रमाणित धान बीज विक्रय केंद्र का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक सुरेश बैठा, विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी, बीडीओ धीरज कुमार, सीओ सच्चिदानंद वर्मा, उपप्रमुख हरदेव साहु, लैंपस प्रबंधक आबिद अली अनवर, शमीम बड़ेहार, बबलू उरांव व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री बैठा ने कहा कि लैंपस के माध्यम से किसानों को अनुदानित दर पर उन्नत किस्म का धान बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। लैंपस प्रबंधक आबिद अली अनवर ने बताया कि किसान अपने साथ आधार कार्ड, जमीन का रसीद और मोबाइल लेकर आए और यह बीज एक नंबर और दो नंबर खेत के लिए बहुत ही उपयोगी है। इसके बाद विधायक प्रखंड मुख्यालय पहुंचे और आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले 150 विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण किया।

### मोहर्रम पर्व को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**बुढ़मू :** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को ठाकुरगांव थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मांडर इंस्पेक्टर जयप्रकाश राणा ने की। बैठक को संबोधित करते हुए इंस्पेक्टर जयप्रकाश राणा ने कहा कि मोहर्रम भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का पर्व है। उन्होंने लोगों से प्रशासनिक निर्देशों का पालन करने, अफवाहों से दूर रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को देने की अपील की। थाना प्रभारी शुभम कुमार ने कहा कि मोहर्रम जुलूस निर्धारित मार्ग एवं समय के अनुसार निकाला जाए। उन्होंने बताया कि पर्व को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं तथा सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने की जरूरत है। बैठक में जुलूस मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात नियंत्रण सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। मौके पर पुअनि दिलीप कुमार, मुखिया सचिन पाहन, मुखिया जयंती देवी, मुखिया दसरथ उरांव समेत शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### गिद्दी पुलिस ने दो अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा

**गिद्दी :** समकालीन अभियान के तहत गिद्दी थाना कांड संख्या 05–26 धारा 303(2) के दो आप्राथमिकी अभियुक्तों पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार कांड के अभियुक्त दीपक रवानी उर्फ दीपक कुमार पिता श्रीराम, परसोतिया थाना और जिला रामगढ़ और सागर तिर्की पिता सनी तिर्की निवासी आराकांटा नंबर 11 कॉलोनी थाना मांडू जिला रामगढ़ को अभियान चलाकर गिरफ्तार किया गया है।

### मध्याह्न भोजन योजना की समीक्षा, स्वच्छता और बच्चों के स्वास्थ्य पर जोर

**खूंटी :** प्रखंड स्तरीय स्टेयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक मंगलवार को खूंटी की प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सहित सरस्वती वाहिनी संचालन समिति, शिक्षक प्रतिनिधि एवं विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

बैठक में झारखंड राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकरण, रांची और जिला शिक्षा अधीक्षक, खूंटी की ओर से जारी निर्देशों की समीक्षा की गई। इस दौरान प्रखंड अंतर्गत मध्याह्न भोजन संचालित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बीडीओ ने विद्यालयों में बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच, स्वच्छता बनाए रखने और व्यवस्थित तरीके से परोसने पर विशेष जोर दिया।

---

### विद्यालयों में स्वच्छता, वृक्षारोपण और किचन गार्डेन गतिविधियों का हुआ आयोजन

# बीडीओ व अंचल अधिकारियों ने गतिविधियों का लिया जायजा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** उपायुक्त ऋतुराज के निर्देश पर जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में संचालित 'प्रोजेक्ट इंपैक्ट-एनईपी पखवाड़ा' के दूसरे दिन मंगलवार को विद्यालय परिसर एवं शौचालयों की स्वच्छता, वृक्षारोपण, किचन गार्डेन के विकास तथा मध्यान्ह भोजन व्यवस्था से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों, विद्यालय प्रबंधन समितियों एवं अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। नई शिक्षा नीति-2020 के उद्देश्यों के अनुरूप विद्यार्थियों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, पोषण एवं सामुदायिक सहभागिता की भावना विकसित करने के उद्देश्य से सभी विद्यालयों में विशेष अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने विद्यालय परिसर, कक्षाओं, खेल मैदानों आदि की साफ-सफाई कर स्वच्छ एवं आकर्षक शैक्षणिक वातावरण तैयार करने में योगदान दिया। विद्यालय परिसरों में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। साथ ही विद्यालयों में विकसित किए जा रहे किचन गार्डेन का निरीक्षण कर सब्जियों एवं अन्य उपयोगी पौधों के रोपण एवं रखरखाव को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।मध्यान्ह भोजन योजना के तहत विद्यालयों में भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, भंडारण व्यवस्था तथा रसोईघर की स्थिति की भी समीक्षा की गई। वहीं उपायुक्त ऋतुराज के निर्देश पर जिले के सभी प्रखंडों में प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पखवाड़ा के तहत संचालित गतिविधियों की प्रगति का जायजा लिया तथा विद्यालय प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विद्यालयों में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं, शिक्षण व्यवस्था तथा विद्यालयी वातावरण का भी अवलोकन किया। उन्होंने शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों के अनुरूप नवाचार आधारित गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ऋतुराज ने कहा कि प्रोजेक्ट इंपैक्ट-एनईपी पखवाड़ा केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि विद्यालयों में सकारात्मक परिवर्तन लाने का एक सशक्त माध्यम है। स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, पोषण, नेतृत्व क्षमता एवं सामुदायिक सहभागिता जैसे विषय विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने सभी विद्यालयों को निर्धारित कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा आगामी दिनों में भी पखवाड़ा के अंतर्गत निर्धारित विभिन्न शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों का नियमित अनुश्रवण किया जाएगा, ताकि नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों को प्रभावी रूप से विद्यालय स्तर पर लागू किया जा सके।

---

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा भुरकुंडा मंडल ने दी श्रद्धांजलि



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** भारतीय जनता पार्टी भुरकुंडा मंडल द्वारा मंगलवार को परम श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर मंडल के विभिन्न शक्ति केंद्रों में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनके विचारों एवं राष्ट्र के प्रति योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने ₹एक निशान, एक विधान और एक प्रधान₹ के संकल्प के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनके आदर्श आज भी देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और अखंड भारत की भावना को सशक्त करने की प्रेरणा देते हैं। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके बताए मार्ग पर चलने एवं राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया। अवसर पर भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष अजय पासवान, पूर्व मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, योगेश दांगी, मंडल महामंत्री ज्योति सिंह, मंडल उपाध्यक्ष अशोक कुमार, मंडल मंत्री विजय कुमार, सुभाष दास, शशि भूषण सिंह, अजय सिंह, संजय राय, केस्टो जी, मनीष बक्शी, महेंद्र पासवान, मुकेश ठाकुर, गोपाल तिवारी, धनु सिंह, छोटू मेहता, मेघु, सिकंदर, नीरज, गुडन पासवान, मिंटू सोनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

# 'खेती बचाओ' अभियान के तहत किसानों को दिया गया प्रशिक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मांडू :** केंद्र सरकार के खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र मांडू में मंगलवार को कृषि आदान विक्रेता, प्रगतिशील किसान वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद पूर्वी अनुसंधान परिसर पटना और कृषि प्रणाली का पहाड़ी एवं पठारी अनुसंधान केंद्र' रांची के संयुक्त तत्वावधान में कृषि आदान विक्रेताओं एवं प्रगतिशील किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग, समेकित पोषक तत्व प्रबंधन (आईएनएम), मृदा स्वास्थ्य संरक्षण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में झारखंड के पांच जिलों से आए कृषि आदान विक्रेताओं, प्रगतिशील किसानों और कृषि विशेषज्ञों सहित कुल 142 प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता दर्ज की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. उज्ज्वल कुमार, अध्यक्ष, सामाजिक आर्थिक एवं प्रसार प्रभाग, आईसीएआर-आरसीईआर,पटना ने अपने उद्बोधन में कहा कि कृषि की दीर्घकालिक उत्पादकता और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मृदा संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने किसानों एवं कृषि आदान विक्रेताओं से उर्वरकों के 4आर सिद्धांत–उचित स्त्रोत,उचित मात्रा,उचित समय तथा उचित विधि को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के विवेकपूर्ण उपयोग के साथ-साथ गोबर की खाद,हरी खाद एवं जैव उर्वरकों का समावेश मृदा स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विशिष्ट अतिथि डॉ.अवनि कुमार सिंह, प्रधान वैज्ञानिक ने किसानों एवं कृषि आदान विक्रेताओं के बीच विश्वास एवं पारदर्शिता को कृषि विकास की आधारशिला बताया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण कृषि आदानों की उपलब्धता सुनिश्चित करना विक्रेताओं की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है तथा किसानों को भी वैज्ञानिक अनुशंसाओं के अनुरूप आदानों का उपयोग करना चाहिए।ञकार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. सुधांशु शेखर, वरिष्ठ वैज्ञानिक सह अध्यक्ष,कृषि विज्ञान केन्द्र मांडू रामगढ़ ने स्वागत भाषण देते हुए केन्द्र की प्रमुख उपलब्धियों एवं किसानों के लिए संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समन्वय कृषि विज्ञान केन्द्र मांडू रामगढ़ के डॉ. इन्द्रजीत तथा डॉ. धर्मजीत खेरवार, विषय वस्तु विशेषज्ञों के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने खेत बचाओ अभियान के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने और मृदा स्वास्थ्य संरक्षण हेतु वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाने का संकल्प लिया।

---

### वार्ड पार्षद मुलाकात कार्यक्रम के तहत अगले क्रम में 13 वार्ड पार्षदों से हुई मुलाकात

# रांची सिटीजन फोरम के प्रतिनिधिमंडल ने अंग वस्त्र देकर निर्वाचन पर दी बधाई



वार्ड की समस्याओं पर समाधान हेतु सौंपा ज्ञापन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रांची सिटीजन फोरम का एक प्रतिनिधिमंडल अपने अध्यक्ष दीपेश निराला की अध्यक्षता में रांची नगर निगम के सभी 53 वार्ड पार्षद मुलाकात कार्यक्रम के क्रम में वार्ड 12 के वार्ड पार्षद कुलभूषण डुंगडुंग, वार्ड 13 के वार्ड पार्षद पवन तिर्की, वार्ड 14 की वार्ड पार्षद अंजू देवी, वार्ड 24 के वार्ड पार्षद विजय कच्छप, वार्ड 26 के वार्ड पार्षद प्रदीप कुमार, वार्ड 30 की वार्ड पार्षद सोनी देवी, वार्ड 32 के वार्ड पार्षद संजय कुमार और पप्पू सिंह, वार्ड 34 के वार्ड पार्षद अजीत कच्छप, वार्ड 35 की वार्ड पार्षद रजनी लिंडा, वार्ड 44 के वार्ड पार्षद परमजीत सिंह, वार्ड 46 की वार्ड पार्षद आरती कुमारी, वार्ड 47 की वार्ड पार्षद कविता सांगा और वार्ड 48 के वार्ड पार्षद अमित मिंज से मुलाकात कर उनको उनके निर्वाचन पर अंग वस्त्र देकर बधाई देते हुए क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं ; खासकर जल जमाव और अनियमित साफ-सफाई एवं कूड़ा उठाव, टूटी फूटी एवं क्षतिग्रस्त नाली एवं खतरनाक नाले, खराब पड़े स्ट्रीट लाइट, अनियमित पेयजलापूर्ति, कानून व्यवस्था का संकट इत्यादि मुद्दों पर समाधान और सहयोग हेतु ज्ञापन सौंपा। इस प्रकार अब तक कुल 38 वार्ड पार्षदों से मुलाकात हुई। अधिकतर वार्ड पार्षदों का कहना है कि फंड नहीं होने का रोना रोकर विकास कार्यों को रोके हुए हैं और विगत 03 माह से मात्र एक बोर्ड मीटिंग हुई है, जिस पर स्पष्ट रूप से भीषण गर्मी को देखते हुए हर वार्ड पार्षद को अपने वार्ड क्षेत्र में 05 चापाकल बोरिंग करने का अनुशंसा का प्रस्ताव पास हुआ था, जिस पर भी अधिकारी ने अपनी आपत्ति प्रकट की थी और अब तक जब बरसात आ चुका है, उक्त बोरिंग कार्य प्रारम्भ नहीं कराया जा सका है। इसी प्रकार हर वार्ड में 50 नये स्ट्रीट लाइट लगाने की अनुशंसा पर बात हुई थी, जिसका भी अनुपालन नहीं किया गया है और अधिकतर वार्ड पार्षदों का कहना था कि अधिकारी उन्हें समुचित सम्मान नहीं दे रहे हैं और उनकी बातें गम्भीरता से क्रियान्वित नहीं हो रही हैं। इस क्रम में रांची सिटीजन फोरम के प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष दीपेश निराला, उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह, सचिव रेणुका तिवारी, संयुक्त सचिव संतोष मृदुला, हरीश नागपाल, सदस्य सुजीत कुमार पांडेय, कुमार अभिषेक दुबे, आशीष कुमार जायसवाल इत्यादि सम्मिलित हुए।

---

## बेड़ो में श्रद्धापूर्वक मनाया गया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय के बेड़ो बाजार टांड़ स्थित नमो कर्यालय में मंगलवार को मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह के नेतृत्व में डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस समारोह श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। यहां जनसंघ के संस्थापक डा मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर व पुष्प अर्पित किया। मौके पर बलराम सिंह ने उपस्थित कार्यकताओं को श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्श को अपनाने पर बल देते हुए कहा कि देश की एकता और अखंडता के लिए उन्होंने अपने आपको न्योछावर कर दिया। उन्होंने कहा आज जो जम्मू कश्मीर में ऐतिहासिक बदलाव हुआ है। इन्ही की देन है, उनकी सोच थी,जब कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत एक है तो वहां के नियम एवं संविधान अलग क्यों, जब जम्मू कश्मीर भी भारत का हिस्सा है तो वहां भी तिरंगा झंडा, संविधान भी पूरे भारत की तरह होना चाहिए। उसी का परिणाम है कि आज धारा 370 एवं 35ए हटाया गया। मौके पर गणेश महथा,आदित्य ताम्रकार सहित कई कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

---

## कांची नदी किनारे बालू में किशोरी की लाश दबी मिली, हत्या की आशंका



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुंडू :** दशम फॉल थाना क्षेत्र के सारजमडीह गांव स्थित कांची नदी किनारे मंगलवार सुबह बालू में दबी किशोरी का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना का खुलासा ग्रामीणों सुबह नदी किनारे से एक कुत्ते को बालू खोदते देखा। संदेह होने पर पास जाकर देखने पर बालू के बीच से शव का हिस्सा दिखाई दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल दशम फॉल थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही दशम फॉल थाना दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंची। त्पश्चात में बुंडू डीएसपी ओमप्रकाश, अंचल अधिकारी हंस हेंब्रम, बुंडू थाना प्रभारी जयदीप टोप्पो, बुंडू महिला थाना प्रभारी खुशबू कुमारी समेत पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचा। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम, तकनीकी टीम और डॉग स्क्वायड को बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए गए। पुलिस ने शव की पहचान खूंटी जिले के मारांगहादा थाना क्षेत्र के गुटीगाड़ा गांव निवासी 17 वर्षीय हिस्सी कुमारी के रूप में की है। बताया गया कि किशोरी पिछले करीब 14 वर्षों से अड़की थाना क्षेत्र के बाड़ीगाड़ा गांव में अपने मामा के घर रह रही थी और करीब एक सप्ताह से लापता थी। मृतका की मां ने शव की पहचान अपनी बेटी के रूप में की। इधर बुंडू डीएसपी ओमप्रकाश ने बताया कि शव की स्थिति से प्रतीत होता है कि किशोरी की हत्या छह से सात दिन पहले की गई है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए बुधवार को रांची, रिम्स भेजा जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

---

### सेल के मैनेजमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का 64वां स्थापना दिवस 25 जून को

## 23 से 25 जून तक 'लर्निंग एंड डेवलपमेंट कॉन्क्लेव-ज्ञान उत्सव' आयोजित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** सेल के मैनेजमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (एम.टी.आई) का 64वां स्थापना दिवस 25 जून को है। इसे मनाने के लिए एम.टी.आई में 23 जून से 25 जून 2026 तक 'लर्निंग एंड डेवलपमेंट (एल एंड डी) कॉन्क्लेव-ज्ञान उत्सव' आयोजित किया गया है। इस एल एंड डी कॉन्क्लेव-ज्ञान उत्सव' में इउऋ रलफ्ट और उइउ से लगभग 150 वक्ता, प्रतिनिधि और मेहमान शामिल होंगे। सेल की रांची स्थित इकाइयों के कार्यपालक निदेशक और मुख्य महाप्रबंधकगण , सेल के विभिन्न प्लांट/इकाइयों के ट्रेनिंग प्रमुख और एचआर - एल एंड डी अधिकारी भी इस ज्ञान उत्सव में भाग लेंगे। एम.टी.आई की स्थापना 25 जून 1962 को हुई थी। यह महारत्न कंपनी सेल का कॉर्पोरेट एल एंड डी संस्थान है। यह न केवल अधिकारियों को लीडरशिप और मैनेजमेंट स्किल विकसित करने के लिए ट्रेनिंग देता है, बल्कि फाइनेंस, स्ट्रैटेजी, मार्केटिंग और कॉन्ट्रैक्ट व कमर्शियल क्षेत्रों में भी ट्रेनिंग देता है। 'लर्निंग फ्रॉम ईच अदर' (छएड) वर्कशॉप जैसे कई टेक्नो-मैनेजरियल प्रोग्राम और वर्कशॉप आयोजित किए जाते हैं, जो प्लांट की समस्याओं के प्रभावी समाधान के साथ समाप्त होते हैं।

---

# प्रवीण राजगढ़िया को मिला सर्वश्रेष्ठ रोटरी इमेज चेयरमैन का पुरस्कार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** पटना के होटल मौर्या में बीते 21 जून को आयोजित रोटरी क्लब डिस्ट्रिक्ट 3250 के सत्र 2025-26 के अवार्ड फंक्शन में श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा के निदेशक व रोटरी क्लब के इमेज चेयरमैन प्रवीण राजगढ़िया को डिस्ट्रिक्ट 3250 झारखंड बिहार के सर्वश्रेष्ठ इमेज चेयरमैन का पुरस्कार मिला है। श्री राजगढ़िया वर्तमान में रोटरी रांची क्लब से जुड़े हैं। समारोह में रांची क्लब ने बेस्ट क्लब का भी पुरस्कार प्राप्त किया। सम्मान मिलने पर प्रवीण राजगढ़िया ने कहा है कि यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि पूरे रोटरी परिवार का हैं, जिन्होंने हर कदम पर मेरा सहयोग किया। रोटरी समाजसेवा, शिक्षा और मानवीय मूल्यों को मजबूत करने का एक सशक्त माध्यम है। इमेज चेयरमैन के रूप में मेरा प्रयास हमेशा रोटरी के कार्यों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने का रहा है। यह पुरस्कार मुझे भविष्य में और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देगा। श्री राजगढ़िया की इस उपलब्धि पर रोटरी से जुड़े लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। बधाई देने वालों में रोटरी राँची से पास्ट गवर्नर अजॉय छाबड़ा, पास्ट गवर्नर जोगेश गंभीर, असिस्टेंट गवर्नर हर्मिंदर सिंह, क्लब प्रेसिडेंट अमित अग्रवाल, प्रसिडेंट इलेक्ट ललित त्रिपाठी, क्लब फर्स्ट लेडी रश्मि अग्रवाल, क्लब सचिव भावना तनेजा, गौरव बागरॉय, जशदीप सिंह, गिरीश अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल शामिल हैं।

---

### डीपीएस स्कूल, रांची में डालसा का विधिक जागरूकता कार्यक्रम

# नशे की लत है विनाश का रास्ता : डालसा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा निर्देश पर, सदस्य सचिव झालसा कुमारी रंजना अस्थाना एवं न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में डालसा सचिव राकेश रौषन की उपस्थिति में डीपीएस स्कूल, रांची में छात्र-छात्राओं के लिए डॉन अभियान के तहत नशा मुक्ति पर एक विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा, लाईफ सेवर्स एनजीओ के प्रमुख अतुल गेरा, एनसीबी के शारिक उमर, सीआईडी के नवीन कुमार, रिजवान अंसारी, विधि के छात्र-छात्राएं, पीएलवी अमर कुमार एवं चालक राजा वर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित थे। राजेश कुमार सिन्हा ने एनडीपीएस एक्ट के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी तथा इससे संबंधित कठोर कानून के बारे में विस्तार से बतलाया। अफीम या पोस्ता के उत्पादन या कब्जे पर एनडीपीएस अधिनियम 1985 के तहत मात्रा के आधार पर 20 साल तक के कठोर कारावास एवं 2 लाख रुपए के जुमार्ने की सजा हो सकती है। बार-बार अपराध करने पर मृत्युदंड तक दिया जा सकता है। श्री सिन्हा ने नालसा टॉल फ्री नम्बर 15100 पर फोकस किया। लाईफ सेवर्स एनजीओ के अतुल गेरा ने कहा कि नशा साईलेन्ट टेररिज्म की तरह है, जो हमारे देश को खोखला कर रहा है। नशा से बचने के लिए छात्र-छात्राओं को जागरूक करना आवश्यक है। नशा के पेडलर नवयुवक एवं छात्रों को इस व्यवसाय में आसानी से उपयोग करते है, जिससे हमलोगों को सचेत रहना है और किसी भी तरह का ड्रग्स पेडलरों द्वारा दिये जा रहे लालच में न आये। एनसीबी के शारिक उमर ने कहा कि झारखंड में इस नशे की समस्या को रोकने के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की भूमिका महत्वपूर्ण है। यह कानूनों के कार्यान्वयन और हितधारकों के बीच समन्वय के लिए जिम्मेदार है।

---

### अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर रामगढ़ में बैडमिंटन और तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन

# खेल-कूद को प्रोत्साहित करने के लिए जिला प्रशासन है प्रतिबद्ध : उपायुक्त



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के सुअवसर पर खेलकूद को बढ़ावा देने एवं स्थानीय खेल प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान करने के उद्देश्य से रामगढ़ जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय बैडमिंटन एवं तैराकी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। समाहरणालय छत्तर माण्डू स्थित स्विमिंग पूल एवं बैडमिंटन कोर्ट परिसर में आयोजित इस खेल उत्सव का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि उपायुक्त ऋतुराज द्वारा रंग बिरंगे गुब्बारा आसमान में उड़ा कर किया गया।इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए बड़ी संख्या में बाल व युवा प्रतिभागी, खेल प्रेमी एवं उनके अभिभावक सम्मिलित हुए। उद्घाटन कार्यक्रम के उपरांत उपायुक्त ऋतुराज ने बैडमिंटन कोर्ट का निरीक्षण किया तथा मैच खेल रहे खिलाड़ियों के कौशल को देखा। इस दौरान उन्होंने स्वयं खेल की बारीकियों को रेखांकित करते हुए खिलाड़ियों को तकनीकी सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण खेल टिप्स साझा किए। इसके पश्चात, उपायुक्त ने स्विमिंग पूल परिसर का भ्रमण कर तैराकी प्रतियोगिता के प्रतिभागियों से संवाद किया एवं उनका उत्साहवर्धन करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया। मौके पर उपायुक्त ने कहा की खेल हमारे जीवन का एक अनिवार्य और अत्यंत महत्वपूर्ण अंग है। यह न केवल शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करता है, बल्कि युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना जैसे मानवीय मूल्यों का बीजारोपण भी करता है। जिला प्रशासन जिले के प्रत्येक प्रतिभावान खिलाड़ी को हर संभव प्रशासनिक सहयोग, संसाधन और आधुनिक खेल अवसंरचना उपलब्ध कराने हेतु पूरी तरह प्रतिबद्ध है ताकि वे राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम गौरवान्वित कर सकें। जिला खेल पदाधिकारी श्री संजीत कुमार की देखरेख में आयोजित इस प्रतियोगिता के सफल क्रियान्वयन एवं सुचारू संचालन की उपस्थित अभिभावकों एवं खेल संघों द्वारा व्यापक सराहना की गई। अवसर पर मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल,अनुमंडल पदाधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की,प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर सहित अन्य उपस्थित थे।

---

## लॉ वोल्टेज व स्टेबलाईजर में खराबी से बेड़ो में एक सप्ताह से जलापूर्ति ठप, पेयजल को लेकर हाहाकार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय में पिछले एक सप्ताह से पीने के पानी की किल्लत से लोग बेहाल हैं। पीएचईडी परिसर में नल-जल योजना के तहत बने जलमीनार में लॉ वोल्टेज और मोटर के स्टेबलाइजर के खराब हो जाने से जलापूर्ति पूरी तरह बंद है। भीषण गर्मी में पानी न मिलने से पूरे बेड़ो में हाहाकार मच गया है। विभाग के ऑपरेटर ने बताया कि पीएचईडी परिसर स्थित जलमीनार की मोटर का स्टेबलाइजर लगातार लॉ वोल्टेज के कारण जल गया। विभाग के ऑपरेटर ने बताया कि स्टेबलाइजर ठीक कराया जा रहा है और जल्द ही जलापूर्ति बहाल कर दी जाएगी। लेकिन कब तक ठीक होगा, इसको लेकर विभाग की तरफ से कोई ठोस तारीख नहीं दी गई। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि नल-जल योजना पर करोड़ों रुपए खर्च कर पाइप लाइन और मोटर सिस्टम लगाया गया, लेकिन व्यवस्था ठप पड़ी है। कभी मोटर खराब, कभी लॉ वोल्टेज, कभी बिजली गुल तो कभी पाइपलाइन फटने से आपूर्ति बाधित हो जाती है। एक ओर सरकार गर्मी को देखते हुए चौक-चौराहों पर पेयजल की व्यवस्था कर रही है, वहीं मुख्यालय के लोग खुद पानी के लिए भटक रहे हैं। मजबूरी में ग्रामीण बाजार से खरीदकर बोतल/कैन का पानी ला रहे हैं। इधर बेड़ो वासियों ने प्रखंड और जिला प्रशासन से हस्तक्षेप कर तुरंत जलापूर्ति बहाल करने की मांग की है, ताकि गर्मी में लोगों को राहत मिल सके।

## एक झलक

### अरविन्दर सिंह खुराना को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व भावेश सिंह को राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया गया




**रांची :** राष्ट्रीय हिन्दू फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी ने संगठन के विस्तार के क्रम में झारखंड के सामाजिक कार्यकर्ता अरविन्दर सिंह खुराना को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा भावेश सिंह को राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया है। इस नियुक्ति के बाद संगठन कार्यकताओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर अरविन्दर सिंह खुराना ने संगठन नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड में सामाजिक और सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी परंपराओं, संस्कृति और सामाजिक मूल्यों के संरक्षण के लिए व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। खुराना ने कहा कि संगठन नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पांडेय के नेतृत्व में पूरे प्रदेश का दौरा करेगा और लोगों को अपनी सांस्कृतिक विरासत तथा सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करेगा। उन्होंने कहा कि संगठन समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़कर राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए कार्य करेगा। इस अवसर पर खुराना ने उन्हें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी तथा डॉ इंद्रेश कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास जताया कि संगठन के सहयोग से समाजहित के कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जाएगा।

### 209वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन



**रांची :** श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 209 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। राम सिया राम सिया राम जय जय राम के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। मण्डल के निर्वतमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया एवं सदस्य अरुण खुटेटा ने बलराम मोदी से बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित करवाई एवं परिवार ने केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल प्रसाद का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। बलराम मोदी ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ का पूजन करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित भक्तजनों से करवाया गया।

### एमएसएमई क्षेत्र में ऋण 51 हजार करोड़ रुपये के पार, आरबीआई ने किया जागरूकता शिविर का आयोजन



**रांची :** एमएसएमई दिवस के अवसर पर भारतीय रिजर्व बैंक के रांची कार्यालय ने विशेष एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम में भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय कार्यालय, मुंबई की महाप्रबंधक डॉ. शैलजा सिंह ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था, रोजगार सृजन और निर्यात में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि आरबीआई के नए दिशानिर्देशों के तहत सूक्ष्म एवं लघु इकाइयों को 25 लाख रुपये तक के ऋण के लिए बैंकों को 14 कार्य दिवस के भीतर निर्णय लेना होगा। कार्यक्रम में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान झारखंड में एमएसएमई क्षेत्र को दिया गया बकाया ऋण 31 मार्च 2026 तक बढ़कर 51,020 करोड़ रुपये पहुंच गया, जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। शिविर में उद्यमिता विकास, वित्तीय जागरूकता और ऋण सुविधाओं पर विभिन्न सत्र आयोजित किए गए। इस अवसर पर नाबार्ड, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, विभिन्न बैंकों के अधिकारियों और उद्यमियों ने भी अपने अनुभव साझा किए, जबकि कई उद्यमियों ने अपने उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई।

## महिला कैदी गर्भवती प्रकरण : हाई कोर्ट में मेडिकल और न्यायिक जांच रिपोर्ट पेश

# सम्बन्धित सीलबंद रिपोर्ट अदालत में की प्रस्तुत




■ 09 जुलाई को अगली सुनवाई

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रांची स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा (होटवार जेल) में एक महिला कैदी के गर्भवती होने और उससे जुड़े कथित यौन शोषण के मामले में झारखंड उच्च न्यायालय में मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने पीड़ित महिला की मेडिकल बोर्ड रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में अदालत के समक्ष प्रस्तुत की। वहीं, उच्च न्यायालय के निर्देश पर कराई जा रही न्यायिक जांच की वर्तमान स्थिति से संबंधित स्टेटस रिपोर्ट भी अदालत में दाखिल की गई। मामले की सुनवाई झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक और राजेश शंकर की खंडपीठ ने की। सुनवाई के दौरान रांची के जुडिशियल कमिश्नर की ओर से न्यायिक जांच से संबंधित सीलबंद रिपोर्ट भी अदालत में प्रस्तुत की गई। रिपोर्ट का अवलोकन करने के बाद अदालत ने मामले की अगली सुनवाई नौ जुलाई निर्धारित की है।

पिछली सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने अदालत को अवगत कराया था कि मामले की गंभीरता को देखते हुए रांची के जुडिशियल कमिश्नर ने 19 मई 2026 को जुडिशियल मजिस्ट्रेट-11, रांची को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 196(2)(बी) के तहत न्यायिक जांच करने का निर्देश दिया था। साथ ही एक सप्ताह के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया था। सरकार ने अदालत को भरोसा दिलाया था कि रिपोर्ट प्राप्त होते ही उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। उच्च न्यायालय ने पिछली सुनवाई में राज्य सरकार से पीड़ित महिला की मेडिकल बोर्ड रिपोर्ट तथा रांची के जुडिशियल कमिश्नर से न्यायिक जांच रिपोर्ट तलब की थी। मंगलवार को दोनों रिपोर्टें अदालत के समक्ष सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत की गईं। उल्लेखनीय है कि यह मामला उस समय चर्चा में आया था जब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस मुद्दे को उठाया था और मीडिया में भी इससे संबंधित खबरें सामने आई थीं। इसके बाद झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा) ने मामले की जांच के लिए एक विशेष टीम गठित की थी। झालसा की जांच टीम ने होटवार जेल पहुंचकर मामले की पड़ताल की थी। टीम ने पीड़ित महिला, जेल में कार्यरत पैरा लीगल वालंटियर (पीएलवी) तथा जेल चिकित्सक के बयान दर्ज किए थे। जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट झालसा को सौंप दी गई थी। इसके अतिरिक्त रांची जिला प्रशासन और जेल महानिरीक्षक (आईजी) स्तर पर भी स्वतंत्र रूप से जांच कराई गई थी।

## दिशोम गुरु को पद्म भूषण से सम्मानित किया जाना झारखंड के लिए गौरव की बात : संजय सेठ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने झारखंड के युगपुरुष एवं दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन जी को मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित किए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल एक महान जननायक का नहीं, बल्कि पूरे झारखंड की अस्मिता, संघर्ष और गौरव का सम्मान है। श्री सेठ ने कहा कि दिशोम गुरु ने अपने पूरे जीवन में समाज को नशामुक्ति, शिक्षा, स्वावलंबन और कृषि से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उनका संघर्षपूर्ण जीवन अन्याय, अत्याचार और शोषण के विरुद्ध डटकर खड़े होने की प्रेरणा देता है। वे सदैव समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान और जनकल्याण के लिए समर्पित रहे।

उन्होंने कहा कि जल, जंगल, जमीन और आदिवासी अस्मिता की रक्षा के लिए दिशोम गुरु द्वारा किया गया त्याग एवं संघर्ष सदैव स्मरणीय रहेगा। उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने माननीया राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी द्वारा दिशोम गुरु को मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित किए जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह प्रत्येक झारखंडवासी के लिए गर्व और सम्मान का क्षण है। श्री सेठ ने दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके प्रति शत-शत नमन किया।

## विवादों को सुलझाने का स्थायी लोक अदालत एक माध्यम : डालसा सचिव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा निर्देश पर, सदस्य सचिव झालसा कुमारी रंजना अस्थाना एवं माननीय न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में डालसा सचिव राकेश रौशन की उपस्थिति में कान्फ्रेंश हॉल, 40 कोर्टस बिल्डिंग में स्थायी लोक अदालत के बारे में जागरूकता और पहुंच बढ़ानेवाली गतिविधियों को मजबूत करने के लिए विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डालसा सचिव राकेश रौशन, चेयरमैन पीएलए रांची, देवेन्द्र कुमार पाठक, सदस्य स्थायी लोक अदालत, सुश्री भावना एवं डॉ. रंजनी कुमारी, डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा, एलएडीसी सदस्य, पंकज कुमार, अनुप कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे। डालसा सचिव ने उपस्थिति सभी पीएलवी को स्थाई लोक अदालत के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्थायी लोक अदालत विवादों को न्यायालय में पहुंचने से पहले सुलझाने का एक मंच है। इसका मुख्य उद्देश्य जनता को बिजली, पानी और परिवहन जैसी सार्वजनिक उपयोगिता सेवाओं से जुड़े विवादों का त्वरित आधार पर समाधान प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति अदालत में जाने से पहले पब्लिक युटिलिटी सर्विसेज से संबंधित विवादों का निपटारे के लिए सीधा स्थायी लोक अदालत में आवेदन कर सकते है। यहां मामला दर्ज कराने के लिए कोई न्याय शुल्क नहीं देना पड़ता है एवं सादा पेपर पर आवेदन दिया जाता है। पीएलए चेयरमैन देवेन्द्र कुमार पाठक ने कहा कि स्थाई लोक अदालत का निर्णय अंतिम और सभी पक्षों पर बाध्यकारी होता है। इसके खिलाफ किसी नियमित अदालत में अपील नहीं की जा सकती है। स्थाई लोक अदालत के अंतर्गत उन मामलों की सुनवाई की जा सकती है जहां विवादित धनराशि एक करोड़ रुपये तक होती है।

## महिला से चेन छिनतई का प्रयास विफल, एक आरोपित को लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

**रांची :** राजधानी रांची के कांके रोड स्थित पुलिस लाइन के समीप मंगलवार को एक महिला के गले से सोने की चेन छीनने का प्रयास किया गया। हालांकि स्थानीय लोगों की तत्परता के कारण अपराधी अपने मंसूबे में सफल नहीं हो सके। घटना के दौरान एक आरोपित को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि उसका एक साथी मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, गोंदा थाना क्षेत्र स्थित पुलिस लाइन के पास एक महिला डॉक्टर के क्लीनिक की ओर जा रही थीं। इसी दौरान बाइक पर सवार दो अपराधियों ने उन्हें निशाना बनाते हुए उनके गले से सोने की चेन झपटने का प्रयास किया।

## विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के सफल संचालन को लेकर बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर्स का प्रशिक्षण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार रांची जिला में आगामी 30 जून 2026 से प्रारंभ होने वाले विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 की तैयारियों को लेकर दूसरे दिन भी सभी विधानसभा क्षेत्रों में बूथ लेवल ऑफिसर एवं BLO सुपरवाइजर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य को प्रभावी, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों (AERO) द्वारा BLO एवं BLO सुपरवाइजर्स को विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित सभी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान गणना प्रपत्र के वितरण, संग्रहण तथा अभिलेखों के उचित संधारण से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि 30 जून से 29 जुलाई 2026 तक इछड अपने-अपने मतदान क्षेत्रों में घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराएंगे। साथ ही मतदाताओं द्वारा भरे गए प्रपत्रों का संग्रहण भी सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि मतदाता सूची का अद्यतन एवं सटीक पुनरीक्षण किया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर्स को कार्य निष्पादन के समय आने वाली संभावित चुनौतियों, उनके समाधान तथा निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निदेर्शों की भी जानकारी दी गई। अधिकारियों ने गणना प्रपत्रों के नियमित संधारण एवं दैनिक प्रगति प्रतिवेदन समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री के निदेर्शानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को सफल बनाने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। जिला प्रशासन ने मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र के इछड को आवश्यक सहयोग प्रदान करें तथा समय पर गणना प्रपत्र भरकर उपलब्ध कराएं, जिससे मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य निर्धारित समय सीमा में सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा सके।

## माहेश्वरी वंशोस्पति दिवस पर माहेश्वरी समाज ने प्रभात फेरी निकाली



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** 5159वां माहेश्वरी वंशोस्पति दिवस 23 जून मंगलवार के अवसर पर प्रातः 7 बजे प्रभातफेरी शोभायात्रा माहेश्वरी भवन से निकाली गई। शोभा यात्रा रांची शहर के विभिन्न मार्गों से होकर श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में आरती के पश्चात समाप्त हुई। शोभा यात्रा लक्ष्मी नारायण मंदिर से प्रारंभ होकर कार्ट सराय रोड, गाड़ी खाना, हरमू रोड, नॉर्थ मार्केट रोड, जे जे रोड, बड़ा लाल स्ट्रीट होते हुए वापस श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर पहुंची। पूरे रास्ते मुकेश काबरा, मनोज काबरा, मनोज कल्याणी, विभोर डागा, अंकुर डागा, दिनेश काबरा, विपिन काबरा आदि भजन गायकों ने सु मधुर भजन कीर्तन एवं भगवान महेश के जयकारे के साथ पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। शोभायात्रा का स्वागत मार्ग में पड़ने वाले समाज बंधुओं के अलावा मारवाड़ी ब्राह्मण सभा, मारवाड़ी सहायक समिति, श्याम मंडल, श्याम संघ, पालकी कैटरर ने भी किया।

## कथावाचक संजीव कृष्ण ठाकुर का हुआ स्वागत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** वृंदावन निवासी श्रीमद् भागवत कथा वाचक, हम सभी धर्म प्रेमियों के सद्गुरु, धर्म प्रचारक परम पूज्य संत संजीव कृष्ण ठाकुर जी महाराज का आज पुरुलिया से रांची होते हुए दिल्ली जाने के क्रम में रांची आगमन पर स्वागत, अभिनंदन किया गया। गो माता की सेवा में समर्पित गुरु जी वृन्दाबन में गोशाला भी चला रहे है जिसमे सैकड़ो की संख्या में बिना दूध देने वाली बूढ़ी, कमजोर गो माता की सेवा की जाती है। वृंदावन में समर्पण गोशाला के नाम से बिख्यात गोशाला में गायों की निरंतर सेवा दान दाताओ के माध्यम से हो रही है। जैसा कि ज्ञात है की आज प्रातः गुरु जी का पुरुलिया से सड़क मार्ग द्वारा रांची आगमन हुआ। इस अवसर पर गौ सेवक, धर्म प्रेमी व व्यवसायी प्रमोद सारस्वत संग श्री श्याम प्रेमी किशन अग्रवाल ने गुरु जी के आगमन पर उनका अभिनंदन, स्वागत किया। इस अवसर पर प्रमोद सारस्वत ने गुरु जी को अंग वस्त्र भेंट कर अभिनंदन किया। वही किशन अग्रवाल ने बाबा खाटू के श्री श्याम का एक दुपट्टा उन्हें भेंट कर गुरु जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर आगामी वर्षों में देश विदेश सहित कई राज्यो में होने वाली कथाओं के तिथियो पर विशेष चर्चा हुई। धर्म और आध्यात्मिक से संबंधित कई विषयों पर विशेष चर्चा की गई। गुरु जी ने आज के युवाओं से आहवान किया अपनी शिक्षा को निरंतर आगे बढ़ाते हुए अपने धर्म और आध्यात्मिक के प्रति हमेशा जुड़े रहे। आने वाले समय मे झारखंड के देवघर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन बहुत जल्द होने जा रहा है। इस अवसर पर गुरु जी के मुखार विन्द से कथा अमृतवर्षा का रसपान करेंगे।

## झारखंड को मिल सकती है पहली 'अमृत भारत वर्जन 3.0' ट्रेन की सौगात



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के रेल यात्रियों के लिए जल्द ही एक बड़ी खुशखबरी सामने आ सकती है। रेलवे से प्राप्त संभावित जानकारी के अनुसार राज्य को पहली बार अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त 'अमृत भारत वर्जन 3.0' ट्रेन मिलने की संभावना है। यह ट्रेन अजमेर से रांची के बीच वाया जयपुर संचालित किए जाने की संभावना है। इसकी आधिकारिक घोषणा भारतीय रेलवे द्वारा शीघ्र किए जाने की उम्मीद है। यह जानकारी दक्षिण पूर्व पूर्व रेलवे जेडआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी ने दी। उन्होंने बताया कि उत्तर पश्चिम रेलवे को अमृत भारत वर्जन 3.0 का नया रैक प्राप्त हो चुका है तथा अजमेरझ्रजयपुरझ्ररांची रेलखंड पर यात्रियों की बढ़ती मांग और लंबी दूरी की बेहतर कनेक्टिविटी को देखते हुए इस मार्ग को प्राथमिकता मिलने की संभावना है। उन्होंने कहा कि अमृत भारत वर्जन 3.0 ट्रेन आधुनिक तकनीक और यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखकर तैयार की गई है।

## कांग्रेस भवन, रांची में संवाददाता सम्मेलन का आयोजन




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में कांग्रेस भवन, रांची में संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। संवाददाता सम्मेलन को मीडिया चेयरमैन सतीश पौल मुंजनी, प्रदेश मीडिया संयोजक लाल किशोर नाथ शाहदेव, मीडिया संयोजक डॉ तौसीफ, प्रवक्ता सोनाल शांति ने संबोधित किया।

**संवाददाता सम्मेलन के मुख्य बिन्दु**

**झारखंड** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ताओं ने देश में परीक्षाओं की बदहाली, बेरोजगारी और शिक्षा व्यवस्था के गिरते स्तर पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि साल 2014 से 2024 के बीच देश में लगभग 89 पेपर लीक के मामले सामने आए, जिसके कारण 48 बार दोबारा परीक्षाएं करानी पड़ीं। वक्ताओं ने कहा कि एक अन्य अध्ययन के अनुसार, महज 5 वर्षों में 15 राज्यों के भीतर 41 पेपर लीक हुए। इससे मात्र 1 लाख से कुछ अधिक पदों के लिए संघर्ष कर रहे करीब 1.4 करोड़ अभ्यर्थियों का भविष्य अधर में लटक गया। जबकि सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 में 3 से 10 साल की कैद और 10 लाख से 1 करोड़ रुपये तक के भारी जुमार्ने का नियम है। इसके बावजूद राजस्थान समेत कई राज्यों में पेपर लीक नहीं रुके, जो यह दशार्ता है कि सिर्फ कानून बना देने से जमीन पर बदलाव नहीं आया। वक्ताओं ने कहा कि सिर्फ चार बड़ी परीक्षाओं में हुई धांधली के कारण 1 करोड़ से ज्यादा छात्र प्रभावित हुए। नीट यूजी 2026 के लगभग 24 लाख अभ्यर्थियों का भविष्य प्रभावित हुए और अब मामला सीबीआई जांच और सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा। इसी तरह से यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती 2024 पेपर सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद परीक्षा रद्द हुई, जिससे 48 लाख छात्र प्रभावित हुए। सीटेट 2021 पेपर लीक की वजह से 28 लाख से अधिक उम्मीदवारों को झटका लगा।

## कोचिंग संस्थानों व निजी शिक्षण संस्थानों में सुरक्षा मानकों को अनिवार्य बनाने की मांग



**रांची :** लखनऊ के अलीगंज स्थित एक कोचिंग संस्थान में आग लगने से 15 छात्रों की हुई दर्दनाक मौत के बाद झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने राज्य के सभी कोचिंग संस्थानों एवं निजी शिक्षण संस्थानों में अग्नि सुरक्षा और विद्यार्थियों की सुरक्षा से संबंधित मानकों को अनिवार्य रूप से लागू करने की मांग उठाई है। इस संबंध में एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने झारखंड सरकार के माननीय शिक्षा मंत्री को ई-मेल के माध्यम से विस्तृत ज्ञापन प्रेषित किया है। अजय राय ने कहा कि लखनऊ की घटना अत्यंत पीड़ादायक और चिंताजनक है, जिसने देशभर के कोचिंग संस्थानों और शिक्षण परिसरों में सुरक्षा व्यवस्थाओं की गंभीर समीक्षा की आवश्यकता को सामने ला दिया है। उन्होंने दिवंगत छात्रों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

## एसबीयू में याद किये गये डॉ. मुखर्जी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** सरला बिरला विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में अखंड भारत की संकल्पना और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को अपने जीवन का ध्येय बनाने वाले श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में विवि के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने डॉ. मुखर्जी की जीवनी पर चर्चा करते हुए ब्रिटिश सरकार के शोषण एवं औपनिवेशिक चुनौतियों के बीच उनके दृढ़ता से खड़े रहने की चर्चा की। आजादी के बाद भी तत्कालीन नेहरू सरकार द्वारा हिंदुओं की उपेक्षा और विभाजनकारी नीतियों के विरुद्ध उनके तीव्र विरोध और कश्मीर को स्पेशल स्टेटस प्रदान करने के खिलाफ उनके प्रतिरोध और तपश्चात बलिदान देने पर उन्होंने कहा कि इस कालखंड में न तो उन्होंने पद की लालसा की और न ही अपने सिद्धांतों से पीछे हटे। कार्यक्रम में बोलते हुए कुलपति प्रो सी जगनाथन ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी से प्रेरणा लेकर आज की पीढ़ी को देश के विषय में सोचने और दृढ़ संकल्पित होने का आह्वान किया। इस संदर्भ में शिक्षाविदों और विद्यार्थियों के दरम्यान सार्थक चर्चा की जरूरत पर भी उन्होंने जोर दिया। कार्यक्रम के अवसर पर सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो श्रीधर डांडिन समेत विवि के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी भी उपस्थित रहे। विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान एवं माननीय राज्यसभा सांसद सह निदेशक प्लानिंग एंड डेवलपमेंट डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में राज्य स्तरीय पांच दिवसीय आवासीय शतरंज शिविर 'चेकमेट चैम्पियंस' का शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में राज्य स्तरीय पाँच दिवसीय आवासीय शतरंज शिविर 'चेकमेट चैम्पियंस' का भव्य शुभारम्भ किया गया। इस विशेष प्रशिक्षण शिविर में राज्यभर के उदीयमान शतरंज खिलाड़ियों, प्रतिष्ठित शिक्षाविदों तथा शतरंज जगत की विशिष्ट हस्तियों ने सहभागिता की। शतरंज के इस खेल में रणनीतिक चिंतन, अनुशासन और उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 23 जून से 27 जून तक आयोजित यह शिविर युवा प्रतिभाओं को अनुभवी मार्गदर्शकों से सीखने तथा अपनी विश्लेषणात्मक क्षमता और निर्णय लेने के कौशल को सुदृढ़ करने का एक अनूठा अवसर प्रदान कर रहा है। उद्घाटन समारोह का शुभारम्भ विशिष्ट अतिथियों के स्वागत एवं सम्मान समारोह के साथ हुआ। इसके पश्चात दीप प्रज्वलन कर ज्ञान, विवेक, उत्कृष्टता और सतत प्रगति के मार्ग पर अग्रसर रहने का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मधुर स्वागत-गान एवं भावपूर्ण सरस्वती वंदना ने समारोह में सांस्कृतिक गरिमा का समावेश करते हुए सम्पूर्ण वातावरण को प्रेरणादायी बना दिया। इस अवसर पर ग्रैंडमास्टर हिमांशु शर्मा उपस्थित रहे, जो हरियाणा के प्रथम ग्रैंडमास्टर होने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शतरंज खिलाड़ी, प्रशिक्षक एवं फिडे ट्रेनर हैं। समारोह की गरिमा बढ़ाने वाले अन्य विशिष्ट अतिथियों में अभिषेक दास, फिडे ट्रेनर एवं सहायक प्रशिक्षक, प्रोफेसर (डॉ.) गोपाल पाठक, महानिदेशक, सरला बिरला विश्वविद्यालय प्रोफेसर (डॉ.) जगनाथन चोक्कलिंगम, कुलपति, सरला बिरला विश्वविद्यालय, प्रोफेसर एस. बी. डांडिन, कुलसचिव, सरला बिरला विश्वविद्यालय, श्री मुखर्जी पी., नॉलेज रिसोर्स क्यूरेटर तथा मनीष कुमार, मानद सचिव, ऑल झारखंड चेस एसोसिएशन एवं संयुक्त सचिव, ऑल इंडिया चेस फेडरेशन शामिल थे। सभा को संबोधित करते हुए प्राचार्या मनीषा शर्मा ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का हार्दिक स्वागत किया। उन्होंने शतरंज के शैक्षिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह खेल विद्यार्थियों में एकाग्रता, धैर्य, आलोचनात्मक चिंतन तथा विवेकपूर्ण निर्णय लेने की क्षमता विकसित करता है। उन्होंने कहा कि शतरंज केवल एक खेल नहीं, बल्कि बौद्धिक विकास, व्यक्तित्व निर्माण और आजीवन सीखने का एक सशक्त माध्यम है। अपने संबोधन में प्रोफेसर (डॉ.) गोपाल पाठक ने विद्यार्थियों में रणनीतिक सोच और बौद्धिक अनुशासन विकसित करने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शतरंज एक उत्कृष्ट शैक्षणिक खेल है, जो तार्किक चिंतन, समस्या-समाधान क्षमता और चुनौतियों का सामना करने की दृढ़ता को विकसित करता है। उन्होंने प्रतिभागियों को आत्मविश्वास के साथ चुनौतियों को स्वीकार करने तथा शतरंज की बिसात पर प्रत्येक चाल को सीखने, विश्लेषण करने और आगे बढ़ने के अवसर के रूप में देखने के लिए प्रेरित किया।

## अन्तर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर रांची में रन फॉर इंटरनेशनल ओलंपिक दौड़ का सफल आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखण्ड स्पोर्ट्स सोसाइटी द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर रांची में RunFor International Olympic दौड़ का सफल आयोजन किया गया। दौड़ सुबह 7:30 बजे पुराना विधानसभा, रांची से प्रारंभ होकर धुर्वा गोलचक्कर होते हुए पुनः वापस पुराना विधानसभा पर संपन्न हुई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेलों से जोड़ना और फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ 1980 मास्को ओलंपिक हॉकी स्वर्ण पदक विजेता आदरणीय सिल्वानुस डुंगडुंग सर का डॉ. सरोजनी लकड़ा, क्ढर महोदया के कर-कमलों द्वारा मोमेंटो एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान कर किया गया। दौड़ का शुभारम्भ सिल्वनुस डूंगडूंग सर द्वारा झंडा दिखा कर किया गया। इस अवसर पर सावित्री पूर्ति, तिलोसफर एक्का, जेवियर गिद्ध, अरविन्द कुमार, राजेश कुमार, सुनील कच्छप, वी. एन. खलखो, एलेक्सियस लकड़ा, शिव रमन, सुनील कुल्लू, नमन सूरीन, सलोमी पूर्ति, शाहिना किस्पोट्टा, निकोलस खलखो, सरिता लकड़ा, पुनिता मिंज, अनीमा मिंज, प्रिया, शम्मी, मनोज टोपनो, सुमन तिर्की, जीवन डांग, जोसेफ, अरुण, वरुण कुमार, मनोरंजन प्रसाद, बीरेन्द्र लकड़ा, कमल होरो सहित अनेक गणमान्य पूर्व खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## एक झलक

### बाराटांड़ के पास सड़क से पुलिस ने बुजुर्ग का क्षत विक्षत शव किया बरामद

**बरही** : थाना पुलिस ने हजारीबाग रोड बाराटांड़ के पास एक बुजुर्ग का क्षत विक्षत शव बरामद किया। ग्रामीणों की मदद से शव को बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। शव की पहचान बाराटांड़ बरही के रहने वाले उत्तम रविदास उम्र 65 वर्ष के रूप में हुई है। बरही थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया है। घटना की सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद पता चला कि सड़क किनारे बैठे बुजुर्ग उत्तम रविदास को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। घटना रात के 12 बजकर 10 मिनट की है। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सुबह लोगों ने उनका क्षत विक्षत शव देखा और पुलिस को जानकारी दी। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से शव को पोस्टमार्टम के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव को उनके परिजनों को सौंप दिया गया।

### रवि वर्णवाल राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के बरही अनुमंडल सचिव मनोनीत

**बरही** : सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय रवि वर्णवाल को राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन का बरही अनुमंडल सचिव नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकताओं में हर्ष का माहौल है। नियुक्ति की घोषणा के बाद एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार, राष्ट्रीय महासचिव संजय सुमन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कपिल केसरी, राष्ट्रीय विधि सचिव आत्मानंद कुमार पाण्डेय, राष्ट्रीय संगठन सचिव राजकुमार यादव, राष्ट्रीय कल्याण सचिव बिपिन बिहारी पाण्डेय प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, प्रदेश संयोजक भरत यादव ने रवि वर्णवाल को बधाई दी और उनके उज्वल कार्यकाल की कामना की। प्रदेश स्तर से भी शुभकामनाओं का सिलसिला जारी रहा। प्रदेश सचिव हीरामन साहू, प्रदेश विधि अध्यक्ष डॉ. सुनील दत्त, प्रदेश विधि सचिव रामचंद्र साव, प्रदेश उपाध्यक्ष घनश्याम यादव, प्रदेश सचिव स्वास्थ्य विभाग अवध कुमार पाण्डेय, प्रदेश कोषाध्यक्ष रवि शंकर कुमार, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ब्रह्मदेव यादव, प्रदेश एडवाइजर अशोक यादव, प्रदेश कल्याण सचिव प्रदीप रजक व दिलीप गुप्ता ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं। स्थानीय स्तर पर अनुमंडल अध्यक्ष कमल शंकर पंडित, अनुमंडल महासचिव शिवकुमार पाण्डेय, प्रखंड अध्यक्ष मो. तैयब अंसारी सहित सैकड़ों सदस्यों ने रवि वर्णवाल को बधाई देते हुए कहा कि उनके अनुभव और सामाजिक सक्रियता से संगठन को बरही अनुमंडल में और मजबूती मिलेगी। नवनियुक्त अनुमंडल सचिव रवि वर्णवाल ने कहा कि वे संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाएंगे और क्षेत्र में मानवाधिकार जागरूकता, पीड़ितों को न्याय दिलाने तथा सामाजिक कल्याण के कार्यों को प्राथमिकता देंगे।

### इश्तिहार के बाद फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**विष्णुगढ़** : न्यायालय के आदेश के बावजूद एक माह की निर्धारित अवधि के भीतर आत्मसमर्पण नहीं करने वाले फरार अभियुक्त को विष्णुगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस की इस कार्रवाई को फरार अभियुक्तों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान की बड़ी सफलता माना जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान नरकी खुर्द निवासी इम्तियाज हुसैन, पिता अमानत हुसैन के रूप में हुई है। उसके विरुद्ध विष्णुगढ़ थाना में वन अधिनियम (फॉरेस्ट एक्ट) के तहत मामला दर्ज है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से वह लगातार फरार चल रहा था और न्यायालय में भी उपस्थित नहीं हो रहा था। पुलिस के अनुसार, न्यायालय के निर्देश पर अभियुक्त को विधिसम्मत तरीके से कई बार सूचना दी गई थी। ग्रामीणों को उसकी फरारी की जानकारी देने के लिए गांव में डुगडुगी पिटवाई गई थी। साथ ही उसे निर्धारित समय सीमा के भीतर न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने अथवा आत्मसमर्पण करने की चेतावनी भी दी गई थी। न्यायालय के आदेश के आलोक में विष्णुगढ़ थाना में पदस्थापित सब-इंस्पेक्टर चंदन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अभियुक्त के घर, नरकी मोड़ एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर इश्तेहार चस्पा किया था। इश्तेहार के माध्यम से स्पष्ट रूप से एक माह के भीतर न्यायालय में हाजिर होने का निर्देश दिया गया था। इसके बावजूद अभियुक्त ने न्यायालय के आदेश की अवहेलना करते हुए निर्धारित अवधि के भीतर आत्मसमर्पण नहीं किया। इसके बाद पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर मंगलवार को उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करने वालों तथा फरार अभियुक्तों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा। कानून से बचने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त एवं नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

# विद्यार्थी नशाखोरी से दूर रहें : कुलपति

- विभावि में शुरू हुआ नशा निषेध अभियान का अगला चरण
- विनोदिनी पार्क में सैकड़ों विद्यार्थियों ने मिल कर बनायी मानव शृंखला
- अधिकारी, शिक्षक और विद्यार्थियों ने एक साथ किया शपथ का पाठ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**हजारीबाग** : विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग में मंगलवार को दवा के दुरुपयोग तथा नशा निषेध जागरूकता अभियान के अगले चक्र का उद्घाटन किया गया। ज्ञात हो कि दूसरे चक्र के इस अभियान को पूरे एक वर्ष तक संचालित करना है। विश्वविद्यालय मुख्यालय के विनोदिनी पार्क में अभियान का उद्घाटन करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा ने बड़ी संख्या में उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, ₹नशा से दूर रहने का निर्णय आपको ही लेना है। आप तय करें कि अपने जीवन को नष्ट नहीं होने देंगे। यदि आप ने सही निर्णय लिया, आप अवश्य सफल होंगे। यह कहते हुए कि आप विद्यार्थियों की सफलता में हम सब की सफलता निहित है, उन्होंने सबसे पूछा 'क्या आप नहीं चाहते कि हम भी सफल कहलाए?' इस पर विद्यार्थियों ने एक स्वर में कहा 'जी सर'। कुलपति ने विद्यार्थियों से आगे कहा कि आप स्वस्थ रहे, सक्रिय बने रहे और अभी के जैसा भविष्य में भी मादक पदार्थ से अपने को दूर रखें। इस संबंध में उन्होंने विद्यार्थियों को अपने परिवार, समाज और राष्ट्र को नशा मुक्त रखने के प्रति दायित्व से भी परिचित कराया।

विद्यार्थियों की ओर हाथ करके उन्होंने कहा, यह विश्वविद्यालय आप सबका है। आप लक्ष्य निर्धारित कीजिए। तय करें कि आपकी जरूरतें क्या है। हम सब मिलकर उसे अवश्य पूरा करेंगे। उन्होंने शिक्षकों की ओर इशारा करके बताया कि यह सारे शिक्षक बड़ी जिम्मेदारी से विद्यार्थियों को गढ़ने में अपना पूरा जीवन समर्पित कर रहे हैं। इससे पूर्व विनोदिनी पार्क पहुंचने पर नशा-निषेध अभियान के नोडल विभाग के अध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने कुलपति का स्वागत पुष्प गुच्छ अर्पित कर किया। कुलपति ने मंच से पूरे विनोदिनी पार्क में फैले हुए विभिन्न विभाग के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित मानव श्रृंखला का अवलोकन किया।

झारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए साहित्य पर आधारित तीन अलग-अलग फ्लेक्स बोर्ड का मौके पर कुलपति ने लोकार्पण किया। इसमें युवाओं के लिए महत्वपूर्ण संदेशों को अर्थपूर्ण चित्रों के माध्यम से दर्शाया गया है।


अंत में राजनीति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ अशोक राम ने सभी को नशा-निषेध से संबंधित शपथ पाठ कराया। दिन के 12:00 बजे के लगभग खुले आसमान के नीचे चिलचिलाती धूप में लगभग हजारों की संख्या में विद्यार्थी, शोधार्थी और शिक्षक पूरे उत्साह के साथ अभियान को सफल बनाने के लिए एकजुट दिखे।

## डीएवी चैनपुर को भुईयाडीह में स्थानांतरण को लेकर ग्रामीणों ने किया धरना प्रदर्शन

**चरही/हजारीबाग** : डीएवी पब्लिक स्कूल चैनपुर को भुईयाडीह में स्थानांतरण किये जाने को लेकर अविभावक व ग्रामीणों ने मंगलवार को विद्यालय के समीप धरना प्रदर्शन किया. धरना प्रदर्शन में मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो भी शामिल हुए। धरना प्रदर्षन में शामिल ग्रामीणों का आरोप है कि टाटा स्टील वेस्ट बोकारो प्रबंधन विद्यालय प्रबंधन के साथ मिलकर स्कूल को बंद करने की साजिश कर रही है। प्रबंधन स्कूल को बंद कर यहां के बच्चों को डीएवी पब्लिक स्कूल भुइयांडीह में भेजना चाहती है। ग्रामीणों का कहना है कि भुंइयाडीह स्कूल यहां से काफी दूर है, जिसके कारण बच्चों को स्कूल पहुंचाने में अभिभावकों को काफी परेशानी होगी। इस दौरान विधायक ने इस मामले को लेकर भुइयांडीह के प्राचार्य से दूरभाष माध्यम से बातचीत की। लेकिन सकारात्मक बात नहीं होने पर ग्रामीण उग्र हो गये और ग्रामीणों ने टाटा टिस्को साइडिंग को करीब 4 घंटे के लिए ठप कर दिया. साथ ही वेस्ट बोकारो डिवीजन के अधिकारियों व मजदूरों के वाहनों को भी घंटो रोक के रखा. बाद में मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो की उपस्थिति में वेस्ट बोकारो डिविजन के प्रबंधक व ग्रामीणों के बीच घाटोटांड़ में वार्ता की गई। प्रबंधक ने मौखिक आश्वासन दिया कि जैसे ही बच्चे टाटा डीएवी, चैनपुर में वापस आना शुरू करेंगे। सभी शिक्षकों की सेवाएं पुनः बहाल कर दी जाएंगी। सकारात्मक वार्ता के बाद साइडिंग सुचारू से चालू हुआ। मौके पर मांडू मुखिया संघ अध्यक्ष संजय प्रसाद, द्वारिका महतो, राधेश्याम महतो, श्रवण सुंडी, अजय महतो, पप्पू साव, मुकेश महतो, आशीष साव, छोटन साव, दिनेश महतो, अजय साव, आशिक मिर्जा, ताज मालिक, खुर्शीद खान, सुरेंद्र साव,संजय प्रजापति, सुरेन्द्र कुमार, अब्दुल रब, मनी सिंह, जाफर मिर्जा, शाहबुद्दीन अंसारी, प्रकाश राणा, छोटे लाल साव, तारकेश्वर बंटी जगदीप परमानंद आदि लोग शामिल थे।

### डैम निरीक्षण के बाद एक्शन में नगर निगम

## जलापूर्ति व सफाई व्यवस्था सुधारने की कवायद तेज



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**हजारीबाग** : शहर में बेहतर जलापूर्ति और स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर नगर निगम ने पहल तेज कर दी है। छड़वा डैम के निरीक्षण के बाद हजारीबाग महापौर अरविन्द कुमार राणा और नगर निगम आयुक्त ने मंगलवार को शहर की सफाई व्यवस्था, कचरा उठाव और जलापूर्ति से संबंधित विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए व्यवस्था में सुधार लाने पर जोर दिया गया।नगर निगम आयुक्त ने कहा कि शहरवासियों को नियमित एवं निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। इसके लिए जलापूर्ति तंत्र की लगातार निगरानी की जा रही है। डैम के गेटों की मरम्मत और अन्य तकनीकी समस्याओं के समाधान की दिशा में भी कार्रवाई की जा रही है ताकि जल संरक्षण को बढ़ावा मिल सके। छडवा डैम निरीक्षण के दौरान महापौर अरविन्द कुमार राणा और नगर आयुक्त सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। कचरा संग्रहण और उसके निष्पादन की प्रक्रिया को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिये गये। अधिकारियों से कहा गया कि शहर के सभी वार्डों में नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए तथा कहीं भी कचरे का जमाव नहीं होने दिया जाये। नगर निगम की ओर से बताया गया कि अमृत योजना के तहत संचालित जलापूर्ति परियोजनाओं की भी समीक्षा की जा रही है। उद्देश्य यह है कि शहर के प्रत्येक घर तक पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल पहुंच सके। निगम प्रशासन का कहना है कि आने वाले दिनों में जलापूर्ति और स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए लगातार निरीक्षण एवं निगरानी अभियान जारी रहेगा।

### पुलिस ने फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नरकी के पिपरा निवासी वंशी सोरेन पिता शिकारी मांझी को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में हजारीबाग भेज दिया है। पिछले दिनों पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध एक अभियान चलाकर अवैध शराब बनाने वाले जावा एवं शराब के भट्ठियों को नष्ट कर दिया था। साथ ही करवाई करते हुए विष्णुगढ़ थाना कांड संख्या 18/26 के तहत मामला दर्ज किया गया था। विष्णुगढ़ पुलिस द्वारा 31.1.26 से वारंट जारी किया गया था। तब से लेकर वंशी सोरेन वारंट का अवेहलना कर फरार चल रहा था। पुलिस ने उपस्थित होने पर कई बार जानकारी दी फिर भी आत्मसमर्पण नहीं किया। इसके आलोक में विष्णुगढ़ थाना में पदस्थापित सब-इंस्पेक्टर चंदन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा फरार चल रहे वारंटी को घर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### श्री श्याम टाबरिया हुआ रजिस्टर्ड, दिसम्बर में होगा ऐतिहासिक श्याम कीर्तन का आयोजन

## श्याम भक्ति, सेवा और सामाजिक कार्यों को नयी दिशा देने का कार्य करेगी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**हजारीबाग** : श्री श्याम बाबा की भक्ति और आस्था को समर्पित श्री श्याम टाबरिया का अब विधिवत रूप से रजिस्ट्रेशन हो गया है। इस अवसर पर संस्था से जुड़े सदस्यों और श्याम प्रेमियों में खुशी का माहौल है। इस उपलब्धि पर त्रिलोक मुनका ने कहा कि श्री श्याम टाबरिया का रजिस्टर्ड होना हम सभी के लिए गर्व की बात है। यह संस्था आने वाले समय में श्याम भक्ति, सेवा और सामाजिक कार्यों को नई दिशा देने का कार्य करेगी। उन्होंने बताया कि आगामी दिसंबर माह में भव्य एवं ऐतिहासिक श्याम कीर्तन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राष्ट्रीय स्तर के प्रसिद्ध भजन गायक अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जल्द शुरू की जाएंगी।श्याम प्रेमियों का मानना है कि इस आयोजन से क्षेत्र में भक्ति का वातावरण और अधिक मजबूत होगा तथा बाबा श्याम के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जायेगा। वही श्री श्याम टाबरीया के सदस्यों ने बताया कि 25 जून को निर्जला एकादशी के अवसर पर श्री रानी सती दादी मंदिर के समीप शर्बत का वितरण किया जायेगा।

## इचाक व्यापार मंडल में धान बीज विक्रय केन्द्र का किया उद्घाटन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**इचाक** : प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित व्यापार मंडल में धान बीज विक्रय केंद्र का उद्घाटन कांग्रेस नेता दिगंबर कुमार मेहता, 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम , बिइओ बिनोद कुमार रवि, मुखिया नन्द किशोर मेहता ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया। 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने धान का बीज समय पर किसानों को दिया है। किसानों 50 प्रतिशत अनुदानित दर पर मिलेगा। व्यापार मंडल अध्यक्ष जागेश्वर मेहता ने बताया की पैक्स में डी आर आर एच 2 एवम डी आर आर एच 3 ऐआरज 8433 डीटी समेत अन्य किस्म के हाइब्रिड बीज उपलब्ध है। धान बीज लेने वाले किसानों को पहले ब्लॉक चैन सिस्टम से जुड़ना होगा। इसके लिए किसानों को मोबाइल, आधार कार्ड एवम जमीन का रसीद लाना होगा और जो किसान पहले से निबंधित हैं उन्हें धान बीज करने के समय अपना मोबाइल साथ में लाना होगा ओटीपी मैसेज जाने के बाद ही बीज मिलेगा। मौके पर दिगंबर मेहता, राजबल्भ मेहता, अलोंजा पैक्स अध्यक्ष कंचन प्रसाद मेहता, जमुना प्रसाद मेहता, वीरेंद्र मेहता, रमेश रंजन, राजेश कुमार, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अजय गोप, तुलसी मेहता, सतेन्द्र पाण्डे, सुरेश मेहता, नागेश्वर मेहता के अलावा कई किसान मौजूद थे।

## भरत तिवारी एनकाउंटर की जांच किसी रिटायर्ड जज या सीबीआई से करायी जाये : झारखंड प्रदेश अध्यक्ष



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**विष्णुगढ़** : भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव में हुए भारत भूषण तिवारी के कथित एनकाउंटर पर बिहार सरकार पूरे घटनाक्रम को निष्पक्ष और पारदर्शी जांच करायें कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासमिति झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक बिहार सरकार से मांग की है कि भरत तिवारी मुठभेड़ मामले में सामने आया वीडियो निश्चित रूप से संदेश पैदा करता है कि राज्य सरकार ने चार पुलिस कर्मियों को तुरंत निलंबित कर दिया है लेकिन यह पर्याप्त नहीं है इस मामले की समयबद्ध जांच एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा की जानी चाहिए और दोषियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जानी चाहिए। जब सरकार कहती है कि किसी भी अपराधी को बक्सा नहीं जाएगा तो यह सिर्फ अपराधियों के लिए नहीं है अगर कोई पुलिसकर्मी कोई अपराध करता तो उसे भी नहीं बक्शा जाना चाहिए, उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जानी चाहिए भोजपुर पुलिस 16 जून को एक बयान जारी कर करती है कि भरत तिवारी मानसिक रूप से अस्वस्थ है, उन्हें तत्काल उचित इलाज के लिए मानसिक आरोग्य साला भेजने की आवश्यक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वहीं दूसरे दिन भरत तिवारी का एनकाउंटर हो जाता हैं, सवाल उठता है कि अगर भरत तिवारी दोषी था तो कोर्ट उसे सजा देती, लेकिन पुलिस वाले गोली कैसे मार सकते हैं ? इस तरह का घटना हमारे लोकतंत्र के लिए कलंक है हम सभी सर्व समाज एक बार पुणः राज्य सरकार से मांग करते हैं कि भरत तिवारी को शहीद का दर्जा दिया जाए, भरत तिवारी के परिवार को सरकार एक करोड़ रूपया दे,भरत तिवारी के परिवार को आजीविका चलाने के लिए उनके एक परिवार को सरकारी नौकरी दें ,आरोपी पुलिस वाले को सस्पेंड नहीं बर्खास्त किया जाए साथ ही साथ आरोपी पुलिस वालों पर हत्या का मुकदमा दर्ज हो अगर हमारी बातें नहीं मानी गई तो हम पूरे देश के ब्राह्मण समाज इस अन्याय के खिलाफ जोरदार आंदोलन करने पर बाध्य होना पड़ेगा।

### छड़वा मोहर्रम मैदान की बड़ी समस्या का होगा समाधान

## डीसी के निर्देश पर हटेंगे 11 हजार और 33 हजार वोल्ट के बिजली तार



**हजारीबाग** : आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को उपायुक्त हजारीबाग के कार्यालय में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में छड़वा मोहर्रम कमेटी एवं सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और मुहर्रम जुलूस तथा मैदान से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।बैठक के दौरान छड़वा मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष नौशाद खान उर्फ डिस्को खान ने वर्षों से चली आ रही छड़वा मोहर्रम मैदान की गंभीर समस्या को उपायुक्त के समक्ष रखा। उन्होंने बताया कि मैदान के ऊपर से गुजर रहे 11 हजार एवं 33 हजार वोल्ट के हाईटेंशन बिजली तार लाखों श्रद्धालुओं और अखाड़ा प्रतिभागियों की सुरक्षा के लिए खतरा बने हुए हैं। हर वर्ष इस मैदान में भारी संख्या में लोग एकत्रित होते हैं, ऐसे में किसी भी अप्रिय घटना की आशंका बनी रहती है। अध्यक्ष नौशाद खान के सुझावों को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त हजारीबाग ने तत्काल संज्ञान लिया और बिजली विभाग के वरीय अधिकारियों एवं अभियंताओं को आवश्यक कार्रवाई करते हुए बिजली के तार एवं पोल को हटाने का निर्देश दिया। वहीं, छड़वा मोहर्रम कमेटी के उपाध्यक्ष मोहम्मद बाबर अंसारी ने सभी मोहर्रम कमेटियों की ओर से उपायुक्त हजारीबाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा जनहित और सुरक्षा को प्राथमिकता देना सराहनीय कदम है। इस अवसर पर अध्यक्ष नौशाद खान उर्फ डिस्को खान ने एक संदेश जारी करते हुए कहा, मुहर्रम आपसी भाईचारे, शांति और इंसानियत का प्रतीक है। हम सभी से अपील करते हैं कि पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं, प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी प्रकार की अफवाह या गलत सूचना से बचें। हमारी एकता और आपसी प्रेम ही हजारीबाग की पहचान है।

## समाज की एकजुटता व सक्रिय भागीदारी से संगठन और अधिक सशक्त व प्रभावी बनेगा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**हजारीबाग** : मेहता विकास मंच, हजारीबाग एक पंजीकृत सामाजिक संस्था है, जिसका निबंधन संख्या 838/2010-11 है। संस्था का कार्यालय मेहता भवन, जुलू पार्क, हजारीबाग में स्थित है। यह मंच हजारीबाग नगरपालिका क्षेत्र में निवासरत मेहता समाज के सामाजिक, शैक्षणिक एवं सामुदायिक विकास के उद्देश्य से गठित किया गया है। मंच के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी समिति का चुनाव 11 नवंबर 2025 को हीरा बाग चौक हजारीबाग में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। चुनाव में सर्वसम्मति एवं बहुमत से नागेश्वर प्रसाद मेहता को अध्यक्ष तथा बिन्देश्वरी प्रसाद मेहता को सचिव निर्वाचित किया गया। इसके उपरांत 18 जनवरी 2026 को उच्च विद्यालय सिझुआ के प्रांगण में एक विशाल महासम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के 2000 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इस महासम्मेलन का नेतृत्व बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, समाजसेवी बटेश्वर प्रसाद मेहता एवं अन्य गणमान्य समाजसेवियों ने किया। महासम्मेलन में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मेहता विकास मंच का विस्तार गांव-गांव तक किया जाएगा तथा प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर संगठनात्मक समितियों का गठन किया जायेगा। इसी उद्देश्य से पूरे जिले में सदस्यता अभियान भी सक्रिय रूप से चलाया जा रहा है। मंच की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया कि कुछ अपदस्थ सदस्य, जिनमें कुमार केशव, सरोज कुमार मेहता, लखन कुमार मेहता एवं निर्मल प्रसाद मेहता शामिल हैं, जो समाज में भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। मंच का आरोप है कि ये लोग संस्था की छवि धूमिल करने के साथ-साथ मेहता विकास मंच के भवन पर अवैध कब्जे की साजिश रच रहे हैं।

### एनटीपीसी के वरीय प्रबंधक ने नन्ही बच्ची के साथ लगाया पौधा, हरियाली का दिया संदेश

**बड़कागांव** : पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनटीपीसी के सीनियर मैनेजर कमला राम रजक ने एक नन्ही बच्ची और बड़ी संख्या में उपस्थित महिला-पुरुषों के साथ मिलकर पौधा लगाया। इस दौरान ग्रामीणों को फलदार पौधों का वितरण भी किया गया। श्री रजक ने कहा कि मां के नाम एक पेड़ लगाना धरती मां के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। यह अभियान सिर्फ पौधे लगाने का नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ हवा और हरा-भरा पर्यावरण देने का संकल्प है। कार्यक्रम में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने उत्साह से भाग लिया। एक नन्ही बच्ची के हाथों पौधा लगाकर यह संदेश दिया गया कि पर्यावरण बचाने की शुरूआत घर से ही होती है।


### जर्जर घर में कट रही विधवा मां व दो दिव्यांग बेटियों की जिन्दगी

## मदद की आस में प्रशासन की ओर टिकीं निगाहें




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**दारू (हजारीबाग)** : दारू प्रखंड के बक्शीडीह गांव निवासी बीना देवी, पति स्वर्गीय कोल्हा राम, अपनी दो दिव्यांग बेटियों के साथ अत्यंत दयनीय परिस्थितियों में जीवन यापन कर रही हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति इतनी कमजोर है कि उन्हें लोगों के घरों में बर्तन साफ कर किसी तरह परिवार का भरण-पोषण करना पड़ रहा है। बीना देवी की बड़ी बेटी गुंजा कुमारी (14 वर्ष) जन्म से मूक है, जबकि छोटी बेटी रचना कुमारी (7 वर्ष) शारीरिक रूप से दिव्यांग है। परिवार जिस घर में रह रहा है, वह पूरी तरह जर्जर हो चुका है। मकान की छत कई जगह से टूट चुकी है और कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। घर में चारपाई या अन्य आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं, जिसके कारण मां और दोनों बेटियां जमीन पर सोने को मजबूर हैं। बीना देवी ने बताया कि उनका विधवा पेंशन पिछले एक वर्ष से बंद है। वहीं, दोनों दिव्यांग बेटियों को भी दिव्यांग पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है। परिवार के पास राशन कार्ड नहीं होने से सरकारी खाद्यान्न योजना का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने प्रशासन से सहायता की गुहार लगाई है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह परिवार लंबे समय से अभाव और उपेक्षा का सामना कर रहा है तथा इन्हें तत्काल सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जानी चाहिए। मामले की जानकारी मिलने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) हारून रशीद ने इसे गंभीर बताते हुए पंचायत सचिव महेंद्र यादव और मुखिया सुनील कुमार को परिवार की स्थिति का आकलन करने का निर्देश दिया। निर्देश के बाद दोनों प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और परिवार की समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने आश्वासन दिया कि पात्रता के अनुसार सभी सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया जायेगा।

# आपसी एकता व सामाजिक सद्भाव के साथ मुहर्रम मनायें : उपायुक्त




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**हजारीबाग** : मुहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित आयोजन को लेकर उपायुक्त हेमन्त सती की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति एवं विधि-व्यवस्था की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमन कुमार भी शामिल रहे। बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि आपसी एकता, भाईचारे एवं सामाजिक सद्भाव के साथ मुहर्रम पर्व मनानी है। उन्होंने सभी समुदायों से प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए अनुशासन एवं आत्मसंयम के साथ मुहर्रम पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है तथा आमजन जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। उपायुक्त ने छड़वा डैम में लगने वाले मेले सहित अन्य संवेदनशील स्थलों पर विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक तैयारियां करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी दंडाधिकारियों एवं संबंधित पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्ति अवधि में पूर्ण सतर्कता बरतने तथा जिला नियंत्रण कक्ष से सतत संपर्क बनाए रखने को कहा। उपायुक्त ने सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल गठित करने का निर्देश देते हुए कहा कि आपत्तिजनक पोस्ट, वीडियो, शॉर्ट्स एवं फोटो पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। साथ ही प्री-रिकॉर्डेड भड़काऊ गीतों एवं डीजे के प्रयोग पर प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि धार्मिक विद्वेष फैलाने अथवा सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाली सामग्री प्रसारित करने वालों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता एवं सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की सुसंगत धाराओं के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने सभी से सोशल मीडिया पर भ्रामक, आपत्तिजनक एवं भड़काऊ सामग्री पोस्ट या साझा नहीं करने की अपील की। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया की निगरानी के लिए साइबर थाना को सक्रिय कर दिया गया है। निर्धारित मार्ग एवं समय पर जुलूस निकालने, आपसी सौहार्द बनाए रखने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को देने का आग्रह किया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को अंचल अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर भौतिक सत्यापन करने, पीसीआर वाहनों में आवश्यक उपकरण उपलब्ध रखने तथा किसी भी परिस्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध बीएनएस की धारा 107 एवं 126 के तहत कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## सोशल मीडिया पर भ्रामक सामग्री साझा करने से बचें : पुलिस निरीक्षक



**कटकमसांडी (हजारीबाग)** : आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने को लेकर कटकमसांडी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने की। इस दौरान पुलिस निरीक्षक सह पेलावल अंचल प्रभारी सपन कुमार महथा, कटकमसांडी अंचलाधिकारी अनिल कुमार गुप्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी पूजा कुमारी, विभिन्न अखाड़ा समिति के लाइसेंसधारी सदस्य, पंचायतों के मुखिया एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। बैठक में मुहर्रम पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था, आपसी भाईचारा, जुलूस के निर्धारित मार्ग, समय-सीमा, सुरक्षा व्यवस्था एवं सामाजिक सौहार्द बनाये रखने से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। सभी अखाड़ा समितियों एवं जनप्रतिनिधियों से प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई। पुलिस निरीक्षक सपन कुमार महथा ने कहा कि मुहर्रम आपसी एकता और अनुशासन का प्रतीक है। सभी लोग प्रशासन का सहयोग करें। सोशल मीडिया पर भ्रामक अथवा आपत्तिजनक सामग्री साझा करने से बचें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। अंचलाधिकारी अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि पर्व के दौरान आपसी सद्भाव एवं भाईचारा बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रशासन की प्राथमिकता है कि हर नागरिक सुरक्षित वातावरण में त्योहार का आनंद ले सके। उन्होंने सभी से शांति और सौहार्द की परंपरा को बनाए रखने की अपील की। प्रखंड विकास पदाधिकारी पूजा कुमारी ने कहा कि कटकमसांडी की पहचान आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता से रही है। सभी समुदायों के लोग मिल-जुलकर पर्व मनाएं तथा सामाजिक एकता का संदेश दें। थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने कहा कि मुहर्रम पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं प्रतिबद्ध है। सभी अखाड़ा समितियां निर्धारित नियमों एवं प्रशासनिक निर्देशों का पालन करें। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

## एक झलक

### पैरा मेडिकल व अन्य कर्मियों की नियुक्ति सूची होगी सार्वजनिक, 02 जुलाई तक मांगी गयीं आपत्तियां

**धनबाद** : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत संविदा के आधार पर पैरा मेडिकल एवं अन्य कर्मियों की नियुक्ति प्रक्रिया में जिला स्वास्थ्य समिति ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। नियुक्ति के लिए योग्य एवं शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों की सूची जिला प्रशासन की वेबसाइट तथा सिविल सर्जन कार्यालय के सूचना पट्ट पर प्रकाशित की जा रही है। इस संबंध में अभ्यर्थियों से 2 जुलाई तक आपत्तियां आमंत्रित की गई हैं। सिविल सर्जन डॉ. आलोक विश्वकर्मा ने बताया कि प्राप्त सभी आवेदनों की कंप्यूटर प्रविष्टि के बाद गठित समिति द्वारा स्क्रूटनी की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इसके बाद योग्य अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर सार्वजनिक की जा रही है, ताकि चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने कहा कि यदि किसी अभ्यर्थी को प्रकाशित सूची पर कोई आपत्ति है, तो वह आवश्यक प्रमाण-पत्रों एवं प्रतिवेदन के साथ 2 जुलाई 2026 की शाम पांच बजे तक सिविल सर्जन कार्यालय में आवेदन जमा कर सकता है। निर्धारित समय सीमा के बाद प्राप्त किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। सिविल सर्जन ने विशेष रूप से एएनएम एवं स्टाफ नर्स (एसएन) पद के अभ्यर्थियों को निर्देश दिया है कि यदि उन्होंने नर्सिंग प्रशिक्षण के दोनों वर्ष तथा एसएन के लिए तीन वर्ष के सभी प्रमाण-पत्र जमा नहीं किए हैं, तो उनकी प्रतियां अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। इससे नियुक्ति प्रक्रिया को अंतिम रूप देने में सुविधा होगी।

### 42वें स्थापना दिवस पर मारवाड़ी युवा मंच झरिया शाखा लगायेगा विशाल रक्तदान शिविर

**झरिया (धनबाद)**: सामाजिक सेवा और मानव कल्याण के क्षेत्र में सक्रिय मारवाड़ी युवा मंच झरिया शाखा अपने 42वें स्थापना दिवस के अवसर पर 28 जून को विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन करेगी। शिविर का आयोजन सुबह नौ बजे से डीलक्स हॉल स्थित श्री अग्रवाल धर्मशाला में किया जायेगा। शाखा की ओर से अधिक से अधिक रक्त संग्रह करने तथा लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करने का लक्ष्य रखा गया है। शाखा अध्यक्ष किरण शर्मा ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है और प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। शाखा सचिव सन्नी अग्रवाल ने युवाओं और नागरिकों से शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि एक यूनिट रक्त कई जरूरतमंदों के लिए जीवनदायिनी साबित हो सकता है। कोषाध्यक्ष नेहा मित्तल ने बताया कि रक्तदाताओं की सुविधा और स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी। वहीं शिविर संयोजक दिनेश शर्मा ने कहा कि स्थापना दिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए यह आयोजन समाज के प्रति मंच की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मारवाड़ी युवा मंच झरिया शाखा वर्षों से शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और सामाजिक उत्थान से जुड़े कार्यक्रमों का संचालन करती रही है। मंच ने सभी सामाजिक संगठनों, व्यवसायियों, युवाओं और आम नागरिकों से शिविर में पहुंचकर रक्तदान करने की अपील की है। मौके पर अध्यक्ष किरण शर्मा, सचिव सन्नी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नेहा मित्तल एवं शिविर संयोजक दिनेश शर्मा थे।

### गोपाल यादव बने संयुक्त मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष, धनबाद में हुआ भव्य अभिनंदन



**धनबाद** : अखिल भारतीय अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग संयुक्त मोर्चा झारखंड इकाई के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष गोपाल यादव का मंगलवार को एलसी रोड स्थित एक होटल के सभागार में भव्य अभिनंदन किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में मोर्चा के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए। इस दौरान गोपाल यादव ने संगठन को पूरे झारखंड में मजबूत करने तथा एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को एकजुट करने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि समाज के शोषण के खिलाफ मोर्चा मजबूती से आवाज उठाएगा। बस्ताकोला निवासी उमेश यादव हत्याकांड में न्याय दिलाने और मुआवजा दिलाने की दिशा में संगठन की भूमिका का भी उल्लेख किया। साथ ही शिक्षा व्यवस्था में आरक्षण के बावजूद कथित अनियमितताओं और युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के मुद्दे को प्राथमिकता देने की बात कही। समारोह में मोर्चा के चेयरमैन डॉ. ओम सुधा, राष्ट्रीय सचिव महेश यादव, प्रदेश महासचिव छोटन प्रसाद राम, जिलाध्यक्ष अशोक वंदवंशी, प्रदेश सचिव जय प्रकाश यादव, प्रदेश प्रवक्ता मुमताज कुरैशी, प्रो. बीपन राय, गणपत महतो, पारस यादव, अधिवक्ता राकेश यादव, अधिवक्ता विरेंद्र रजक, डॉ. दिलीप कुमार, कामता प्रसाद, ललिता देवी एवं रजनी देवी सहित अनेक पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया।

## उपायुक्त ने किया सर्किट हाउस का औचक निरीक्षण, सुविधाओं में सुधार के दिये निर्देश

# बुनियादी सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने मंगलवार को धनबाद सर्किट हाउस का औचक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर की साफ-सफाई, अतिथि कक्षों, पेयजल, विद्युत व्यवस्था तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान अधिकारियों को सर्किट हाउस के कायाकल्प के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि सर्किट हाउस जिले में आने वाले विशिष्ट अतिथियों एवं अधिकारियों के ठहरने का महत्वपूर्ण केंद्र है, इसलिए यहां की सभी सुविधाएं बेहतर और व्यवस्थित होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित विभागों को मरम्मत, रखरखाव और सौंदर्यीकरण के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही परिसर में स्वच्छता और नियमित निगरानी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने तथा आगंतुकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त के इस औचक निरीक्षण से संबंधित विभागों में सक्रियता बढ़ी है।

## जनता दरबार में पहुंची समस्याओं की फेहरिस्त कई मामलों का मौके पर ही हुआ समाधान

**धनबाद** : समाहरणालय धनबाद स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे दर्जनों फरियादियों की समस्याओं पर त्वरित सुनवाई की गई। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर लोगों को राहत पहुंचाई गई, जबकि शेष मामलों के समाधान के लिए संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया गया। जनता दरबार में भूमि विवाद, राशन कार्ड में नाम जोड़ने व संशोधन, वृद्धावस्था एवं विधवा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास, छात्रावास में नामांकन, दाखिल-खारिज रद्द करने, गैर आबाद तालाब की जमाबंदी समाप्त करने, मुआवजा, बैंक एवं वित्तीय मामलों, सड़क-नाली निर्माण, धोखाधड़ी, प्रताड़ना, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा और आपूर्ति विभाग से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। उपायुक्त ने एक-एक आवेदन की गंभीरता से सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को फोन पर ही आवश्यक निर्देश दिए। कई मामलों का तत्काल समाधान होने से फरियादियों ने संतोष व्यक्त किया। जिन मामलों का तत्काल निपटारा संभव नहीं था, उनके लिए विभागीय अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर जांच कर गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।


# मोहर्रम को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने पर दिया गया जोर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पाथरडीह (धनबाद)** : आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर मंगलवार की शाम सुदामडीह थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी आकृष्ट अमन ने की, जबकि संचालन समाजसेवी मौसम महंती ने किया। इसमें विभिन्न अखाड़ा समितियों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। थाना प्रभारी आकृष्ट अमन ने कहा कि मोहर्रम आपसी भाईचारे का पर्व है। सभी को सरकारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए पर्व मनाना है। उन्होंने चेतावनी दी कि अफवाह फैलाने अथवा माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के खिलाफ प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा सोशल मीडिया पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी। बैठक में जुलूस मार्ग, पेयजल, बिजली, बैरिकेडिंग, चिकित्सा सुविधा एवं सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की गई। इस दौरान एसआई मो. लेन मुर्मू, मो. अफरोज, एएसआई मुन्ना कुमार रवि, सबूर गोराई, रामनाथ सिंह, जुबैर खान, इस्राइल अंसारी, मो. जियाउद्दीन अंसारी, मो. मकसूद अंसारी, मो. इकबाल, छोटू अंसारी, राजकुमार रवानी, बी.के. साहू, पार्षद बीरेंद्र कुमार, पार्षद लक्ष्मी कुमारी, शिवांश श्रीवास्तव, संजय मिश्रा, आनंद महतो व सोनू गोराई समेत कई लोग उपस्थित थे।

# एआई और आईसीटी के उभरते क्षेत्रों में दक्ष होंगे शिक्षक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : शिक्षकों और प्रशिक्षकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तथा सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) के उभरते क्षेत्रों से जोड़ने के उद्देश्य से राजकीय पॉलिटेक्निक, धनबाद में मंगलवार से पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का शुभारंभ हुआ। इलेक्ट्रॉनिक एवं आईसीटी अकादमी के अंतर्गत सी-डैक, पटना की ओर से आयोजित इस कार्यशाला में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रतिभागियों को आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जायेगा। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रोफेसरों, फैकल्टी सदस्यों, मेंटर्स और प्रशिक्षकों की दक्षता एवं प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को बढ़ाना है, ताकि वे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आईसीटी के नए आयामों के अनुरूप स्वयं को विकसित कर सकें। उन्होंने बताया कि 22 से 27 जून तक चलने वाली इस कार्यशाला का आयोजन प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक किया जा रहा है। इसमें राजकीय पॉलिटेक्निक धनबाद, भागा एवं निरसा, आईटीआई धनबाद, पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज, गुरु नानक कॉलेज तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। प्रशिक्षण सत्र में सी-डैक, पटना के साइंटिस्ट 'बी' रंजन कुमार, सीनियर प्रोजेक्ट इंजीनियर हृदय राम वर्मा और प्रोजेक्ट इंजीनियर आदित्य शर्मा ने विभिन्न तकनीकी विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी सुनीता तुलसियान भी उपस्थित थीं।

## विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**धनबाद** : भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 30 जून 2026 से शुरू होने वाले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए जिले में बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मतदाता सूची के अद्यतन, नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने तथा त्रुटियों के सुधार से संबंधित प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही घर-घर जाकर सत्यापन कार्य को पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ पूरा करने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और मजबूत बनाना है।

## सरयू राय के निरीक्षण के बाद हरकत में आया बीसीसीएल

# डेको आउटसोर्सिंग ने तोड़ा अवैध पुल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद)** : कतरी नदी में अवैध रूप से बनाये गये अस्थायी पुलों के मामले में विधायक सरयू राय के हस्तक्षेप के बाद बीसीसीएल प्रबंधन सक्रिय हो गया है। मंगलवार को बीसीसीएल की पहल पर डेको आउटसोर्सिंग कंपनी ने अपने द्वारा बनाए गए अस्थायी पुल को स्वयं ध्वस्त कर दिया तथा नदी में डाले गए पाइप और ओवरबर्डन (ओबी) को हटाने का काम शुरू कर दिया। हालांकि दूसरी ओर आरके माइनिंग ट्रांसपोर्ट कंपनी द्वारा बनाए गए पुल से अब भी भारी वाहनों का परिचालन जारी रहने से कार्रवाई की निष्पक्षता और गंभीरता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

रविवार को जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने अंगारपथरा ओपी क्षेत्र के गजलीटांड़ स्थित कतरी नदी का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि नदी की प्राकृतिक धारा को बाधित कर दो स्थानों पर अस्थायी पुलों का निर्माण किया गया है। इनमें एक पुल आरके माइनिंग ट्रांसपोर्ट कंपनी द्वारा सीमेंटेड पाइप डालकर तथा दूसरा डेको आउटसोर्सिंग द्वारा छह बड़े पीपा पाइप के सहारे बनाया गया था। इन पुलों का उपयोग एक छोर से दूसरे छोर तक ओबी ढुलाई के लिए किया जा रहा था। विधायक सरयू राय ने इसे पर्यावरण और स्थानीय जनजीवन के लिए गंभीर खतरा बताते हुए चेतावनी दी थी कि मामले को विधानसभा के आगामी सत्र और संबंधित समिति की बैठक में प्रमुखता से उठाया जायेगा। उन्होंने जरूरत पड़ने पर न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की भी बात कही थी। इसके बाद डेको कंपनी ने अपना पुल तोड़ दिया, लेकिन दूसरे पुल से अब भी हैवी ट्रांसपोर्टिंग जारी है। बियाडा के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार झा ने कहा कि डेको कंपनी द्वारा स्वयं पुल तोड़ना इस बात का प्रमाण है कि उसका निर्माण अवैध था। उन्होंने अवैध पुल निर्माण कराने वालों पर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग करते हुए कहा कि यदि शेष पुल को नहीं हटाया गया तो मामले को राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) में ले जाया जाएगा। एक पुल को तोड़कर दूसरे को यथावत छोड़ देने से लोगों के बीच यह सवाल उठने लगा है कि क्या यह कार्रवाई महज दिखावा है या फिर कुछ लोगों को बचाने की कोशिश की जा रही है। अब निगाहें प्रशासन और सरकार पर टिकी हैं कि कतरी नदी की प्राकृतिक धारा से छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ क्या कार्रवाई होती है।

## गणित एवं विज्ञान क्लबों को सशक्त बनाने के लिए 137 शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत सरकारी माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में संचालित गणित एवं विज्ञान क्लबों को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), गोविंदपुर में एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारती एयरटेल फाउंडेशन एवं झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के 137 गणित एवं विज्ञान शिक्षकों तथा बीआरपी ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धति, गणित एवं विज्ञान क्लबों के प्रभावी संचालन तथा विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार, रचनात्मकता और तार्किक चिंतन विकसित करने के विभिन्न उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा ने कहा कि विद्यालयों में गणित एवं विज्ञान क्लब बच्चों में जिज्ञासा और प्रयोगधर्मिता को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने शिक्षकों से वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सहायक जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आशीष कुमार, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी शंभु मिश्रा, डायट गोविंदपुर के प्राचार्य जगरनाथ लोहरा, उप-प्राचार्य ओम प्रकाश, संकाय सदस्य मिनिता प्रसाद, सुनील कर्मकार, लिपिक सुभाष चंद्र ठाकुर एवं एम.डी. ताहिर अली उपस्थित थे। भारती एयरटेल फाउंडेशन की ओर से राज्य साझेदारी प्रबंधक बंधव कुमार, परियोजना समन्वयक हीरा पाठक, प्रवेश कुमार, अभिषेक कुमार एवं शाश्वत कुमार ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर प्रशिक्षण को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

**धनबाद/राजगंज** : भारतीय जनता पार्टी राजगंज मंडल की ओर से मंगलवार को मंडल महामंत्री गौतम कुमार साव के आवासीय कार्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान राजगंज मंडल के सभी शक्ति केंद्रों की बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें संगठनात्मक गतिविधियों एवं आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने की, जबकि संचालन मंडल महामंत्री गौतम कुमार साव ने किया। मंडल उपाध्यक्ष अजय राम माहुरी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर भाजपा नेता नीलकंठ रवानी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल को भारत में बनाये रखने तथा कश्मीर में परमिट व्यवस्था समाप्त करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर दी श्रद्धांजलि, किया पौधरोपण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : भारतीय जनता पार्टी धनबाद महानगर के बरटांड़ मंडल के तत्वावधान में मंगलवार को सिटी सेंटर चौक स्थित जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके राष्ट्रवाद और अखंड भारत के विचारों को याद किया। कार्यक्रम में धनबाद सांसद ढुल्लू महतो, झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा और भाजपा महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। विधायक राज सिन्हा ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता और स्वाभिमान के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि सिंदरी उर्वरक कारखाने की स्थापना के समय उद्योग मंत्री के रूप में डॉ. मुखर्जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा था। इस अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत दो अशोक के पौधे भी लगाये गये। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री मानस प्रसून, रूपेश सिन्हा, पार्षद अशोक पाल, हुल्लास दास, मीडिया प्रभारी पंकज सिन्हा, मौसम सिंह, राजाराम दत्ता, सुप्रभात कुमार, पुरुषोत्तम रंजन, निर्मल प्रधान, अमरजीत कुमार, मनोज रिंकू, राणा सिंह, अमित सिंह, शंभू सिंह, उत्तम मंडल, बबलू फरीदी, बृजनंदन शर्मा, डी.के. सिंह, अजीत कुमार, टुन्ना सिंह, अजय मालाकार और दीपक सिंह समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि



**सिन्दरी (धनबाद)**: भारतीय जनसंघ के संस्थापक और स्वतंत्र भारत की अंतरिम सरकार में उद्योग मंत्री रहे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 73वीं पुण्यतिथि पर सोमवार को भाजपा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने सिद्धांतों के लिए संघर्ष किया, जिससे आज भी देशवासियों को प्रेरणा मिलती है। उपस्थित नेताओं ने उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व पार्षद समेत भाजपा के कई पदाधिकारी, प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के सदस्य और स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# भाकपा माले के हुड़का जाम के आगे झुका डीवीसी प्रबंधन, बिजली कटौती रोकने पर बनी सहमति



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी/पाथरडीह (धनबाद)** : क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती के खिलाफ मंगलवार को भाकपा माले द्वारा पाथरडीह स्थित डीवीसी ग्रिड सब-स्टेशन पर एक दिवसीय हुड़का जाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक चंद्रदेव महतो के नेतृत्व में आयोजित इस आंदोलन में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने डीवीसी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग उठाई। आंदोलन को संबोधित करते हुए विधायक चंद्रदेव महतो ने कहा कि सिंदरी, पाथरडीह एवं आसपास के क्षेत्रों में लगातार हो रही बिजली कटौती से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। किसानों, छात्रों, छोटे कारोबारियों और घरेलू उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं की अनदेखी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। कई घंटों तक चले हुड़का जाम के बाद डीवीसी अधिकारियों और भाकपा माले प्रतिनिधिमंडल के बीच वार्ता हुई। वार्ता में अनावश्यक बिजली कटौती नहीं करने तथा तकनीकी खराबी की स्थिति में त्वरित समाधान सुनिश्चित करने पर सहमति बनी। इसके बाद आंदोलन समाप्त कर दिया गया। भाकपा माले नेताओं ने इसे जनसंघर्ष की जीत बताते हुए कहा कि यदि आश्वासन के अनुरूप बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आन्दोलन को और तेज किया जायेगा। कार्यक्रम में भाकपा माले के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। इनमें जिला सचिव मंडल सदस्य, स्थानीय कमेटी के पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे। आंदोलन के सफल होने के बाद क्षेत्र के लोगों में राहत और संतोष का माहौल देखा गया।


## बीपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल कर किड्स गार्डन की पूर्व छात्रा सिमरन ने बढ़ाया मान



**झरिया (धनबाद)** : किड्स गार्डन सेकेंडरी स्कूल, झरिया की पूर्ववर्ती छात्रा सिमरन कुमारी ने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी और गर्व का माहौल है। विद्यालय परिसर में आयोजित एक सम्मान समारोह में सिमरन कुमारी को विशेष रूप से आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। विद्यालय की निर्देशिका डॉ. शोभा सिन्हा एवं प्राचार्या डॉ. स्नेहलता ने उन्हें पुष्पगुच्छ और स्मृति-चिह्न भेंट कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर शैक्षणिक शिक्षक असित कुमार बनर्जी ने कहा कि सिमरन की सफलता वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बल पर कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। सम्मान समारोह में सिमरन कुमारी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और निरंतर मेहनत को देते हुए विद्यार्थियों को लगन और अनुशासन के साथ पढ़ाई करने का संदेश दिया। इस अवसर पर सौगता मल्लिक, सुरोजीत दत्ता, शालू तिवारी, संचिका, तारक नाथ दत्ता, कल्याण मिश्रा, पूनम सिंह, कविता सिंह, रीना मिश्रा और अशोक दास सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने सिमरन कुमारी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## 93 लाख की नाली योजना में भ्रष्टाचार के आरोप


# आरटीआई खुलासे से मचा हड़कम्प



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद)** : धनबाद नगर निगम के वार्ड संख्या-1 अंतर्गत कतरास-तोपचांची रोड स्थित मिश्रा टोला में निर्माणाधीन नाली योजना को लेकर भ्रष्टाचार और अनियमितता के आरोपों ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। लगभग 93 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत इस योजना में घटिया सामग्री के इस्तेमाल और मानकों की अनदेखी के आरोप लगाते हुए स्थानीय लोगों ने उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। आरटीआई कार्यकर्ता अरविंद सिन्हा द्वारा प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार योजना के लिए उच्च गुणवत्ता की सामग्री उपयोग करने का प्रावधान किया गया है। एस्टीमेट में बराकर नदी से बालू लाने तथा टाटा स्टील के 10 एमएम, 12 एमएम और 16 एमएम सरिया के इस्तेमाल का उल्लेख है। इसके लिए परिवहन समेत निर्धारित दरों की स्वीकृति भी दी गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य में मिट्टी मिश्रित बालू और निम्न गुणवत्ता के सरिया का उपयोग किया जा रहा है। निर्माण स्थल पर योजना संबंधी शिलापट्ट भी नहीं लगाया गया है, जिससे आम लोगों को योजना की जानकारी नहीं मिल पा रही है। आरटीआई दस्तावेजों के अनुसार कार्य का ठेका विकास कुमार मिश्रा को दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य की निगरानी के लिए जिम्मेदार अभियंता स्थल पर नहीं पहुंच रहे हैं, जिससे ठेकेदार मनमाने ढंग से काम करा रहा है। इंटक धनबाद जिला उपाध्यक्ष संजीत नोनिया ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उपायुक्त एवं संबंधित अधिकारियों से मामले की जांच कराने की मांग की है। वहीं वार्ड पार्षद डॉ. मधुमाला ने कहा कि उन्हें शिलान्यास की जानकारी नहीं है और निर्माण कार्य की गुणवत्ता के लिए ठेकेदार जिम्मेदार है। ग्रामीणों ने जांच पूरी होने तक निर्माण कार्य रोकने तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। अब निगाहें नगर निगम प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं। इस मामले में ठेकेदार की प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है।

# बैंक घोटाले में महुदा निवासी आईएएस पंकज अग्रवाल गिरफ्तार, परिवार ने आरोपों को बताया बेबुनियाद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा/धनबाद** : हरियाणा के बहुचर्चित 661 करोड़ रुपये के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक एवं एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक घोटाले में धनबाद के महुदा निवासी वरिष्ठ आईएएस अधिकारी पंकज अग्रवाल की गिरफ्तारी के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने सोमवार देर रात पंकज अग्रवाल को गिरफ्तार किया और मंगलवार को पंचकूला की अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें दो दिनों की रिमांड पर भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, कथित घोटाले के दौरान पंकज अग्रवाल हरियाणा सरकार में शिक्षा विभाग और कृषि विभाग के प्रधान सचिव के पद पर कार्यरत थे। जांच एजेंसी का आरोप है कि हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद और हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के बैंक खाते नियमों के विपरीत खोले गए और उनमें जमा सरकारी राशि का बड़े पैमाने पर अनियमित तरीके से हस्तांतरण किया गया। फरवरी 2026 में उजागर हुए इस घोटाले में आरोप है कि आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से विभिन्न सरकारी विभागों के करोड़ों रुपये फर्जी फिक्स्ड डिपॉजिट और डेबिट नोट्स के माध्यम से निकालकर शेल कंपनियों में भेजे गए। मामले में अब तक 17 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है, जबकि कई बैंक अधिकारी और सरकारी कर्मचारी जांच के घेरे में हैं। इधर, पंकज अग्रवाल की गिरफ्तारी के बाद उनके पैतृक क्षेत्र महुदा में भी लोगों के बीच इस मामले को लेकर चर्चा तेज है। पंकज अग्रवाल के बड़े भाई नंदकिशोर अग्रवाल ने आरोपों को पूरी तरह निराधार बताते हुए कहा कि उनके भाई को साजिश के तहत इस मामले में फंसाया गया है। उन्होंने कहा कि परिवार को न्यायपालिका और जांच प्रक्रिया पर पूरा भरोसा है तथा उन्हें विश्वास है कि निष्पक्ष जांच के बाद सच्चाई सामने आयेगी। फिलहाल सीबीआई रिमांड के दौरान पंकज अग्रवाल से पूछताछ कर घोटाले से जुड़ी अन्य कड़ियों को जोड़ने में जुटी हुई है। मामले की जांच आगे बढ़ने के साथ कई और अहम खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

## फायर सेफ्टी को लेकर सख्त हुई धनबाद पुलिस, स्कूल-अस्पताल समेत होटल व अपार्टमेंटों की होगी व्यापक जांच



**धनबाद** : जिले में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर धनबाद पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। एसएसपी प्रभात कुमार के निर्देश पर जिले के सभी थाना प्रभारियों को फायर सेफ्टी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने का आदेश दिया गया है। इसके तहत स्कूलों, कोचिंग संस्थानों, अस्पतालों, अपार्टमेंटों, होटल-लॉज तथा अन्य भीड़भाड़ वाले प्रतिष्ठानों में चरणबद्ध तरीके से व्यापक जांच अभियान चलाया जाएगा। एसएसपी के निर्देश पर प्रत्येक थाना क्षेत्र में पुलिस और अग्निशमन विभाग की संयुक्त टीम गठित की जायेगी, जो संबंधित संस्थानों का फायर सेफ्टी ऑडिट करेगी। जांच के दौरान यह देखा जायेगा कि भवनों में पर्याप्त संख्या में अग्निशमन यंत्र उपलब्ध हैं या नहीं, वे कार्यशील स्थिति में हैं या नहीं तथा आपात स्थिति में लोगों की सुरक्षित निकासी के लिए इमरजेंसी एग्जिट की व्यवस्था है या नहीं। संयुक्त टीम विद्युत वायरिंग, शॉर्ट सर्किट से बचाव के उपाय, फायर अलार्म सिस्टम, पानी की उपलब्धता, आपातकालीन सीढ़ियों, अग्निशमन उपकरणों के रखरखाव और कर्मचारियों को दिए जाने वाले फायर सेफ्टी प्रशिक्षण की भी विस्तृत समीक्षा करेगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय के भीतर कमियों को दूर नहीं करने या गंभीर लापरवाही मिलने पर संबंधित संस्थानों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जायेगी। एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि फायर सेफ्टी महज औपचारिकता नहीं, बल्कि लोगों के जीवन की सुरक्षा से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है।

## धनबाद में चला एंटी क्राइम चेकिंग अभियान, 1049 वाहनों की हुई जांच

**धनबाद** : जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से सोमवार को देर शाम तक व्यापक एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने प्रमुख चौक-चौराहों तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष जांच अभियान संचालित किया। अभियान के दौरान कुल 1049 वाहनों की सघन जांच की गई। पुलिसकर्मियों ने वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, बीमा समेत अन्य आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया। जिन वाहनों के कागजात अधूरे या नियमों के अनुरूप नहीं पाए गए, उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालान काटा गया। इस दौरान पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी लेकर उनकी पहचान का भी सत्यापन किया। एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि अभियान का उद्देश्य अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर नजर रखना तथा आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है। पुलिस ने लोगों से जांच अभियान में सहयोग करने और वाहन चलाते समय सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जिले में ऐसे अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे।

सम्पादकीय.....

## हर शहर में सुलगती लापरवाही

**जब** कागजों की मंजूरियाँ और बंद लिफाफे सच को ढकने लगते हैं, तब आग केवल इमारतें तक सीमित नहीं रहती, वह व्यवस्था की आत्मा को भी झुलसा देती है। लखनऊ के अलीगंज की घटना किसी एक दिन की दुर्घटना नहीं, बल्कि उस लंबी लापरवाही का विस्फोट थी जिसमें सुरक्षा को हमेशा बाद में टाल दिया गया। इसी पृष्ठभूमि में एक तीखा सवाल उभरता है–जो अब फुसफुसाहट नहीं, बल्कि कठोर सामाजिक आरोप बन चुका है। यह सिर्फ एक घटना का वर्णन नहीं, बल्कि उस ढांचे का दर्पण है जहाँ शिक्षा धीरे-धीरे जोखिम और लाभ के बीच झूलता हुआ बाजार बन गई है। 22 जून 2026 की दोपहर ने लखनऊ के अलीगंज की एक साधारण सी इमारत को मौत के मंजर में बदल दिया। नीचे पेट शॉप और क्लिनिक की रोजमर्रा की हलचल थी, जबकि ऊपर कोचिंग सेंटर में भविष्य संवारने के सपने बुने जा रहे थे। लेकिन कुछ ही पलों में वह इमारत धुएं और आग के भयानक जाल में कैद हो गई। छात्र जान बचाने के लिए भागे, खिड़कियों तक पहुंचे, कुछ ने मजबूरी में छलांग लगाई, पर अधिकांश घने धुएं की दीवार में फंस गए। चीखें धीरे-धीरे खामोशी में घुल गईं। कम से कम 15 युवा जीवन, जो अभी सपनों को पूरी तरह से भी नहीं पाए थे, 'लखनऊ आग में 15 जवान सपनों की राख' बनकर हमेशा के लिए मिट गए। यह हादसा किसी अचानक तकनीकी खराबी का नतीजा भर नहीं था, बल्कि उस व्यवस्था की उपज था जिसने वर्षों तक चेतावनियों को अनसुना किया। जिस भवन में कोचिंग संचालित हो रही थी, उसे 2016 में अवैध निर्माण पर एलडीए द्वारा ध्वस्तीकरण का नोटिस जारी हुआ था, जिसे दो महीने बाद वापस ले लिया गया था। फायर एनओसी मौजूद नहीं था, और आपातकालीन निकास या तो बंद पड़े थे या केवल औपचारिकता बनकर रह गए थे। खिड़कियों पर लगी लोहे की जालियाँ/ग्रिल्स बाहर निकलने में बाधक बनीं। प्रारंभिक रिपोर्ट्स के अनुसार एसी में संभावित शॉर्ट सर्किट सिर्फ एक चिंगारी थी, असली आग तो उस लापरवाही की थी जो वर्षों से सुलग रही थी। नीचे व्यापार की रफ्तार जारी थी और ऊपर जीवन दम तोड़ रहा था। जैसे-जैसे हादसे की परतें खुलती गईं, वही पुराना और असहज करने वाला सवाल फिर सामने खड़ा हो गया–आखिर यह सब हुआ कैसे? अनुमति किसने दी, निरीक्षण किसने किया, और किसने जानबूझ कर नजरें फेर लीं? यह केवल प्रशासनिक लापरवाही भर नहीं दिखती, बल्कि एक ऐसे तंत्र की ओर इशारा करती है जहाँ नियमों की कीमत तय होती है और सुरक्षा सिर्फ कागजों तक सीमित रह जाती है। यह पैटर्न नया नहीं है। कोटा की आत्महत्याएँ, दिल्ली के राजेंद्र नगर की बेसमेंट बाढ़ और अब लखनऊ की यह अग्निकांड–हर जगह कहानी एक ही जैसी दिखती है: भीड़ बढ़ाओ, मुनाफा कमाओ और सुरक्षा को बाद के लिए छोड़ दो। आज के दौर में छात्र केवल सीखने वाला नहीं रह गया, बल्कि एक चलती-फिरती आर्थिक इकाई में बदल चुका है। माता-पिता कर्ज के बोझ तले फीस चुकाते हैं, अपनी उम्मीदें गिरवी रखकर बच्चों का भविष्य 'खरीदने' की कोशिश करते हैं। कोचिंग उद्योग इस मानसिक दबाव को बखूबी समझता है, इसलिए उसकी संरचना भी उसी अनुरूप गढ़ी जाती है–ऊंची दीवारें, नियंत्रित प्रवेश और अक्सर बंद पड़े आपात निकास। यही वह व्यवस्था है जिसने शिक्षा को धीरे-धीरे ऐसे तंत्र में बदल दिया, जहाँ नियमों से अधिक महत्व उपस्थिति और फीस को मिलने लगता है। हादसे के बाद प्रशासनिक प्रतिक्रिया भी उसी पुराने, परिचित ढर्रे पर आगे बढ़ी। जांच के आदेश जारी हुए, शोक संदेश दिए गए, मुआवजे की घोषणाएँ हुईं, कुछ गिरफ्तारियाँ और निलंबन भी हुए–जैसा हर बार होता आया है।

## ● किसने क्या कहा



संविधान लेकर चलने वालों के नक्सली हिंसा के चरम पर हाथ कांपते थे

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



होर्मुज जलडमरूमध्य का खुलना ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगा

**अजीत डोभाल**
राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार

# शहर किसके लिए, वाहन या नागरिक ?

विशेष **डॉ. प्रियंका सौरभ**



> वास्तविक परिवर्तन तब आएगा जब शहरी नियोजन की सोच वाहन-केंद्रित मॉडल से हटकर मानव-केंद्रित मॉडल की ओर अग्रसर होगी और समाज में पैदल चलने को सम्मानजनक एवं प्राथमिक परिवहन माध्यम के रूप में स्वीकार किया जाएगा। भारत में पैदल चलना कोई सीमित गतिविधि नहीं है। विभिन्न सरकारी और स्वतंत्र अध्ययनों के अनुसार देश में बड़ी संख्या में दैनिक यात्राएँ पूरी या आंशिक रूप से पैदल ही की जाती हैं। गरीब, मजदूर, विद्यार्थी, महिलाएँ, बुजुर्ग और दिव्यांग नागरिक सबसे अधिक पैदल यात्रा करते हैं। इसके बावजूद शहरी नियोजन में पैदल यात्रियों को सबसे कम प्राथमिकता मिलती है। अधिकांश शहरों में फुटपाथ या तो हैं ही नहीं, या इतने संकरे, टूटे हुए और अतिक्रमण से घिरे होते हैं कि उनका उपयोग करना कठिन हो जाता है।

**भारत** के शहर तेजी से बढ़ रहे हैं। महानगरों से लेकर मध्यम और छोटे शहरों तक शहरीकरण की गति अभूतपूर्व है। आर्थिक विकास, रोजगार के अवसरों और बेहतर सुविधाओं की तलाश में लाखों लोग प्रतिवर्ष शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। किंतु इस तीव्र शहरी विस्तार के बीच एक बुनियादी प्रश्न अक्सर उपेक्षित रह जाता है–क्या हमारे शहर अपने नागरिकों के लिए चलने योग्य हैं? क्या सड़कें केवल वाहनों के लिए हैं या मनुष्यों के लिए भी? हाल ही में न्यायपालिका द्वारा सुरक्षित फुटपाथों पर चलने के अधिकार को संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत जीवन और गरिमा के अधिकार से जोड़ते हुए मौलिक अधिकार की संज्ञा दिए जाने की दिशा में महत्वपूर्ण टिप्पणियाँ की गई हैं। यह एक स्वागत योग्य संवैधानिक प्रोत्साहन है, क्योंकि यह पहली बार शहरी अवसंरचना को केवल निर्माण और यातायात के दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि नागरिक अधिकारों और मानव गरिमा के संदर्भ में देखने का प्रयास करता है। किंतु प्रश्न यह है कि क्या केवल न्यायिक घोषणा या कानूनी मान्यता से भारतीय शहर वास्तव में पैदल यात्रियों के अनुकूल बन जाएंगे? इस प्रश्न का उत्तर नकारात्मक है। वास्तविक परिवर्तन तब आएगा जब शहरी नियोजन की सोच वाहन-केंद्रित मॉडल से हटकर मानव-केंद्रित मॉडल की ओर अग्रसर होगी और समाज में पैदल चलने को सम्मानजनक एवं प्राथमिक परिवहन माध्यम के रूप में स्वीकार किया जाएगा। भारत में पैदल चलना कोई सीमित गतिविधि नहीं है। विभिन्न सरकारी और स्वतंत्र अध्ययनों के अनुसार देश में बड़ी संख्या में दैनिक यात्राएँ पूरी या आंशिक रूप से पैदल ही की जाती हैं। गरीब, मजदूर, विद्यार्थी, महिलाएँ, बुजुर्ग और दिव्यांग नागरिक सबसे अधिक पैदल यात्रा करते हैं। इसके बावजूद शहरी नियोजन में पैदल यात्रियों को सबसे कम प्राथमिकता मिलती है। अधिकांश शहरों में फुटपाथ या तो हैं ही नहीं, या इतने संकरे, टूटे हुए और अतिक्रमण से घिरे होते हैं कि उनका उपयोग करना कठिन हो जाता है। कई स्थानों पर फुटपाथ पार्किंग स्थल, दुकानों के विस्तार, ठेलों या निर्माण सामग्री के भंडारण में परिवर्तित हो जाते हैं। इस स्थिति का सबसे दुखद परिणाम सड़क दुर्घटनाओं में दिखाई देता है। भारत विश्व में सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों के मामले में अग्रणी देशों में है। इन दुर्घटनाओं में बड़ी संख्या पैदल यात्रियों की होती है। सड़क पार करने, फुटपाथों की अनुपलब्धता और वाहनों की तेज गति के कारण हजारों लोग प्रतिवर्ष अपनी जान गंवाते हैं। यह केवल परिवहन का संकट नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय और मानवाधिकार का भी प्रश्न है।

संविधान का अनुच्छेद 21 प्रत्येक व्यक्ति को गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार प्रदान करता है। समय के साथ न्यायपालिका ने इसकी व्याख्या का दायरा बढ़ाते हुए स्वच्छ पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास जैसे अधिकारों को भी इसमें शामिल किया है। सुरक्षित पैदल मार्गों का अधिकार इसी प्रगतिशील संवैधानिक दृष्टिकोण का विस्तार है। जब कोई नागरिक अपने घर से विद्यालय, कार्यालय, अस्पताल या बाजार तक सुरक्षित रूप से नहीं पहुँच सकता, तब उसके जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार अधूरा रह जाता है। इसलिए फुटपाथ केवल सीमेंट और कंक्रीट की संरचना नहीं, बल्कि नागरिक स्वतंत्रता और समानता का प्रतीक हैं। फिर भी केवल अधिकार की घोषणा पर्याप्त नहीं है। भारत में अनेक अधिकारों को कानूनी मान्यता प्राप्त होने के बावजूद उनके क्रियान्वयन में गंभीर चुनौतियाँ बनी हुई हैं। शिक्षा का अधिकार, स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार और भोजन का अधिकार इसके उदाहरण हैं। इसी प्रकार फुटपाथ के अधिकार को भी व्यवहार में उतारने के लिए प्रशासनिक इच्छाशक्ति, वित्तीय निवेश और संस्थागत सुधार आवश्यक होंगे। भारतीय शहरी शासन की सबसे बड़ी समस्या इसका वाहन-केंद्रित दृष्टिकोण है। स्वतंत्रता के बाद विकास का जो मॉडल अपनाया गया, उसमें चौड़ी सड़कों, फ्लाईओवरों और एक्सप्रेसवे को आधुनिकता का प्रतीक माना गया। शहरों की सफलता को वाहनों की गति और सड़क क्षमता के आधार पर मापा गया। परिणामस्वरूप पैदल यात्री, साइकिल चालक और सार्वजनिक परिवहन उपयोगकर्ता हाशिए पर चले गए। नगर नियोजन का उद्देश्य लोगों की सुविधा के बजाय वाहनों की निर्बाध आवाजाही बन गया। यह दृष्टिकोण सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के भी विपरीत है। भारत में निजी कारों का उपयोग करने वाले लोगों की संख्या अपेक्षाकृत कम है, जबकि अधिकांश नागरिक सार्वजनिक परिवहन, साइकिल या पैदल यात्रा पर निर्भर हैं। इसके बावजूद सार्वजनिक धन का बड़ा हिस्सा उन परियोजनाओं पर खर्च होता है जो मुख्यतः वाहन मालिकों को लाभ पहुँचाती हैं। इससे संसाधनों के वितरण में असमानता बढ़ती है और गरीब वर्गों की गतिशीलता प्रभावित होती है। फुटपाथों की स्थिति लैंगिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। महिलाएँ, विशेषकर कामकाजी महिलाएँ और छात्राएँ, सुरक्षित और प्रकाशयुक्त पैदल मार्गों पर अधिक निर्भर रहती हैं। खराब फुटपाथ, अपर्याप्त रोशनी और असुरक्षित सार्वजनिक स्थान उनके आवागमन को सीमित करते हैं। इसी प्रकार बुजुर्गों और दिव्यांगजनों के लिए बाधा-रहित फुटपाथ जीवन की आवश्यक शर्त हैं।

# राम नाम जपना : चढ़ावे का माल अपना...!

आज की चर्चा **ओमप्रकाश मेहता**



> चढ़ावे की करोड़ों की राशि के साथ मंदिर के जेवरों की चोरी भी सामने आ रही है, जिसमें करीब साठ किलो वजन की चांदी की शिलाएं, भगवान का सोने-हीरे का हार भी शामिल है, अब जक उत्तरप्रदेश के प्रतिपक्षी नेता ने उक्त मामला उठाया तब विशेष जांच टीम (एस.आई.टी.) का गठन कर जांच शुरू की गई है।

**अब** अयोध्या का जगप्रसिद्ध राममंदिर किसी आध्यात्मिक या पौराणिक प्रसंग में नही बल्कि उसके चढ़ावे की राशि को लेकर चर्चा में है और यह राशि करोड़ों-अरबों में बताई जा रही है। आश्चर्य यह है कि यह कथित चोरी कई बरसों से चली आ रही है और अब तक इस पर किसी ने भी ध्यान नही दिया और न अब तक कहीं इस चोरी को लेकर प्राथमिकी ही दर्ज हुई, अब समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की शिकायत पर यह मामला सामने आया है और अब इस दिशा में मुस्तैदी सामने आने लगी है। चढ़ावे की करोड़ों की राशि के साथ मंदिर के जेवरों की चोरी भी सामने आ रही है, जिसमें करीब साठ किलो वजन की चांदी की शिलाएं, भगवान का सोने-हीरे का हार भी शामिल है, अब जक उत्तरप्रदेश के प्रतिपक्षी नेता ने उक्त मामला उठाया तब विशेष जांच टीम (एस.आई.टी.) का गठन कर जांच शुरू की गई है। धार्मिक आस्था से परिपूरित भारत में हिन्दूओं के पवित्र चार धाम के साथ ही करीब डेढ़ करोड़ मंदिर है, जिनमें सबकी आस्था के केन्द्र देवता विराजित है, यद्यपि अधिकांश नामी-गिरामी मंदिरों के संचालन ट्रस्ट बने हुए है और इन पर पदाधिकारी विराजित भी है, लेकिन अब इन मंदिरों के न्यास पदाधिकारियों पर मंदिरों की दान राशि व सम्पत्ति हड़पने का खुले आरोप लगाए जाने लगे है और केन्द्र तथा राज्य सरकारें ऐसी शिकायतों की जांच भी शुरू कर रही है.... और अब ऐसा ही अयोध्या के प्रस्द्धि राममंदिर में भी होने जा रहा है। वैसे आस्थावान भारत के लिए यह चलन कोई नया नही है, किंतु अंतर सिर्फ इतना है कि अब जब अयोध्या के राम मंदिर से इसकी शुरूआत हुई है तो यह आवाज हर प्रसिद्ध मंदिर को लेकर उठने वाली है और जिम्मेदारों को उसका माकूल जवाब भी देना पड़ेगा। अकेले राम मंदिर को लेकर ही दो करोड़ की 'बंदरबाट' की बात की जा रही है तो पूरे भारत के प्रसिद्ध मंदिरों की क्या स्थिति होगी? यह सहज ही कल्पनीय है। अब सबसे अहम विचारणीय बिन्दू यह है कि क्या ऐसे मामले उजागर होने से दान-पुण्य की आस्था प्रभावित हो सकती है? और मंदिरों के चढ़ावें की राशि में कमी हो सकती है? खैर.... यह तो भविष्य का प्रश्न है, किंतु आज तो इस बात की चिंता है कि यदि राम मंदिर में यह स्थिति है तो देश के अन्य मंदिरों की क्या स्थिति होगी? अतः अब केन्द्र तथा राज्य सरकारों को ही इस दिशा में गंभीर चिंतन कर आम हिन्दूओं की भावनाओं की कद्र करते हुए कोई ऐसा रास्ता खोजना होगा, जिससे आस्था को आघात पहुंचाने वाली इस गलत प्रक्रिया पर रोक लग सके।

## आज का इतिहास

- दिल्ली सल्तनत के 1206 को पहले सुल्तान कुतबुद्दीन ऐबक की लाहौर (अब पाकिस्तान) में ताजपोशी हुई।
- फ्रांस ने 1793 में पहली बार रिपब्लिकन संविधान को अपनाया।
- फ्रांस के तानाशाह नेपोलियन बोनापार्ट ने 1812 में साढ़े तीन लाख की सेना के साथ रूस पर आक्रमण आरंभ किया।
- वेनेजोएला की राजधानी काराकास पर 1812 में स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान विख्यात स्वतंत्रता प्रेमी नेता साइमन बोलिवर का अधिकार हो गया।
- फ्रांस और सारदेनिया के साथ 1859 में ऑस्ट्रिया का सोल्फोरीनो युद्ध हुआ।
- हैरिस ने 1904 में द जंगल बुक के बल्लू और रॉबिन हुड के लिटिल जॉन को आवाज दी थी।
- कनाडा में मॉन्ट्रियल से टोरंटो के बीच पहली एयरमेल सेवा की शुरूआत 1918 में हुई।
- वेमर गणराज्य के विदेश मंत्री वाल्टर रथेनाउ की हत्या 1922 में कर दी गई। हत्यारों को 17 जुलाई को गिरफतार कर लिया गया।
- भारत के पहले स्वदेशी एचएफ 24 सुपरसोनिक लड़ाकू विमान ने 1961 में उड़ान भरी।
- भारत ने 1961 में पहली बार सुपरसोनिक फाइटर एचएफ 24 मक्खियों का निर्माण किया
- डाक एवं टेलिग्राफ विभाग ने 1963 में राष्ट्रीय टेलेक्स सेवा की शुरूआत की।
- मुम्बई से न्यूयार्क 1966 को जा रहे एयर इंडिया के विमान के स्विट्जरलैण्ड के माउंट ब्लैंक में दुर्घटनाग्रस्त होने से 117 लोगों की मौत।
- भारतीय टीम 1974 में लॉडर्स टेस्ट की दूसरी पारी में इंग्लैंड के खिलाफ 42 रन पर सिमट गई। ये टेस्ट में भारत का न्यूनतम स्कोर है और वह पारी और 285 रन से हारा।

## सुविचार

जिस तरह जौहरी ही असली हीरे की पहचान कर सकता है, उसी तरह गुणी ही गुणवान की पहचान कर सकता है।

**कबीर**

थोड़े दिन रहनेवाली विपत्ति अच्छी है, क्योंकि उसी से मित्र और शत्रु की पहचान होती है।

**रहीम**

## अंकजाल - 8308

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 22 | 11 | 56 | 28 | ■ | ■ | 23 | 23 | ■ |
| 29 | | 7 | | 9 | ■ | 3 | | 4 | 12 |
| 23 | 9 | | 7 | | ■ | | 7 | | 20 |
| ■ | | 2 | | 3 | | 2 | | 7 | 39 |
| ■ | ■ | ■ | 9 | | 7 | | 5 | | 33 |
| 31 | | 8 | | 6 | | 3 | ■ | ■ | ■ |
| 35 | 6 | | 5 | | 5 | | 3 | | ■ |
| 23 | | 8 | | ■ | | 8 | | 4 | 23 |
| 21 | 6 | | 7 | ■ | 3 | | 6 | | 21 |
| ■ | 21 | 28 | ■ | ■ | 31 | 37 | 15 | 15 | ■ |

### अंकजाल 8307 का हल

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 24 | 23 | 25 | ■ | 24 | 11 | 18 | 17 | ■ |
| 21 | 6 | 8 | 7 | ■ | 5 | 4 | 9 | 2 | 20 |
| 20 | 7 | 5 | 8 | ■ | 7 | 5 | 3 | 8 | 23 |
| 12 | 2 | 7 | 3 | ■ | 4 | 2 | 6 | 7 | 19 |
| 26 | 9 | 3 | 7 | 2 | 5 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 2 | 3 | 8 | 5 | 6 | 24 |
| 20 | 7 | 3 | 6 | 4 | ■ | 2 | 5 | 6 | 13 |
| 22 | 3 | 4 | 7 | 8 | ■ | 5 | 8 | 6 | 19 |
| 18 | 4 | 3 | 5 | 6 | ■ | 3 | 2 | 7 | 12 |
| ■ | 14 | 10 | 18 | 22 | ■ | 18 | 20 | 25 | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शाश्वत प्रेम अंतहीन है

**प्रेम** कितना ही होता जाए, अधूरा ही बना रहता है। वह परमात्मा जैसा है। कितना ही विकसित होता जाए, पूर्ण से पूर्णतर होता जाता है, फिर भी विकास जारी है। जैसे प्रेम का अधूरापन ही उसकी शाश्वतता है। ध्यान रखना कि जो चीज पूरी हो जाती है, वह मर जाती है। पूर्णता मृत्यु है; क्योंकि फिर बचा नहीं कुछ करने को, होने को कुछ बचा नहीं, आगे कोई गति न रही। जो चीज पूर्ण हो गयी, वह मर गयी। मर ही जायेगी, क्योंकि फिर क्या होगा? सिर्फ वही जी सकता है जो शाश्वत रूप से अपूर्ण है, अधूरा है, आधा है। तुम कितना ही भरो, वह अधूरा रहेगा। आधा होना उसका स्वभाव है। तुम कितने ही तृप्त होते जाओ, फिर भी पाओगे कि हर तृप्ति और अतृप्त कर जाती है। जितना पीते हो, उतनी ही प्यास बढ़ती चली जाती है। यह ऐसा जल नहीं है कि पी लो और तृप्त हो जाओ। यह प्यास को और जलाएगा। इसलिए प्रेमी कभी तृप्त नहीं होता। उसके आनंद का कोई अन्त नहीं है। क्योंकि आनंद का वहीं अन्त हो जाता है, जहां चीजें पूरी हो जाती हैं। कामी तृप्त हो सकता है, प्रेमी नहीं। काम का अन्त है, सीमा है; प्रेमी का कोई अन्त नहीं, कोई सीमा नहीं। प्रेम आदि-अनादि है। वह ठीक परमात्मा के स्वरूप का है। इस जगत में प्रेम परमात्मा का प्रतिनिधि है, समय की धारा में समयातीत का प्रवेश है, मनुष्य की दुनिया में अतिमानवीय किरण का आगमन है।

# व्यवस्था की चिता पर जलते सपने : आखिर कब रुकेगा मौत का कारोबार ?



**योगेश कुमार गोयल**

**लखनऊ** के अलीगंज स्थित एक कोचिंग सेंटर में लगी आग में 15 छात्रों की दर्दनाक मौत उस व्यवस्था के चेहरे से नकाब हटाने वाली त्रासदी है, जो वर्षों से भ्रष्टाचार, लापरवाही और प्रशासनिक उदासीनता के सहारे चल रही है। जिन बच्चों को उनके माता-पिता बेहतर भविष्य के सपने लेकर कोचिंग भेजते हैं, वे यदि धुएं से भरे कमरों, बंद दरवाजों और अवैध निमार्णों के बीच दम तोड़ दें तो उसे केवल हादसा कहना सच्चाई से मुंह मोड़ना होगा। यह उन परिस्थितियों में हुई मौत है, जिसे रोका जा सकता था, टाला जा सकता था और जिसकी जिम्मेदारी तय की जा सकती है। इसलिए यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या यह वास्तव में हादसा था या फिर भ्रष्ट व्यवस्था द्वारा किया गया एक सुनियोजित प्रशासनिक हत्याकांड? घटना के विवरण किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को झकझोर देने के लिए पर्याप्त हैं। आग लगने के बाद छात्र जान बचाने के लिए इधर-उधर भागे। कुछ तीसरी मंजिल से नीचे कूद गए, कुछ बाथरूम में छिप गए, यह सोचकर कि शायद वहां धुएं से बच सकेंगे लेकिन दम घुटने से उनकी मौत हो गई। यह दृश्य किसी युद्ध या प्राकृतिक आपदा का नहीं बल्कि उस इमारत का दृश्य था, जिसे नियमों की अनदेखी कर व्यावसायिक लाभ कमाने के लिए तैयार किया गया था। जहां पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं थे, जहां फायर सेफ्टी मानकों का पालन नहीं हुआ और जहां छात्रों की सुरक्षा से अधिक महत्व मुनाफे को दिया गया।

कुछ ही समय पहले दिल्ली के मालवीय नगर में भी भीषण आग ने 21 लोगों की जान ले ली थी। उससे पहले मुंडका, अनाज मंडी, करोल बाग, अलीपुर और उपहार सिनेमा जैसे अनेक अग्निकांड देश देख चुका है। हर बार जांच में लगभग एक जैसी बातें सामने आती हैं, अवैध निर्माण, बंद निकास मार्ग, फायर एनओसी का अभाव, क्षमता से अधिक लोगों की मौजूदगी, प्रशासनिक अनदेखी और भ्रष्टाचार। यदि हर बार कारण एक जैसे हैं तो फिर इन घटनाओं को दुर्घटना नहीं बल्कि व्यवस्था की विफलता का परिणाम माना जाना चाहिए। लखनऊ अग्निकांड की प्रारंभिक जांच ने कई गंभीर सवाल खड़े किए हैं। जिस इमारत में कोचिंग सेंटर चल रहा था, वहां स्वीकृत नक्शे के विपरीत निर्माण किया गया था। सेटबैक क्षेत्र तक को कवर कर लिया गया था। नीचे पेट शॉप और गेमिंग जोन संचालित हो रहे थे जबकि ऊपर कोचिंग सेंटर और लाइब्रेरी चल रही थी। एक ही इमारत में अलग-अलग व्यावसायिक गतिविधियों का ऐसा मिश्रण सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत खतरनाक माना जाता है। सबसे गंभीर तथ्य यह सामने आया कि जिस रास्ते से छात्रों को बाहर निकलना था, वह प्रभावी रूप से बंद था। ऐसे में आग लगने के बाद उनके पास बचने का कोई विकल्प नहीं बचा। यह केवल तकनीकी गलती नहीं बल्कि मानव जीवन के प्रति घोर उपेक्षा का उदाहरण है।

सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि ऐसी इमारतें अस्तित्व में आती कैसे हैं? क्या नगर निगम, विकास प्राधिकरण, फायर विभाग, बिजली विभाग और स्थानीय प्रशासन को इसकी जानकारी नहीं होती? कोई भी अवैध निर्माण रातों-रात खड़ा नहीं हो जाता। उसकी नींव पड़ती है, दीवारें खड़ी होती हैं, मंजिलें बनती हैं, बिजली-पानी के कनेक्शन दिए जाते हैं और फिर वहां व्यावसायिक गतिविधियां शुरू हो जाती हैं।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। | **तुला** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। |
| **वृष** निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। | **वृश्चिक** कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। |
| **मिथुन** कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। | **धनु** मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। |
| **कर्क** ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। | **मकर** स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। |
| **सिंह** विवादों व मुकदमे बाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। | **कुंभ** अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। |
| **कन्या** भावनाओं में न बहें, सावधान रहें। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। | **मीन** नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। |

# सिनेमा के माध्यम से बदलती दुनिया का सृजनात्मक दस्तावेज

गौरतलब **विनोद कुमार सिंह**



> इस वर्ष एम आई एफ एफ को दुनिया भर से1459 फिल्मों की प्रविष्टियाँ प्राप्त हुईं, जो इसकी बढ़ती अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा का प्रमाण है। प्रतियोगिता खंड में13 देशों की144 फिल्मों का चयन किया गया, जबकि गैर- प्रतियोगिता खंड में 46 देशों की 202 फिल्मों का प्रदर्शन हुआ। कुल मिलाकर 83 घंटे से अधिक की स्क्रीनिंग और 24 विशेष क्यूरेटेड श्रेणियों ने महोत्सव को विश्व स्तरीय आयाम प्रदान किया। पुरस्कारों की दृष्टि से एम आई एफ एफ-2026 अनेक यादगार उपलब्धियों का साक्षी बना।

**मुम्बई** में आयोजित 19वें मुंबई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का भव्य समापन केवल एक फिल्म समारोह का अंत नहीं, बल्कि सिनेमा की उस वैश्विक यात्रा का उत्सव था जो सभी सीमाओं, भाषाओं और संस्कृतियों से परे मानव अनुभवों को जोड़ती है। इस फिल्म समारोह में वृत्तचित्र,लघु कथा और एनीमेशन फिल्मों को समर्पित यह प्रतिष्ठित महोत्सव एक बार फिर सिद्ध कर गया कि गैर-फीचर सिनेमा समाज के बदलते यथार्थ का सबसे सशक्त दस्तावेज है। समापन समारोह के मुख्य अतिथि महाराष्ट्र के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा थे। उन्होंने कहा कि पिछले तीन दशकों में एम आई एफ एफ एक राष्ट्रीय आयोजन से विकसित होकर वैश्विक रचनात्मक आंदोलन का स्वरूप ग्रहण कर चुका है।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारम्भ किए गए 'हअश्एर' शिखर सम्मेलन का उल्लेख करते हुए कहा कि 'Create in India, Create for the World' आज भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था का नया मंत्र बन चुका है। राज्यपाल ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जिम्मेदार उपयोग और फिल्मकारों की बौद्धिक संपदा की सुरक्षा पर भी विशेष बल दिया। इस वर्ष एम आई एफ एफ को दुनिया भर से1459 फिल्मों की प्रविष्टियाँ प्राप्त हुईं, जो इसकी बढ़ती अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा का प्रमाण है। प्रतियोगिता खंड में13 देशों की144 फिल्मों का चयन किया गया, जबकि गैर- प्रतियोगिता खंड में 46 देशों की 202 फिल्मों का प्रदर्शन हुआ। कुल मिलाकर 83 घंटे से अधिक की स्क्रीनिंग और 24 विशेष क्यूरेटेड श्रेणियों ने महोत्सव को विश्व स्तरीय आयाम प्रदान किया।

पुरस्कारों की दृष्टि से एम आई एफ एफ-2026 अनेक यादगार उपलब्धियों का साक्षी बना। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ वृत्तचित्र फिल्म का प्रतिष्ठित गोल्डन कॉन्च पुरस्कार पोलैंड की फिल्म 'सिल्वर' को प्रदान किया गया। निर्देशक नतालिया कोनियार्ज और निमार्ता मैचेज कुबिकी की इस फिल्म ने मानवीय संवेदनाओं और यथार्थपरक प्रस्तुति से निर्णायकों को प्रभावित किया। अंतरराष्ट्रीय लघु कथा फिल्म श्रेणी में ईरान की 'अंडर द स्नो' को सिल्वर कॉन्च से सम्मानित किया गया,जबकि जर्मनी की एनीमेशन फिल्म 'मायाज सॉन्ग' ने सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय एनीमेशन फिल्म का पुरस्कार प्राप्त किया। इन फिल्मों ने यह सिद्ध किया कि सीमित अवधि में भी गहरे मानवीय अनुभवों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया जा सकता है।भारतीय फिल्मों ने भी अपनी रचनात्मक क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। तमिल एनीमेशन फिल्म 'आर्मस्ट्रॉन्ग फ्रॉम अंगालम्मन टेम्पल स्ट्रीट' को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ एनीमेशन फिल्म का सिल्वर कॉन्च मिला। एफटीआईआई निर्मित लघु कथा फिल्म 'स्मॉल क्लाउड्स' ने सर्वश्रेष्ठ भारतीय लघु कथा फिल्म का सम्मान प्राप्त किया,जबकि निर्देशक साईनाथ एस. उस्काइकर की वृत्तचित्र फिल्म 'वाआई' को सर्वश्रेष्ठ भारतीय वृत्तचित्र फिल्म का पुरस्कार मिला। तकनीकी श्रेणियों में भी भारतीय प्रतिभाओं का दबदबा दिखाई दिया।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं **एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड**, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : **JHAHIN2009/32423**, **प्रबंध सम्पादक** : नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)** : विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

नीति आयोग के सूचकांकों की हुई समीक्षा बैठक


# विभागों को समयबद्ध लक्ष्य पूरा करने के निर्देश



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**लातेहार** : उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में नीति आयोग के सूचकांकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, कृषि, पेयजल, स्वच्छता, वित्तीय समावेशन, महिला एवं बाल विकास तथा सामाजिक सुरक्षा समेत अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में जिले के प्रदर्शन का आकलन किया गया। उप विकास आयुक्त ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्यों में तेजी लाने और लम्बित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नीति आयोग के सूचकांक जिले के समग्र विकास के महत्वपूर्ण मानक हैं। इन सूचकांकों में बेहतर प्रदर्शन से न केवल जिले की रैंकिंग में सुधार होगा, बल्कि आम लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ भी प्रभावी ढंग से पहुंच सकेगा। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों से सम्बन्धित सूचकांकों की वर्तमान स्थिति और उपलब्धियों की जानकारी दी। जिन क्षेत्रों में अपेक्षित प्रगति नहीं पायी गयी, वहां सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिये गये। उप विकास आयुक्त ने विभागों को नियमित रूप से आंकड़ों का अद्यतन करने, योजनाओं की जमीनी स्तर पर निगरानी बढ़ाने और लाभुकों तक योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने के लिए प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिये। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. राजमोहन खलखो, जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सविता कुमारी, जिला कृषि पदाधिकारी नेहा निश्च, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम कुमार साहू, जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## जन शिकायत निवारण शिविर में पहुंचे भूमि विवाद और पीएम आवास से जुड़े मामले



**लातेहार** : उपायुक्त संदीप कुमार के निर्देश पर मंगलवार को समाहरणालय में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर समाहर्ता सलमान जफर खिजरी ने की। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याओं और शिकायतों से प्रशासन को अवगत कराया। जन शिकायत निवारण शिविर में मुख्य रूप से बोरिंग में ईंट-पत्थर भरने, पदस्थापन, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण तथा भूमि विवाद से सम्बन्धित आवेदन प्राप्त हुए। अपर समाहर्ता ने एक-एक कर सभी फरियादियों की बातें सुनीं और सम्बन्धित मामलों की जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि आम लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। प्राप्त शिकायतों को सम्बन्धित विभागों के पास भेज कर उनकी जांच करायी जायेगी और नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। शिविर में पहुंचे लोगों को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन की ओर से हरसम्भव सहयोग का आश्वासन दिया गया। जिला प्रशासन के अनुसार आमजनों की समस्याओं के त्वरित निष्पादन और शिकायतों के निवारण के उद्देश्य से जिला, अनुमंडल और प्रखंड स्तर पर नियमित रूप से जन शिकायत निवारण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। उपायुक्त के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को सभी सम्बन्धित कार्यालयों में यह व्यवस्था लागू है, ताकि लोगों को अपनी समस्याएं रखने के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उनकी शिकायतों का शीघ्र समाधान हो सके।

## ऋषि कांत कुमार साहू बने कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के गुमला जिला अध्यक्ष



**पालकोट** : कांग्रेस संगठन ने संगठन विस्तार एवं सामाजिक भागीदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से ऋषि कांत कुमार साहू को ओबीसी मोर्चा, गुमला जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति से कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ऋषि कांत कुमार साहू ने प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन द्वारा उन पर जताया गया विश्वास उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत बनाने तथा ओबीसी समाज की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीतियों और जनहित के मुद्दों को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर कार्य किया जायेगा। साथ ही समाज के सभी वर्गों को जोड़ते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का प्रयास होगा। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष, विधायक अभिलाष साहू, सिमडेगा विधायक भूषण बड़ा, जिला अध्यक्ष राजनील तिग्गा सहित प्रदेश, जिला एवं प्रखंड समिति के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए कांग्रेस की विचारधारा और जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

## एक झलक

### अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कम्प

**लातेहार** : बरवाडीह रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-2 पर मंगलवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। शव स्टेशन परिसर के समीप पोल संख्या 258/2 के पास पड़ा मिला। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, प्लेटफॉर्म पर शव मिलने की खबर फैलते ही आसपास लोगों की भीड़ जुट गयी। शुरुआती जांच में मृतक किसी विक्षिप्त व्यक्ति जैसा प्रतीत हो रहा है, लेकिन उसकी पहचान समाचार लिखे जाने तक नहीं हो सकी थी। आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार मीणा ने बताया कि मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। मामले की सूचना डालटनगंज जीआरपी को दे दी गयी है। जीआरपी टीम के बरवाडीह पहुंचने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर स्थित एमएमसीएच अस्पताल भेज दिया। फिलहाल पुलिस मृतक की पहचान और मौत के कारणों की जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

### हत्या मामले में दो दोषियों को उम्रकैद की सजा

**लातेहार** : प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेषनाथ सिंह की अदालत ने हत्या के एक मामले में विनोद बिरजिया और अल्फोंस बिरजिया को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोनों पर 20-20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है, जुमार्ना नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। मामला नेतरहाट थाना क्षेत्र के कोरगी गांव का है, जहां 22 जनवरी 2023 को संतोष बिरजिया की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। मृतक की पत्नी प्रतिमा देवी के बयान पर मामला दर्ज हुआ था। अदालत में 11 गवाहों की गवाही के आधार पर दोनों को दोषी करार दिया गया।

### भाजपाइयों ने मनाया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस

**कुंडहित (जामताड़ा)** : भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने मंगलवार को मुख्यालय स्थित बस पड़ाव में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके जीवन और योगदान को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व कृषि मंत्री एवं भाजपा नेता सत्यानंद झा बाटुल ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कोलकाता में हुआ था। वे मात्र 33 वर्ष की आयु में कोलकाता विश्वविद्यालय के कुलपति बने। उन्होंने वर्ष 1951 में भारतीय जनसंघ की स्थापना की और देश की एकता एवं अखंडता के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर में अलग संविधान, अलग झंडा और धारा 370 का विरोध किया था। इसी क्रम में वर्ष 1953 में बिना परमिट जम्मू-कश्मीर जाने पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया, जहां 23 जून 1953 को उनका निधन हो गया। सत्यानंद झा बाटुल ने कहा कि राष्ट्रहित में डॉ. मुखर्जी का त्याग और बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा तथा उनका जीवन देशभक्ति और समर्पण की प्रेरणा देता रहेगा।

## मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर राजनीतिक दलों के साथ बैठक आयोजित



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**गुमला** : भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार संचालित मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम को लेकर 68-गुमला विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी अखिलेश कुमार की अध्यक्षता में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों एवं बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के विभिन्न चरणों एवं भौतिक सत्यापन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि यह कार्यक्रम 20 जून से 07 अक्टूबर 2026 तक संचालित होगा। इसके तहत 30 जून से 29 जुलाई तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया जायेगा। 05 अगस्त को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जायेगी, जबकि 05 अगस्त से 04 सितम्बर तक दावा एवं आपत्तियां प्राप्त की जायेंगी। प्राप्त आवेदनों का निष्पादन 03 अक्टूबर तक किया जाएगा तथा 07 अक्टूबर 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने राजनीतिक दलों से पुनरीक्षण कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग करने तथा पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए जागरूकता फैलाने की अपील की। बैठक में राजनीतिक दलों को बीएलए-2 की नियुक्ति एवं उनका विवरण उपलब्ध कराने के संबंध में भी निर्देशित किया गया।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस आयोजित

# 50 से अधिक मामलों पर हुई सुनवाई



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**गुमला** : उपायुक्त दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में आयोजित साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं दूरस्थ क्षेत्रों से पहुंचे 50 से अधिक फरियादियों की समस्याओं और शिकायतों की सुनवाई की गयी। कार्यक्रम में भूमि एवं राजस्व, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन, आयुष्मान कार्ड, विद्युत आपूर्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं अन्य जनहित से जुड़े मामलों पर सुनवाई हुई। फरियादियों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किए। घाघरा प्रखंड की एक महिला ने जर्जर एवं ध्वस्त हो चुके आवास का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना अथवा अबुआ आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की। वहीं, घाघरा अंचल से प्राप्त एक अन्य आवेदन में वर्ष 1939 के हुकुमनामा के आधार पर दर्ज भूमि के शेष रकबे को राजस्व अभिलेखों में पुनः दर्ज कराने की मांग की गई। पालकोट प्रखंड के एक ग्रामीण ने अपनी बंदोबस्ती भूमि पर वन विभाग द्वारा तालाब निर्माण कराए जाने की शिकायत दर्ज कराते हुए न्यायोचित कार्रवाई की मांग की। चैनपुर प्रखंड के हर्रा पंचायत के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान की कार्यशैली एवं ग्राम विकास कार्यों से संबंधित शिकायतें दर्ज कराईं। पम्पापुर इंटर महाविद्यालय, पालकोट के विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने वित्तीय वर्ष 2019-20 एवं 2020-21 की लंबित अनुदान राशि के भुगतान की मांग की। जन शिकायत निवारण दिवस में एक गंभीर स्वास्थ्य संबंधी मामला भी सामने आया। गिन्डरा गांव के एक किसान ने अपने हड्डी कैंसर से पीड़ित पुत्र के आयुष्मान कार्ड में जन्मतिथि त्रुटि के कारण इलाज में आ रही परेशानी से अवगत कराते हुए आवश्यक सुधार एवं सहयोग की मांग की।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर लायन्स क्लब गुमला ने आयोजित किया योग शिविर



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**गुमला** : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लायन्स क्लब गुमला के तत्वावधान में सांता पब्लिक स्कूल में योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय की योग शिक्षिका जासिंता बेक ने विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया तथा योग के महत्व की जानकारी दी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए लायन्स क्लब गुमला के अध्यक्ष लायन मुरली मनोहर प्रसाद ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए योग को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवनशैली में शारीरिक श्रम कम होने के कारण लोग अनेक बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। ऐसे में योग और नियमित व्यायाम स्वस्थ रहने का प्रभावी माध्यम है। क्लब के सचिव लायन योगेन्द्र प्रसाद साहू ने कहा कि वे पिछले 37 वर्षों से मधुमेह से पीड़ित हैं और नियमित योग एवं मॉर्निंग वॉक के माध्यम से स्वयं को स्वस्थ रख रहे हैं। उन्होंने लोगों से योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने की अपील करते हुए कहा कि योग भारत की अमूल्य देन है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। योग शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाने का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम के अंत में सभी को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी गयीं।

## ओलंपिक दिवस पर खेलकूद व डोपिंग जागरूकता सेमिनार का आयोजन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**लातेहार** : अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर जिला खेल कार्यालय एवं लातेहार जिला ओलंपिक एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दिनभर चले आयोजनों की शूरआत सुबह क्रॉस कंट्री दौड़ और शाम को वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गयी, जबकि बैडमिंटन इंडोर स्टेडियम में डोपिंग जागरूकता एवं ओलंपिक विषयक विशेष सेमिनार का आयोजन हुआ। सेमिनार की अध्यक्षता जिला खेल पदाधिकारी अविनेश कुमार त्रिपाठी ने की। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन नहीं, बल्कि व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने खिलाड़ियों से डोपिंग जैसी प्रवृत्तियों से दूर रहने और स्वच्छ खेल भावना को अपनाने की अपील की। जिला ओलंपिक एसोसिएशन के प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा ने ओलंपिक आंदोलन के इतिहास और उसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक खिलाड़ी की वास्तविक पहचान उसकी मेहनत और अनुशासन से बनती है। उन्होंने कहा कि डोपिंग से हासिल सफलता क्षणिक होती है, जबकि इसका दुष्प्रभाव जीवनभर बना रहता है। कार्यक्रम में लातेहार जिला ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष नीरज कुमार, थ्रो बॉल एसोसिएशन के सचिव शुभम कुमार साव एवं उपाध्यक्ष मीना देवी, बैडमिंटन एसोसिएशन के मनोज कुमार तथा कबड्डी एसोसिएशन की अध्यक्ष खुशबू देवी और सचिव भरत प्रसाद गुप्ता सहित कई खेल पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एसआईआर कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं समय पर पूरा करें सभी दायित्व : एसडीओ

**लातेहार** : सदर प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम को लेकर बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (ईआरओ) सह अनुमंडल पदाधिकारी दिनेश कुमार ने की। प्रशिक्षण के दौरान एसडीओ ने बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों को एसआईआर से जुड़े विभिन्न कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य निर्वाचन प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है, इसलिए सभी कर्मी इसे पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करें। उन्होंने घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करने, आवश्यक प्रपत्रों का सही तरीके से संधारण करने तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि से बचने के निर्देश दिये। एसडीओ ने कहा कि मतदाता सूची को शुद्ध और अद्यतन बनाये रखने में बीएलओ की भूमिका सबसे अहम होती है। ऐसे में सभी कर्मी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करें, ताकि पात्र मतदाताओं का नाम सूची में शामिल हो सके और अपात्र नामों को हटाया जा सके।मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी, बीपीआरओ सतेंद्र उरांव, ऑपरेटर आलोक कुमार एवं राजू कुमार सहित कई बीएलओ पर्यवेक्षक और बीएलओ उपस्थित थे।

## मोदी सरकार के 12 वर्षों में विकास और जनकल्याण के नये कीर्तिमान स्थापित हुए : देवेश तिवारी



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**लातेहार** : ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार की राज्य स्तरीय दिशा समिति (झारखंड) के सदस्य देवेश तिवारी ने मंगलवार को लातेहार सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने इसे भारत के विकास का स्वर्णिम दौर बताते हुए कहा कि देश सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। देवेश तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत 58 करोड़ से अधिक लोगों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा गया है। डिजिटल इंडिया और यूपीआई के विस्तार से भारत दुनिया में डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में अग्रणी देशों में शामिल हुआ है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, उज्ज्वला योजना और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन स्तर में सुधार किया है। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार ने आधारभूत संरचना के विकास पर विशेष जोर दिया है। देशभर में राष्ट्रीय राजमार्गों, एक्सप्रेस-वे, रेलवे नेटवर्क, मेट्रो रेल और हवाई अड्डों का तेजी से विस्तार हुआ है। वंदे भारत ट्रेनों का संचालन और रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण से यात्री सुविधाएं बेहतर हुई हैं। वहीं, स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान ने युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नये अवसर पैदा किये हैं। झारखंड में केन्द्र सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि देवघर एम्स की स्थापना, देवघर हवाई अड्डे का निर्माण तथा 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास राज्य के विकास को नयी गति देने वाला कदम है। इसके अलावा सड़क और रेलवे अवसंरचना के विस्तार तथा जल जीवन मिशन के माध्यम से लाखों ग्रामीण परिवारों को लाभ मिला है। जनजातीय समुदाय के कल्याण को लेकर उन्होंने कहा कि खूंटी से पीएम जनमन अभियान की शुरुआत की गयी, जबकि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के माध्यम से आदिवासी बहुल गांवों के समग्र विकास को बढ़ावा दिया जा रहा है।

## दो दिनों से शिक्षक विहीन है उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पथलाही टोला, पढ़ाई ठप



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**डंडई (गढ़वा)** : डंडई प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पथलाही टोला, रारो में पिछले दो दिनों से एक भी शिक्षक उपस्थित नहीं होने के कारण बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह ठप हो गई है। विद्यालय पहुंच रहे छात्र-छात्राओं को बिना पढ़ाई किए ही प्रतिदिन घर लौटना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार विद्यालय के एकमात्र शिक्षक गोस्वामी शाह की तबीयत खराब होने के कारण वे इलाजरत हैं और विद्यालय नहीं आ पा रहे हैं। उनके अनुपस्थित रहने के बावजूद विभाग द्वारा अब तक किसी वैकल्पिक शिक्षक की प्रतिनियुक्ति नहीं की गई है, जिससे विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित हो गयी है। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आशीष यादव ने बताया कि शिक्षक की अनुपस्थिति के कारण विद्यालय में केवल मध्याह्न भोजन (एमडीएम) संचालित किया जा रहा है। बच्चों को भोजन कराने के बाद घर भेज दिया जाता है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बताया कि वे नियमित रूप से पढ़ाई के लिए स्कूल आते हैं, लेकिन शिक्षक नहीं होने के कारण उनकी पढ़ाई नहीं हो पा रही है। बच्चों का कहना है कि वे स्कूल में केवल खिचड़ी खाकर वापस घर लौट जाते हैं। मामले को लेकर अभिभावकों और स्थानीय लोगों में नाराजगी है। उनका कहना है कि शिक्षक के बीमार होने की स्थिति में विभाग को तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए थी, ताकि बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो।

## चैनपुर एसडीपीओ श्रुति ने सुनी जनता की फरियाद

# हर मंगलवार को होगी जनसुनवाई



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**चैनपुर** : ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से चैनपुर अनुमंडल में हर मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इसी क्रम में चैनपुर थाना परिसर स्थित सर्किल इंस्पेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता एसडीपीओ श्रुति ने की। जनसुनवाई के दौरान एसडीपीओ ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना तथा शिकायतों का समयबद्ध और निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करना है। एसडीपीओ श्रुति ने बताया कि चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चैनपुर, डुमरी, जारी, कुरुमगढ़, रायडीह और सुरसंग थाना क्षेत्रों के नागरिक प्रत्येक मंगलवार को अपनी शिकायतें लेकर जनसुनवाई में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी नागरिक को यदि किसी प्रकार की समस्या है या उसकी शिकायत का समाधान समय पर नहीं हो रहा है, तो वह सीधे जनसुनवाई में उपस्थित होकर अपनी बात रख सकता है।

## नगर आयुक्त रंजीत कुमार लाल ने प्रमंडलीय आयुक्त कुमुद सहाय से की शिष्टाचार मुलाकात



**मेदिनीनगर** : नगर आयुक्त रंजीत कुमार लाल ने प्रमंडलीय आयुक्त कुमुद सहाय से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर नगर प्रशासन एवं शहरी विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर संक्षिप्त चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान नगर क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति तथा नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण से सम्बन्धित मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। आयुक्त ने नगर प्रशासन द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की तथा जनहित से जुड़ी योजनाओं को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने पर बल दिया।

## सेबी में असिस्टेंट मैनेजर बने रजनीश कुमार झारखंड-बिहार से एकमात्र चयनित अभ्यर्थी




फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**लातेहार** : लातेहार व्यवहार न्यायालय में कार्यरत प्रभारी जिला लोक अभियोजक शिव शंकर राम के पुत्र रजनीश कुमार ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता हासिल करते हुए ऑफिसर ग्रेड-ए (असिस्टेंट मैनेजर-लीगल) पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस वर्ष झारखंड और बिहार से इस पद के लिए चयनित होने वाले वे एकमात्र अभ्यर्थी हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा पलामू में ही हुई। भूगर्भ शास्त्र में स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने विधि के क्षेत्र में अपना करियर बनाने का निर्णय लिया। इसी क्रम में उनका चयन दिल्ली विश्वविद्यालय के कैंपस लॉ सेंटर में हुआ, जहां से उन्होंने विधि स्नातक की उपाधि प्राप्त की। विधि की पढ़ाई पूरी करने के बाद रजनीश कुमार 1 सितंबर 2025 से दिल्ली हाईकोर्ट में अधिवक्ता के रूप में प्रैक्टिस कर रहे थे। उनकी इस उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। रजनीश के बड़े भाई मनीष कुमार भी अपनी शैक्षणिक उपलब्धियों को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने झारखंड सहायक लोक अभियोजक की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण की है। परिवार और परिचितों के अनुसार दोनों भाई शुरू से ही मेधावी और प्रतिभाशाली छात्र रहे हैं। रजनीश कुमार के चयन पर स्थानीय अधिवक्ताओं, न्यायिक पदाधिकारियों तथा सामाजिक संगठनों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर बीएलओ एवं सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण आयोजित

# प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में करें सुनिश्चित



फ्रीडम फाइटर संवाददाता


**मेदिनीनगर** : भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत मंगलवार को पलामू जिले के सभी प्रखंड कार्यालयों में बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) एवं बीएलओ सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना तथा प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करना है। सदर प्रखंड कार्यालय में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने किया। इस दौरान उन्होंने बीएलओ एवं सुपरवाइजरों से संवाद कर प्रशिक्षण की प्रगति एवं प्रक्रियाओं की जानकारी ली। उपायुक्त ने कहा कि निर्वाचन आयोग का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची से वंचित न रहे तथा कोई भी अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न हो। उन्होंने कहा कि इस कार्य में बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी कर्मी पूरी निष्पक्षता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने बताया कि 30 जून से बीएलओ घर-घर जाकर इन्यूमरेशन फॉर्म का वितरण करेंगे। इसके लिए सभी बीएलओ को फॉर्म भरने की प्रक्रिया, मतदाताओं से आवश्यक जानकारी प्राप्त करने तथा पूर्व मतदाता सूची से मैपिंग संबंधी जानकारी का पूर्ण ज्ञान होना आवश्यक है। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि जिन मतदाताओं का नाम पूर्व की मतदाता सूची में दर्ज है, उन्हें अतिरिक्त दस्तावेज प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी। साथ ही उनके दर्ज विवरण उनके पुत्र-पुत्रियों के लिए अभिभावक प्रमाण के रूप में मान्य होंगे। उन्होंने मैपिंग प्रक्रिया में विशेष सावधानी बरतने का निर्देश देते हुए कहा कि गलत जानकारी के आधार पर की गई मैपिंग से मतदाता विसंगति (एनॉमली) की श्रेणी में आ सकते हैं, जिससे उन्हें नोटिस, सुनवाई एवं अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ सकता है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर बीएलओ प्रशिक्षण आयोजित



**गुमला** : विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बीएलओ एवं सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 68-गुमला विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह एसडीओ अखिलेश कुमार शामिल हुए। उन्होंने घर-घर सत्यापन, फॉर्म संधारण, पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने तथा मृत व स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 30 जून से 29 जुलाई 2026 तक घर-घर सत्यापन होगा। उन्होंने बूथ संख्या 154 व 166 का निरीक्षण भी किया और कार्य में पारदर्शिता व समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में कई अधिकारी उपस्थित थे।

## रक्तदान महादान, इससे जीवन बचाया जा सकता है : उप विकास आयुक्त



शिविर में 15 यूनिट रक्त संग्रह

**लातेहार** : समाहरणालय परिसर में मंगलवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद ने फीता काट कर किया। कार्यक्रम की शुरूआत उन्होंने स्वयं रक्तदान कर की और उपस्थित लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का सबसे बड़ा माध्यम है। एक यूनिट रक्त कई जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बचाने में सहायक हो सकता है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना, प्रसव, गंभीर बीमारी और ऑपरेशन जैसी परिस्थितियों में रक्त की आवश्यकता पड़ती है, ऐसे समय में स्वैच्छिक रक्तदाता ही मरीजों के लिए उम्मीद की किरण बनते हैं। उन्होंने कहा कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है। जरूरत पड़ने पर केवल मानव द्वारा दान किया गया रक्त ही मरीजों को उपलब्ध कराया जा सकता है। इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने लोगों से रक्तदान को सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाने और इसके प्रति फैली भ्रांतियों को दूर करने का आह्वान किया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती। यह पूरी तरह सुरक्षित प्रक्रिया है और चिकित्सकीय निगरानी में सम्पन्न होती है।

# अल्जीरिया ने जॉर्डन को 2-1 से हराया




एजेंसी

**सैन फ्रांसिस्को :** फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप जे मुकाबले में मंगलवार को अल्जीरिया ने शानदार वापसी करते हुए जॉर्डन को 2-1 से हराकर अपनी नॉकआउट चरण में पहुंचने की उम्मीदें जिंदा रखीं, जबकि जॉर्डन का टूर्नामेंट सफर यहीं समाप्त हो गया। मैच की शुरूआत से ही अल्जीरिया ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और लगातार आक्रमण किए, लेकिन जॉर्डन की मजबूत रक्षापंक्ति ने लंबे समय तक उन्हें सफलता नहीं मिलने दी। इसके उलट जॉर्डन ने मिले मौके का फायदा उठाते हुए 36वें मिनट में बढ़त हासिल कर ली। अल्जीरियाई रक्षण पंक्ति की गलती के बाद बने तेज आक्रमण को निजार अल-रशदान ने निचले कोने में शानदार शॉट लगाकर गोल में बदल दिया। पहला हाफ में 1-0 से पीछे रहने के बाद अल्जीरिया ने दूसरे हाफ में दबाव बढ़ाया और वापसी की शुरूआत 69वें मिनट में हुई। स्थानापन्न खिलाड़ी नाधिर बेनबुआली ने रियाद महरेज के कॉर्नर पर शानदार हेडर लगाकर स्कोर 1-1 कर दिया। इसके बाद अल्जीरिया ने लगातार दबाव बनाए रखा और 82वें मिनट में एक और कॉर्नर से निर्णायक गोल आया। बॉक्स में बनी अफरा-तफरी के बीच अमीन गुइरी ने नजदीक से गेंद को गोल में पहुंचाकर अल्जीरिया को 2-1 की बढ़त दिला दी। अंतिम

## नॉर्वे ने सेनेगल को 3-2 से हरा कर नॉकआउट दौर में बनायी जगह

**न्यूयॉर्क/न्यू जर्सी :** फीफा विश्व कप 2026 में नॉर्वे ने सोमवार (भारतीय समयानुसार मंगलवार) को सेनेगल को रोमांचक मुकाबले में 3-2 से हराकर अंतिम 32 में अपनी जगह पक्की कर ली। नॉर्वे की जीत के नायक एरलिंग हालांड रहे, जिन्होंने दूसरे हाफ में दो गोल दागे। मुकाबले की शुरूआत नॉर्वे के लिए शानदार रही। टीम को शुरूआती बढ़त मार्कस पेडर्सेन ने दिलाई। इसके बाद दूसरे हाफ में एरलिंग हालांड ने आक्रामक खेल दिखाते हुए लगातार दो गोल कर नॉर्वे को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। हालांकि सेनेगल ने हार नहीं मानी। इस्माइला सार ने नॉर्वे के तीसरे गोल के पहले और बाद में दो गोल कर मुकाबले को रोमांचक बना दिया। अंतिम समय में सेनेगल ने बराबरी की कोशिश की, लेकिन नॉर्वे की रक्षापंक्ति ने बढ़त बचाए रखी और टीम ने जीत दर्ज कर नॉकआउट चरण का टिकट हासिल कर लिया। इस जीत




के साथ नॉर्वे ने अगले दौर में प्रवेश सुनिश्चित कर लिया, जबकि सेनेगल की स्थिति मुश्किल हो गई है। सेनेगल दो मैचों में बिना अंक के समूह में तीसरे स्थान पर है। अब सेनेगल को अगले दौर में पहुंचने की उम्मीद बनाए रखने के लिए अपने अंतिम मुकाबले में इराक के खिलाफ जीत दर्ज करनी होगी और अन्य परिणामों पर भी निर्भर रहना पड़ेगा।

## पूर्व डीजीपी सुनील सिन्हा ने किया राइफल शूटिंग चैम्पियनशिप का समापन

**हजारीबाग :** हजारीबाग स्टेडियम में आयोजित चार दिवसीय सुनील सिंह जिला राइफल चैंपियनशिप का शुभारंभ 20 जून को हुआ था। इसके समापन 23 जून स्टेडियम में पूर्व डीजीपी झारखंड अजय कुमार सिंह उपस्थित रहे। विशिष्ठ अतिथि के रूप में पूर्व विधायक किशुन दास, एनसीसी ग्रुप हेड क्वार्टर के ट्रेनिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल आशिक रिशव, झारखंड शूटिंग के स्टेट सेक्टेटरी उत्तम चांद, डिप्टी मेयर अविनाश यादव, रांची के सियाराम सिंह, एस गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को शॉल और बुके देकर सम्मानित किया गया। मंच से पूर्व डीजीपी अजय कुमार सिंह ने कहा कि शूटिंग सिर्फ एक खेल नहीं बल्कि बच्चों के अंदर आत्मविश्वास और उसके प्रतिभा को निखारने का एक मुख्य खेल है। निशानेबाजी करना कोई आसान काम नहीं है इसमें कड़ी मेहनत प्रतिभा स्थिरता आत्मविश्वास और मानसिक संतुलन की जरूरत होती है।

## अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर पलामू में 05 किमी मैराथन दौड़ का आयोजन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**मेदिनीनगर :** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने किया नेतृत्व ,मंगलवार सुबह पलामू जिला प्रशासन द्वारा 5 किलोमीटर मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया।मैराथन दौड़ का शुभारंभ जिला समाहरणालय परिसर, पलामू से हुआ तथा इसका समापन जीएलए कॉलेज मैदान, मेदिनीनगर में किया गया। इस दौरान उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत स्वयं दौड़ में शामिल हुए और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। दौड़ में जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों, कर्मियों, स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं तथा खेल प्रेमियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य खेल, स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा ओलंपिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना था। इस वर्ष ओलंपिक दिवस का वैश्विक संदेश "You Can Do This! Let's Move" रखा गया है, जो लोगों को सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करता है। दौड़ के समापन के बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम से लेकर दसवें स्थान तक आने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने उपस्थित प्रतिभागियों एवं युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन में सफलता प्राप्त करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अनुशासन, समर्पण और जुनून के मूल सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। यही गुण किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने की आधारशिला हैं। उन्होंने युवाओं को नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## ओलम्पिक दिवस पर खिलाड़ियों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का सन्देश, खिलाड़ियों ने निकली रैली

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** ओलम्पिक दिवस के अवसर पर आज धनबाद जिला ओलम्पिक संघ द्वारा पर्यावरण संरक्षण के सन्देश के साथ एक भव्य रैली का आयोजन किया गया. इस दौरान आज जिले के विभिन्न खेल संघों के 100 से अधिक पदाधिकारियों एवं खिलाडियों ने पर्यावरण संरक्षण के स्लोगन युक्त तख्तियां तथा बैनर के साथ स्थानीय सिटी सेण्टर से कला भवन होते हुए रणधीर वर्मा चौक तक मार्च किया । ज्ञात हो कि भारतीय ओलम्पिक संघ ने 2036 के ओलम्पिक गेम्स भारत में आयोजित करने का निर्णय लिया है इसी कड़ी में इस वर्ष ओलम्पिक दिवस के अवसर पर सभी राज्य ओलम्पिक संघों को 2036 पेड़ लगाने का लक्ष्य देते हुए इस वर्ष का ओलम्पिक दिवस




इन्वायरन्मेंटल सस्टेनेबिलिटी और कजर्वेशन के लिए खास से तौर समर्पित किया है । इसी उद्देश्य के साथ आज झारखण्ड ओलम्पिक संघ के मार्गदर्शन में धनबाद जिला ओलम्पिक संघ द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए यह सप्ताहव्यापी वृक्षारोपण कार्यक्रम कि सुरुवात आज इस रैली के माध्यम से कि गई है. आज के इस रैली में जिला ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष एस. एम. हाशमी, महासचिव रंजीत केशरी, वरीय उपाध्यक्ष जुबैर आलम, रेजा इस्तेयाक, कोषाध्यक्ष पवन बरनवाल, संयुक्त सचिव मृदुल बोस, मनोज शर्मा, प्रियरंजन कुमार सूरज वर्मा, कार्यकारी सदस्य राजेश यादव, शिव कुमार महतो, राहुल आनंद, वसीम हाशमी के अलावा फेंसिंग संघ के अमरजीत बांसफोर, मुकेश बांसफोर, अलावा काफी संख्या में खिलाडियों ने शिरकत किया ।

## मैदान मिलेगा, तो पलामू भी ओलंपिक तक पहुंचेगा : सुमित बर्मन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**मेदिनीनगर/पलामू :** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर द कराटे एकेडमी के निर्देशक सुमित बर्मन ने पलामूवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि बच्चों के बेहतर भविष्य, अनुशासन, आत्मविश्वास और देश के गौरव का माध्यम है। उन्होंने जिले के अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को खेलों से जोड़ें और उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि आज खेलों के माध्यम से खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। पलामू में भी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है। जिले में जूडो, वुशु, बॉक्सिंग, तीरंदाजी, राइफल शूटिंग,




जिमनास्टिक, एथलेटिक्स, कुश्ती, वॉलीबॉल सहित कई ओलंपिक खेलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके बावजूद संसाधनों और सुविधाओं की कमी के कारण अनेक प्रतिभाएं अपनी मंजिल तक नहीं पहुंच पाती हैं। सुमित बर्मन ने कहा कि पिछले 18 वर्षों के दौरान उन्होंने ऐसे कई खिलाड़ियों को देखा है जो आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद अपने सपनों को जिंदा रखे हुए हैं। कई अभिभावक अपनी सीमित आय के बावजूद बच्चों को

## चक दे इंडिया, चक दे टीम झारखंड
## राष्ट्रीय गौरव की ओर बढ़ते झारखंड के युवा योद्धा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** दृढ़ संकल्प, अथक परिश्रम और झारखंड की शान को अपने साथ लेकर हमारे प्रतिभाशाली खिलाड़ी 14वीं सिंगा , मकान, प्री टीन, प्री जूनियर और जूनियर राष्ट्रीय पेनचक सिलाट चैंपियनशिप, नासिक महाराष्ट्र के लिए रवाना होंगे वे राष्ट्रीय मंच पर अपने कौशल, अनुशासन और अदम्य जज्बे का प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। प्रस्थान से पूर्व श्री अजय नाथ शाहदेव, अध्यक्ष, जेएससीए ने खिलाड़ियों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ दीं तथा झारखंड की पारंपरिक हस्तनिर्मित अंगवस्त्र भेंट कर उनका सम्मान किया। यह सम्मान राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, आशीर्वाद और गर्व का प्रतीक है। इस गौरवपूर्ण यात्रा के पीछे पेंचक सिलाट की संस्थापक एवं सचिव सुश्री डॉली सिंह का दूरदर्शी मार्गदर्शन और अथक समर्पण रहा है। वहीं, चीफ टेक्निकल डायरेक्टर बिजय कुमार लिम्बु और कोच सूरज चिक बड़ाइक ने खिलाड़ियों को निरंतर प्रशिक्षण, अनुशासन और आत्मविश्वास से सशक्त बनाकर इस राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी मेहनत और प्रतिबद्धता इन युवा खिलाड़ियों की सफलता की मजबूत नींव है।



**टीम झारखंड के गौरवशाली खिलाड़ी**

**एटाशा** कपूर, अनाया खलखो, एलरिक खलखो, आदित्य थापा, जानवी आलिया मेहतो, पलक साहू, मिक्की कुमारी, अंकिता मलिक, अनुप बांदो, तपन गांधी एक्का, अनुराग कुमार मेहतो, आस्था, बिनीत कुमार मुंडा, कृपा राणा, विशाखा थापा, रितिका बाड़ा, रोशनी सिंह, राजश्री, प्राची महापात्रा, सागर टुडू, वायू तिर्की, विभी उरांव, सियाद्री मानव, अंजन राणा, अर्शी मरूफ एवं अदिति कुमारी।



न्यूजर्सी में नार्वे और सेनेगल के बीच हुए फीफा विश्वकप फुटबॉल मैच में सेनेगल के निकोलस जेकसन गोल दागते हुए।

## विश्व योगासन चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता रोशन थापा को राज्यपाल ने किया सम्मानित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** झारखंड और पूरे भारत का नाम रौशन करने वाले रोशन थापा को झारखंड के महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार ने लोकभवन रांची में बधाई दी और सम्मानित किया , उन्होंने कहा यह अत्यंत ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण उपलब्धि है गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित 'प्रथम विश्व योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप' में झारखंड के बेहतरीन योगासन खिलाड़ी रोशन थापा ने वैश्विक मंच पर अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए स्वर्ण पदक (Gold Medal) जीतकर देश का मान बढ़ाया है। यह हम सभी के लिए, विशेषकर पूरे झारखंड के लिए असीम गर्व का विषय है योगासना स्पोर्ट एसोसिएशन ऑफ झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने महामहिम राज्यपाल जी को अंग वस्त्र भेंट कर संगठन के बारे में विस्तार पूर्वक बताया और झारखंड में योगासन खिलाड़ियों को झारखंड सरकार द्वारा प्रोत्साहन प्रदान हो इसके लिए मांग किया जिससे और भी झारखंड में प्रतिभाशाली योगासन खिलाढ़ी निकल सके और प्रदेश का और देश का नाम हो । उन्होंने बताया इस वैश्विक प्रतियोगिता के 'सीनियर बी' कैटेगरी के ट्रेडिशनल इंडिविजुअल इवेंट (Traditional Individual Event) में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए गोल्ड मेडल (स्वर्ण पदक) अपने नाम किया और विश्व चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। उनकी इस अद्भुत उपलब्धि पर पूरा देश गौरवान्वित है। इस प्रतियोगिता में 78 देश के प्रतिभागी शामिल हुए जिसमें 400 से ज्यादा खिलाड़ियों ने भाग लिया । लोकभवन में साथ में रांची जिला योगासन खेल संघ के अध्यक्ष डॉ. संतोषी कुमारी, योगासना स्पोर्ट एसोसिएशन ऑफ झारखंड के तकनीकी निर्देशक प्रहलाद भगत उपस्थित रहे । ऐतिहासिक सफलता पर झारखंड योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अपार हर्ष व्यक्त किया है। संघ के सचिव चंदू कुमार,कोषाध्यक्ष प्रशांत सिंह, मुख्य सलाहकार बिपिन पांडे, संयुक्त सचिव मलय दे,कुणाल, ब्रजेश सिंह, डॉएसके घोषाल, अमित स्वर्णकार,पूजा सिंह और संगठन के सभी सदस्यों ने विजेता खिलाड़ी रोशन थापा को उनकी इस अद्भुत उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की मंगलकामना की।



# झारखंड

## विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यों की समीक्षा बीएलओ एवं सहयोगी शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**गढ़वा :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, रांची कार्यालय से आए अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह द्वारा प्रखंड कार्यालय नगर ऊंटारी एवं डंडा के सभागार कक्ष में विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) से संबंधित गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में संबंधित सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के साथ मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यों की प्रगति, निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप किए जा रहे कार्यों तथा क्षेत्रीय स्तर पर प्राप्त फीडबैक पर विस्तार से चर्चा की गई। अवर निर्वाचन पदाधिकारी ने रक्फ़के अंतर्गत सभी गतिविधियों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न करने के निर्देश दिए। बैठक के उपरांत सभी बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के द्वारा नियुक्त बीएलए-2 को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं, प्रपत्रों के सही निष्पादन, पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने, संशोधन एवं विलोपन संबंधी कार्यों के साथ-साथ क्षेत्र में जागरूकता गतिविधियों के संचालन की जानकारी दी गई। सिंह ने प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित कर्मियों से कहा कि निर्वाचन कार्य लोकतंत्र की आधारशिला है तथा प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करना हम सभी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी बीएलओ एवं बीएलए-2 को पूरी निष्ठा, जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

## मुहर्रम को लेकर कटकमदाग पुलिस अलर्ट, थाना प्रभारी ने किया फ्लैग मार्च

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग/कटकमदाग :** पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निदेशानुसार आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से कटकमदाग थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान पुलिस बल के जवानों के साथ क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा आम नागरिकों में सुरक्षा और विश्वास का संदेश दिया गया। फ्लैग मार्च के दौरान थाना प्रभारी ने क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक कार्यकताओं, अखाड़ा समितियों के प्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों के साथ बैठक कर मुहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे, शांति और अनुशासन के साथ मनाने को लेकर आवश्यक विचार-विमर्श किया। उन्होंने सभी से प्रशासन का



सहयोग करने और किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहने की अपील की। थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने कहा कि मुहर्रम आस्था और अनुशासन का पर्व है। सभी लोग परंपराओं का सम्मान करते हुए आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं। सोशल मीडिया पर किसी भी भ्रामक या आपत्तिजनक संदेश को साझा न करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## उपायुक्त ने जनसुनवाई के माध्यम से सुनीं आमजनों की समस्या
## प्राप्त शिकायतों के समाधान हेतु सम्बन्धित पदाधिकारियों को किया निर्देशित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**गढ़वा :** उपायुक्त गढ़वा पशुपतिनाथ मिश्रा ने आज समाहरणालय सभागार में जनसुनवाई का आयोजन किया। जनसुनवाई में आए फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गई एवं उसके निष्पादन हेतु उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। आज के जनसुनवाई में राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, योजनाओं का लाभ, अतिक्रमण, रोजगार सृजन, बकाया मजदूरी भुगतान समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए आमजनों की समस्याओं को उपायुक्त द्वारा गंभीरता से बारी-बारी सुनी गई एवं यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया गया। उक्त जनसुनवाई में सर्वप्रथम मेराल प्रखंड के रजबंधा निवासी कृषक परमेश्वर सिंह ने आवेदन समर्पित करते हुए पैक्स में किये गये धान विक्रय के विरुद्ध पैसा नहीं मिलने की शिकायत की है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 के फरवरी माह में 86.69 क्विंटल धान का विक्रय मेराल के तेनार पैक्स में किया गया था, जिसके विरुद्ध कुल धान विक्रय की आधी राशि ही उन्हें भुगतान किया गया है, शेष राशि अब तक बकाया है। अतः उन्होंने शेष राशि का भुगतान शीघ्र कराने का अनुरोध किया है। रमना प्रखंड के परसवान निवासी ध्रुव बैठा ने आवेदन समर्पित करते हुए अंचल कार्यालय रमना से भूमि का ऑनलाइन रसीद नहीं कटने की शिकायत की है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2020 तक उनके भूमि का ऑनलाइन रसीद जारी की गई है परंतु अब उनके भूमि का ऑनलाइन रसीद नहीं कट पा रहा है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन प्रक्रिया करने हेतु सभी आवश्यक दस्तावेज अंचल कार्यालय रमना में उनके द्वारा समर्पित किया गया है। अतः उन्होंने अपनी भूमि का ऑनलाइन रसीद काटने हेतु अंचल अधिकारी रमना को आदेश देने का अनुरोध किया है। चिनियां प्रखंड के ग्राम मसरा निवासी ग्रामीणों ने आवेदन समर्पित करते हुए उत्क्रमित मध्य विद्यालय मसरा में आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका का चयन गलत तरीके से करने की शिकायत की है। ग्रामीणों ने बताया कि बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रंका द्वारा निर्धारित तिथि को आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका का चयन किया गया, परंतु अयोग्य

## गढ़वा में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान को लेकर समीक्षा बैठक सम्पन्न
# 23 से 26 जून तक जिलेभर में चलेंगे व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम, सभी विभागों को दिये गये विशेष निर्देश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**गढ़वा :** अपर समाहर्ता-सह-नोडल पदाधिकारी (निषिद्ध मादक पदार्थ) विकास कुमार राय की अध्यक्षता में मंगलवार को निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम एवं नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के सफल संचालन को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी प्रत्यक्ष एवं गूगल मीट के माध्यम से शामिल हुए। बैठक की शुरूआत में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के अंतर्गत अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि 15 जून से 26 जून 2026 तक संचालित अभियान को और अधिक प्रभावी बनाते हुए जन-जन तक इसकी पहुंच सुनिश्चित करें। बैठक में निर्देश दिया गया कि जिले के सभी प्रखंडों में जेएसएलपीएस के स्वयं सहायता समूहों, आंगनबाड़ी



सेविकाओं, सहायिकाओं, मुखियाओं एवं पंचायत सेवकों के सहयोग से प्रत्येक पंचायत एवं गांव में प्रतिदिन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। साथ ही कार्यक्रमों से संबंधित फोटो एवं गतिविधियों को नियमित रूप से ऑनलाइन अपलोड करने का निर्देश भी दिया गया। अभियान की प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को तिथिवार कार्यक्रमों की सूची जिला सामान्य शाखा को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त जिले के सभी उच्च विद्यालयों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्रों में भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम चलाने तथा उसकी रिपोर्ट एवं फोटो अपलोड करने की जिम्मेदारी तय की गई। बैठक में विशेष रूप से उन गांवों एवं पंचायतों पर ध्यान केंद्रित करने का निर्णय लिया गया जहां निषिद्ध मादक पदार्थों का सेवन अपेक्षाकृत अधिक पाया जाता है। ऐसे क्षेत्रों में जेएसएलपीएस की दीदियों के माध्यम से व्यापक जनसंपर्क एवं जागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएंगी। स्वास्थ्य विभाग को जिले की 100 दुकानों पर पोस्टर एवं बैनर के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश प्रसारित करने का लक्ष्य दिया गया है। वहीं शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि जिले के सभी उच्च विद्यालयों, +2 विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में 23 से 26 जून तक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर उसकी जानकारी एवं फोटो नियमित रूप से अपलोड की जाए। जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों जैसे अन्नराज डैम, बंशीधर नगर मंदिर परिसर, सतबहिनी एवं सुखलदरी सहित अन्य प्रमुख स्थलों पर भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए जिला खेल पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि नशा मुक्ति अभियान से संबंधित गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

# बड़ी गिरावट के साथ शेयर बाजार बंद, निवेशकों को 4.63 लाख करोड़ की चपत

## एक झलक

### भारत-अमेरिका ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण पर बातचीत शुरू की


**नयी दिल्ली :** भारत और अमेरिका ने मंगलवार को अपने प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण पर बातचीत शुरू की। दोनों देशों के बीच यह बैठक वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के मुख्यालय वाणिज्य भवन में चल रही है। इस वार्ता का नेतृत्व केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर कर रहे हैं। दोनों देशों के प्रतिनिधियों ने प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण से जुड़े मुद्दों पर बातचीत की शुरूआत की। ये बैठक इस महीने की शुरूआत (2-4 जून) में राष्ट्रीय राजधानी में समझौते को लेकर मुख्य वातार्कारों के स्तर पर हुई बातचीत के बाद हो रही है। इससे पहले राजेश अग्रवाल ने 15 जून को कहा था कि दोनों मंत्रियों के बीच बातचीत मुख्य रूप से फ्रेमवर्क समझौते को अंतिम रूप देने पर केंद्रित रहने की उम्मीद है। केंद्रीय वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल और भारत के मुख्य वातार्कार और वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव दर्पण जैन भी इस बैठक में शामिल हैं इससे पहले केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ह्यएक्सह्न पर एक जारी पोस्ट में कहा कि भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की ओर से वाणिज्य विभाग अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जैमिसन ग्रीर, भारत में अमेरिका के एंबेसडर सर्जियो गोर और उनके प्रतिनिधिमंडल का हार्दिक स्वागत है। हम द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर सार्थक चर्चा की उम्मीद कर रहे हैं।

### सुमीत इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 199.75 करोड़ के राइट्स इश्यू की घोषणा की

**रांची :** पॉलिएस्टर टेक्सचराइज्ड यार्न, पार्टियली ओरिएंटेड यार्न (पीओवाई), फुली ड्रॉन यार्न (एफडीवाई) के उत्पादन से जुड़े अग्रणी एकीकृत पॉलिएस्टर निमार्ताओं में से एक, सुमीत इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एनएसई: सुमीतइंड्स, बीएसई: 514211) ने अपने पात्र शेयरधारकों के लिए राइट्स इश्यू की घोषणा की है। इसका उद्देश्य कंपनी की वित्तीय लचीलापन बढ़ाना तथा उसकी रणनीतिक व्यावसायिक प्राथमिकताओं को समर्थन प्रदान करना है। सुमीत इंडस्ट्रीज लिमिटेड के निदेशक मंडल ने पूर्ण रूप से चुकता इक्विटी शेयर जारी करके कुल रू. 199.75 करोड़ के राइट्स इश्यू की शर्तों को मंजूरी प्रदान की है। राइट्स इश्यू के बारे में बोलते हुए, सुमीत इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मेनेजिंग डिरेक्टर श्री प्रतीक आर. जाजू ने कहा, ह्लराइट्स इश्यू सुमीत इंडस्ट्रीज की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण माईल स्टोन है और यह कंपनी की परिचालन एवं वित्तीय स्थिति को मजबूत बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। हमें अपने मौजूदा शेयरधारकों को कंपनी के भविष्य के विकास में भागीदारी का अवसर प्रदान करते हुए प्रसन्नता हो रही है।

---

**नयी दिल्ली :** कमजोर ग्लोबल संकेत और एशियाई बाजार में बिकवाली के जबरदस्त दबाव के कारण घरेलू शेयर बाजार आज बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। निफ्टी की वीकली एक्सपायरी की वजह से भी शेयर बाजार में आज लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। आज के कारोबार की शुरूआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। हालांकि, बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने रिकवरी कर कुछ देर के लिए हरे निशान में अपनी जगह भी बनाई, लेकिन दोपहर 12 बजे के थोड़ी देर पहले ही बाजार में बिकवाली का जबरदस्त दबाव बन गया। इस बिकवाली की वजह से दोनों सूचकांक दोबारा लाल निशान में गिर गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 1.16 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। दिन भर के कारोबार के दौरान मेटल, आईटी और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर के शेयरों में जम कर बिकवाली होती रही। इसी तरह बैंकिंग, ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, एफएमसीजी, ऑयल एंड गैस और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में आज खरीदारी होती रही। फार्मास्यूटिकल सेक्टर में हुई खरीदारी की वजह से निफ्टी का फार्मा इंडेक्स 0.92 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ, जबकि बीएसई के हेल्थकेयर इंडेक्स ने



0.62 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 1.05 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.48 प्रतिशत टूट कर आज के कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में साढ़े चार करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 475.09 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 479.72 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 4.63 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,447 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,496 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,794 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 157 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 3,002 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 831 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 2,171 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से चार शेयर बढ़त के साथ और 26 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से नौ शेयर हरे निशान में और 41 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 8.02 अंक की मामूली कमजोरी के साथ 77,086.05 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिसके कारण यह सूचकांक रिकवर कर 100.76 अंक की मजबूती के साथ 77,194.83 अंक तक पहुंच गया। हालांकि दोपहर 11:30 बजे के बाद बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से इस सूचकांक ने दोबारा लाल निशान में गोता लगा दिया। लगातार हो रही बिकवाली के कारण यह सूचकांक आज का कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले दिन के ऊपरी स्तर से 1,112.32 अंक लुढ़क कर 1,011.56 अंक की कमजोरी के साथ 76,082.51 अंक के स्तर तक आ गया। अंत में इंट्रा-डे सेटलमेंट की वजह से हुई खरीदारी के कारण सेंसेक्स दिन के निचले स्तर से 118.17 अंक सुधर कर 893.39 अंक की गिरावट के साथ 76,200.68 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 31.60 अंक फिसल कर 24,071.30 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से यह सूचकांक हरे निशान में 24,135.50 अंक तक पहुंचा। हालांकि निफ्टी की यह तेजी अधिक देर तक नहीं टिकी।

## प्राइमरी मार्केट में श्रीधर स्पिनर्स का आईपीओ लॉन्च


**नयी दिल्ली :** कॉटन यार्न मैन्युफैक्चरिंग कंपनी श्रीधर स्पिनर्स का 30.68 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 25 जून तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 29 जून को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 30 जून को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर एक जुलाई को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। आज पहले दिन इस आईपीओ को 54 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन मिला है। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 51 रुपये प्रति शेयर से 53 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 2,000 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स को दो लॉट यानी 4,000 शेयरों के लिए बोली लगाना होगा, जिसके लिए उन्हें 2,12,000 रुपये का निवेश करना होगा। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 57.88 लाख शेयर जारी हो रहे हैं। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए 46.61 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 32.69 प्रतिशत हिस्सा हिस्सा रिजर्व है। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 14.03 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व रखा गया है। इसके अलावा मार्केट मेकर के लिए 6.67 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इस इश्यू के लिए मारवाड़ी चंदाराणा इंटरमेडियरीज ब्रोकर्स प्राइवेट लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है, जबकि एमयूजीएफ इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है। मानसी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का मार्केट मेकर है। श्रीधर स्पिनर्स की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी को 3.35 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 3.42 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान कंपनी को 6.17 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका था। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी लगातार बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 में इसे 126.35 करोड़ का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 134.43 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया।

## बजाज कैपिटल ने जय बजाज को प्रबंध निदेशक एवं सीईओ किया नियुक्त

**नयी दिल्ली :** वित्तीय सेवा कंपनी बजाज कैपिटल ने मंगलवार को जय बजाज को प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने का ऐलान किया। कंपनी ने कहा कि पिछले 60 वर्ष से अधिक की भरोसेमंद विरासत को आगे बढ़ते हुए बजाज कैपिटल खुद को प्रौद्योगिकी-सक्षम और अंतर्दृष्टि-आधारित वित्तीय परामर्श संगठन में बदलने की दिशा में तेजी आगे बढ़ रही है। कंपनी ने कहा कि भविष्य में बजाज कैपिटल वित्तीय तैयारी, व्यक्तिगत सेवानिवृत्ति योजना और बेहतर ग्राहक अनुभव पर केंद्रित नई डिजिटल पहल शुरू करेगी। इस परिवर्तन के साथ बजाज कैपिटल का लक्ष्य अपनी अग्रणी विरासत को मजबूत करना तथा ग्राहकों के साथ दीर्घकालिक संबंधों को और सुदृढ़ बनाना है। साथ ही उनके जीवन के हर महत्वपूर्ण चरण में एक भरोसेमंद वित्तीय भागीदार बनना है।

## गैलेक्सी M47 5G, 29 जून को भारत में होगा लॉन्च

**रांची :** सैमसंग इंडिया 29 जून को अपने लोकप्रिय गैलेक्सी ट सीरीज पोर्टफोलियो में नया गैलेक्सी M47 5G लॉन्च करने जा रहा है। युवा उपयोगकर्ताओंको ध्यान में रखकर तैयार यह स्मार्टफोन अपनी श्रेणी में सबसे अग्रणी फीचर्स लेकर आएगा, जो इसे गेमिंग, मनोरंजन, कंटेंट देखने, मल्टीटास्किंग और रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए उपयुक्त बनाते हैं। गैलेक्सी M47 5G में स्नैपड्रैगन 6 जेन 3 प्रोसेसर दिया गया है, जिसे 4ल्ले आर्किटेक्चर पर बनाया गया है। LPDDR5X RAM के साथ मिलकर यह डिवाइस तेज और सहज प्रदर्शन देती है, जिसमें रुकावट कम होती है और काम जल्दी पूरे होते हैं। यह मेमोरी खपत कम करके पावर




एफिशिएंसी भी बेहतर करता है। इस स्मार्टफोन में कॉर्निंग® गोरिल्ला® ग्लास विक्टस®)+ की सुरक्षा दी गई है, जो खरोंचों से चार गुना बेहतर बचाव और 2 मीटर तक की ऊंचाई से गिरने की क्षमता प्रदान करता है, जिससे इसकी मजबूती और बढ़ती है। गैलेक्सी M47 5G में 6000mAh की बैटरी दी गई है, जो एक बार चार्ज करने पर लंबे समय तक इस्तेमाल के लिए बनाई गई है। इसमें 45W फास्ट चार्जिंग का भी समर्थन है, जिससे उपयोगकर्ताओं को चार्जर से कम समय तक जुड़े रहना पड़ेगा। गेमिंग के शौकीनों के लिए गैलेक्सी M47 5G में बायपास चार्जिंग फीचर दिया गया है, जो गेम खेलते समय डिवाइस को सीधे एडॉप्टर से पावर देता है। इससे गर्मी कम पैदा होती है और परफॉर्मेंस थ्रॉटलिंग कम होती है, जिससे गेमिंग बिना रुकावट जारी रहती है। स्मार्टफोन में 6.7 इंच की FHD+ सुपर एमोलेड डिस्प्ले दी गई है, जो कंटेंट देखने का गहन और आकर्षक अनुभव देती है। 120Hz रिफ्रेश रेट और तेज टच रिस्पॉन्स के साथ यह ऐप्स, वीडियो और गेम्स में स्मूद स्क्रॉलिंग और सहज व्यूइंग अनुभव प्रदान करता है। कैमरे की बात करें तो गैलेक्सी M47 5G में 50MP ओआईएस ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप और 12MP एचडीआर फ्रंट कैमरा दिया गया है। रियर कैमरे में मौजूद ऑप्टिकल इमेज स्टेबलाइजेशन (ओआईएस) हाथ के हिलने या अचानक झटकों से होने वाली धुंधलाहट को कम करके उच्च-रिजॉल्यूशन तस्वीरें और स्थिर वीडियो लेने में मदद करता है। एचडीआर फ्रंट कैमरा तेज धूप या बैकलिट जैसे चुनौतीपूर्ण रोशनी वाले माहौल में भी शानदार और जीवंत सेल्फी देता है। उपयोगकर्ता 4K रिजॉल्यूशन में वीडियो रिकॉर्डिंग भी कर सकेंगे, जिससे बेहतर गुणवत्ता, अधिक स्पष्टता और असल जैसे रंगों के साथ वीडियो कैप्चर संभव होगा।

## सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी में बदलाव नहीं

**नयी दिल्ली :** घरेलू सर्राफा बाजार में शुरूआती कारोबार के दौरान सोने की कीमत में तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। हालांकि चेन्नई में सोने के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ है। भाव में आई तेजी के कारण आज चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर दूसरे सरार्फा बाजार में सोना 420 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 450 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। चांदी के भाव में भी आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोने की कीमत में आए उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,46,520 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,48,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,34,310 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,35,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 2,49,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,46,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,34,460 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,46,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,34,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,46,570 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,34,360 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,48,360 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,35,990 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,46,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,34,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,46,570 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,34,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## पर्दे पर पिता का किरदार निभाना बहुत खास है : इकबाल खान

**मुंबई :** पिता बनने का अनुभव अक्सर वह नजरिया देता है, जिससे इंसान अपने ही माता-पिता को और गहराई से समझने लगता है। अभिनेता इकबाल खान के लिए यह सफर असल ज़िंदगी और पर्दे दोनों पर चलता है। सोनी सब के शो यादें में डॉ. देव मेहता का किरदार निभा रहे इकबाल खान को अपने निजी अनुभवों और किरदार की भावनात्मक परतों में कई समानताएं मिलती हैं। डॉ. देव और जिया (हर्लीन रुपानी) के बीच दर्शकों ने कई दिल छू लेने वाले पल देखे हैं और ये दृश्य इकबाल खान के लिए भी बेहद खास मायने रखते हैं। असल ज़िंदगी में दो बेटियों के पिता होने के नाते, इकबाल पैरेंटिंग से जुड़ी भावनाओं को सहजता से महसूस करते हैं। चाहे बच्चे की सोच को समझना हो, नई पीढ़ी के साथ तालमेल बैठाना हो या फिर धैर्य रखना सीखना हो, वे मानते हैं कि पिता बनना एक ऐसा सफर है, जो हर दिन कुछ नया सिखाता है। इकबाल खान ने बताया कि पिता बनने के बाद इस रोल को लेकर उनका नजरिया कैसे बदला है। उन्होंने कहा, पर्दे पर पिता का किरदार निभाना मेरे लिए बहुत खास अनुभव है, क्योंकि असल ज़िंदगी में पिता बनने का मेरा सफर मेरे अभिनय को प्रभावित करता है।

## फुटबॉल फीवर को फैशन में लाया Yousta, लॉन्च किया FIFA कलेक्शन

**मुम्बई :** रिलायंस रिटेल के यूथ फैशन ब्रांड Yousta ने अपना नया FIFA कलेक्शन लॉन्च किया है। कलेक्शन उन युवाओं को ध्यान में रख कर तैयार किया गया है, जो खेल से जुड़ाव को अपने रोजमर्रा के स्टाइल में भी दिखाना चाहते हैं। यह कलेक्शन फुटबॉल, फैशन और पॉप कल्चर को एक साथ लाता है। कम्पनी के मुताबिक इस नए कलेक्शन में पुरुषों, महिलाओं, बच्चों समेत पूरे परिवार के लिए FIFA अपैरल शामिल हैं।

यह कलेक्शन Yousta स्टोर्स पर उपलब्ध होगा। इसमें फुटबॉल की लोकप्रिय टीमों से प्रेरित कंट्री जर्सी, ट्रेंडी कैजुअलवियर, को-ऑर्ड सेट्स, ग्राफिक टी-शर्ट, स्पोर्ट्स-इंस्पायर्ड डेनिम और कई कैरेक्टर-बेस्ड डिजाइन शामिल हैं। Yousta का कहना है कि लाइसेंस्ड कलेक्शन उसके पोर्टफोलियो का अहम हिस्सा हैं, क्योंकि इनके जरिए ब्रांड युवाओं की पसंद, रुचि और सांस्कृतिक मौकों से सीधे जुड़ पाता है।

- जर्सी, ग्राफिक टी-शर्ट, को-ऑर्ड सेट्स और स्पोर्ट्स-इंस्पायर्ड डेनिम शामिल
- Gen Z के बीच स्पोर्ट्स-इंस्पायर्ड स्ट्रीटवियर की बढ़ रही है लोकप्रियता
- Mickey & Minnie, Peanuts और Garfield जैसे लोकप्रिय किरदार भी कलेक्शन का हिस्सा



कलेक्शन में "Fun with FIFA" रेंज भी शामिल है। यह फुटबॉल से प्रेरित स्पोर्ट्सवियर को ज्यादा रंगीन और फैशन-फ्रेंडली अंदाज में पेश करती है। इसमें टी-शर्ट और शॉर्ट्स के को-ऑर्ड सेट्स, रिब्ड टैंक्स और स्पोर्ट्स स्टाइल डेनिम शामिल हैं। टमाटर रेड और ब्राइट ग्रीन जैसे चटख रंग इसे युवाओं के लिए और आकर्षक बनाते हैं।

इस रेंज में मिकी और मिनी, पीनट्स और गारफील्ड जैसे लोकप्रिय किरदारों को भी शामिल किया गया है। इससे फुटबॉल-इंस्पायर्ड फैशन में एक मजेदार और एक्सप्रेसिव टच जुड़ता है। कंपनी के मुताबिक बच्चों के को-ऑर्ड सेट्स इस कलेक्शन के मजबूत परफॉर्म करनेवाले प्रोडक्ट्स में शामिल हैं। Yousta के अनुसार FIFA कलेक्शन को मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया दिखाती है कि Gen Z ग्राहकों के बीच स्पोर्ट्स-इंस्पायर्ड स्ट्रीटवियर और एथलीजर फैशन की लोकप्रियता बढ़ रही है। कम्पनी का कहना है कि Yousta अपने ग्राहकों के लिए ऐसे कलेक्शन तैयार कर रहा है, जो अंतरराष्ट्रीय खेलों के उत्साह को आसान और ट्रेंडी फैशन के जरिये उनके करीब लाते हैं।

## पेज एक के शेष

**राष्ट्रपति ने रूपी सोरेन को सौंपा दिशोम गुरु का पद्मभूषण सम्मान...**

राष्ट्रीय स्तर पर भी औपचारिक मान्यता मिली है। नेमरा गांव के एक साधारण परिवार से निकल कर देश के तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान तक पहुंचने की यह यात्रा भारतीय लोकतंत्र और जन आन्दोलनों के इतिहास में एक महत्त्वपूर्ण अध्याय के रूप में दर्ज रहेगी।

**अलका याग्निक समेत 65 हस्तियों को राष्ट्रपति मुर्मू ने किया अलंकृत...**

समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देनेवालीं हस्तियों को देश के प्रतिष्ठित नागरिक सम्मानों से नवाजा गया। इस दूसरे नागरिक सम्मान समारोह में राष्ट्रपति ने कुल 65 पद्म पुरस्कार प्रदान किये, जिनमें दो पद्म विभूषण, सात पद्म भूषण और 56 पद्म श्री शामिल हैं। इससे पहले मई में आयोजित पहले समारोह में भी 65 लोगों को पद्म सम्मान दिये गये थे।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री और झारखंड के वरिष्ठ आदिवासी नेता शिबू सोरेन को मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। उनकी पत्नी रूपी सोरेन ने राष्ट्रपति से यह सम्मान ग्रहण किया। वहीं, लोकप्रिय पार्श्व गायिका अलका याग्निक को भी संगीत क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्म सम्मान प्रदान किया गया।

राष्ट्रपति मुर्मू ने पी. नारायणन और सेवानिवृत्त न्यायाधीश के. टी. थॉमस को क्रमशः साहित्य एवं शिक्षा तथा जनसेवा के क्षेत्र में पद्म विभूषण से सम्मानित किया। इसके अलावा पश्चिम बंगाल के प्रोफेसर महेंद्र नाथ रॉय को विज्ञान एवं इंजीनियरिंग के क्षेत्र में पद्मश्री प्रदान किया गया।

समारोह की एक विशेषता यह भी रही कि विदेशी नागरिकों को भी उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अमेरिका के चिकित्सक डॉ. दत्तात्रेयुडु नोरी को पद्म भूषण दिया गया, जबकि रूस की ल्यूडमिला खोखलोवा को साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित किया गया। जॉर्जिया के व्लादिमीर मेस्तविरीशिवली को मरणोपरांत खेल क्षेत्र में पद्मश्री प्रदान किया गया।

देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल पद्म पुरस्कार कला, साहित्य, विज्ञान, चिकित्सा, शिक्षा, खेल, समाज सेवा और जनसेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान के लिए दिये जाते हैं। इन पुरस्कारों की घोषणा प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की जाती है।

**आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों को मोदी ने दिया 'नागरिक देवो भव' का मंत्र...**

बल्कि देश के करोड़ों लोगों के भविष्य को भी प्रभावित करेंगे।

उन्होंने अधिकारियों से संवेदनशील, उत्तरदायी और समावेशी शासन सुनिश्चित करने का आग्रह करते हुए कहा कि लोक सेवा का मूल उद्देश्य नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रशासन से जुड़े प्रत्येक निर्णय में मानवीय दृष्टिकोण होना चाहिए और शासन व्यवस्था को लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप बनाना अधिकारियों की जिम्मेदारी है।

मोदी ने विकसित भारत-2047 के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए कहा कि आनेवाले वर्षों में प्रत्येक नीति और प्रशासनिक निर्णय का केन्द्र विकसित भारत का निर्माण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया, विनिर्माण क्षेत्र का विस्तार, ऊर्जा सुरक्षा और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करना देश की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल हैं।

प्रधानमंत्री ने विभागों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि विकास की जटिल चुनौतियों का समाधान अलग-अलग विभागों के स्तर पर नहीं, बल्कि समग्र सरकारी दृष्टिकोण से ही सम्भव है। उन्होंने कहा कि प्रभावी अंतर-विभागीय सहयोग से ही स्थायी और सार्थक परिणाम प्राप्त किये जा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में शासन व्यवस्था प्रक्रिया-आधारित मॉडल से परिणाम-उन्मुख मॉडल की ओर बढ़ी है। डिजिटल गवर्नेंस, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और प्रौद्योगिकी की बढ़ती भूमिका का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इन माध्यमों से सेवा वितरण में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ी है।

प्रधानमंत्री ने अधिकारियों से आंकड़ों को केवल संख्या के रूप में नहीं, बल्कि लोगों के जीवन, उनकी चुनौतियों और आकांक्षाओं के प्रतिबिंब के रूप में देखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि नीतियों की सफलता का आकलन जमीनी स्तर पर उनके वास्तविक प्रभाव से होना चाहिए। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्तमान आईएएस बैच में 40 प्रतिशत से अधिक महिला अधिकारी हैं, जो प्रशासनिक सेवाओं में महिलाओं की बढ़ती भूमिका को दशार्ता है। प्रधानमंत्री ने युवा अधिकारियों से पद और प्रतिष्ठा के बजाय अपने कार्यों के परिणामों से संतुष्टि प्राप्त करने तथा राष्ट्र निर्माण में अपने योगदान का निरंतर मूल्यांकन करने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास जताया कि उनकी ऊर्जा, प्रतिभा और समर्पण भारत के विकास को नयी ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। कार्मिक राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पी.के. मिश्रा, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव-2 शक्तिकांत दास, मंत्रिमंडल सचिव टीवी सोमनाथन, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की सचिव रचना शाह, एलबीएसएनएए के निदेशक श्रीराम तरणिकांति और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस संवाद के दौरान उपस्थित थे।

**03 जुलाई को दुमका-गोविंदपुर 220 केवी संचरण लाइन का लोकार्पण करेंगे मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन...**

से दुमका, गोड्डा, पाकुड़, देवघर, धनबाद समेत कई जिलों के उपभोक्ताओं को बेहतर और निर्बाध बिजली आपूर्ति का लाभ मिलेगा। इससे बढ़ती विद्युत मांग को पूरा करने के साथ औद्योगिक एवं घरेलू उपभोक्ताओं को भी राहत मिलने की उम्मीद है।

इसके अलावा मुख्यमंत्री 03 जुलाई को पाकुड़ जिले के अमड़ापाड़ा (जियापानी), पूर्वी सिंहभूम के सुरदा तथा जामताड़ा के नारायणपुर में स्थापित 132/33 केवी ग्रिड सबस्टेशनों का भी लोकार्पण करेंगे। इससे राज्य की बिजली अवसंरचना को और सुदृढ़ बनाने में मदद मिलेगी।

**सीयूईटी-यूजी 2026 परिणाम घोषित, एक अभ्यर्थी ने चार विषयों में हासिल किया 100 पर्सेंटाइल...**

वर्ग में आवेदन संख्या 263510280526 ने 1230.82 अंक के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जबकि महिला वर्ग में आवेदन संख्या 263510269243 1232.19 अंक के साथ पहले स्थान पर रही।

अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग में पुरुष अभ्यर्थियों में आवेदन संख्या 263510375529 (1142.98) और महिला अभ्यर्थियों में आवेदन संख्या 263510669272 (1171.46) शीर्ष पर रहीं। वहीं, अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग में पुरुष अभ्यर्थियों में आवेदन संख्या 263510341112 (1079.96) तथा महिला अभ्यर्थियों में आवेदन संख्या 263510509426 (1160.41) ने सर्वोच्च एग्रीगेट स्कोर हासिल किया।

दिव्यांग अभ्यर्थियों की शीर्ष-10 सूची में आवेदन संख्या 263510208898 ने 1092.95 एग्रीगेट एनटीए स्कोर के साथ पहला स्थान प्राप्त किया।

एनटीए के अनुसार केन्द्रीय विश्वविद्यालयों तथा अन्य भागीदार विश्वविद्यालयों, संस्थानों और स्वायत्त महाविद्यालयों के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित सीयूईटी (यूजी)-2026 का आयोजन 11 से 31 मई तथा 6 और 7 जून को कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) मोड में किया गया था। परीक्षा का आयोजन 321 शहरों में किया गया, जिनमें 13 विदेशी शहर भी शामिल थे। विदेशी परीक्षा केन्द्रों में अबू धाबी, दोहा, काठमांडू, कुआलालंपुर, कुवैत सिटी, लागोस, मनामा, मस्कट, रियाद, शारजाह, सिंगापुर, वेस्ट जावा और वाशिंगटन शामिल थे।

परीक्षा में कुल 37 विषय शामिल थे, जिनमें 13 भाषाएं, 23 विषय-विशिष्ट पाठ्यक्रम और एक जनरल एप्टीट्यूड टेस्ट शामिल था। प्रश्नपत्र 13 भाषाओं में उपलब्ध कराए गए। परीक्षा को 19 दिनों में 35 शिफ्टों में सम्पन्न कराया गया।

इस वर्ष परीक्षा के लिए 15,68,867 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया, जबकि 11,64,098 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। अभ्यर्थियों को अधिकतम पांच विषय चुनने की सुविधा दी गयी थी। इसके परिणामस्वरूप लगभग 67,56,327 टेस्ट-इंस्टेंस और 12,906 अलग-अलग विषय संयोजन बने।

एजेंसी ने बताया कि परिणाम अंतिम उत्तर कुंजी के आधार पर तैयार किए गए हैं और परीक्षा समाप्त होने के मात्र 16 दिनों के भीतर परिणाम घोषित कर दिये गये, जो पिछले वर्ष की तुलना में 14 दिन कम है। विश्वविद्यालयों को अभ्यर्थियों के स्कोर साझा किये जा रहे हैं और अब प्रवेश प्रक्रिया सम्बन्धित विश्वविद्यालय अपने नियमों के अनुसार संचालित करेंगे।

**पाक रक्षा मंत्री का बयान घरेलू मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश : भारत...**

थी कि पानी की सुरक्षा से जुड़े खतरों के कारण सिंधु जल संधि को लेकर युद्ध हो सकता है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने 1960 की जल संधि को निलम्बित कर दिया था।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम इन मनगढ़ंत दावों को पूरी तरह और पूरी सख्ती के साथ खारिज करते हैं। पाकिस्तान के अवैध और जबरन कब्जे वाले इलाकों में हो रहे विरोध-प्रदर्शन, पाकिस्तान की दशकों पुरानी नीतियों का नतीजा हैं, जिनमें व्यवस्थित आर्थिक शोषण, मौलिक अधिकारों से वंचित रखना और प्रशासनिक दमन शामिल है। इन इलाकों में पाकिस्तान ने पुलिस की बर्बरता, जरूरी सामान और दवाओं की सप्लाई रोकना, इंटरनेट बंद करना और निहत्थे नागरिकों के खिलाफ जानलेवा बल का इस्तेमाल करके प्रतिक्रिया दी है।

**आय से अधिक सम्पत्ति मामले में आबकारी अधीक्षक के ठिकानों पर एसीबी की छापेमारी, दस्तावेज जब्त...**

चल और अचल सम्पत्तियों की जानकारी एकत्र करने पर केन्द्रित है। एसीबी टीम बैंक खातों, निवेश, भूमि एवं भवन सम्बन्धी दस्तावेजों सहित अन्य वित्तीय लेन-देन की भी जांच कर रही है।

एसीबी अधिकारियों ने बताया कि जब्त किये गये दस्तावेजों और रिकॉर्ड का परीक्षण पूरा होने के बाद मामले में विस्तृत जानकारी सार्वजनिक की जायेगी। जांच पूरी होने पर आरोपित अधिकारी की कुल संपत्ति, आय के स्रोत तथा कथित अनियमितताओं से जुड़े तथ्यों का खुलासा किया जायेगा।

फिलहाल, मामले में तलाशी और दस्तावेजों की जांच की कार्रवाई जारी है तथा एसीबी जांच के निष्कर्षों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई करेगी।

## एक झलक

### नेपाल के पूर्व वित्त मंत्री मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार

**काठमांडू :** नेपाल के पूर्व वित्त मंत्री और नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (यूएमएल) के वरिष्ठ नेता बिष्णु प्रसाद पौडेल को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उन्हें पश्चिमी नेपाल के एक होटल से हिरासत में लिया। अधिकारियों ने बताया कि पौडेल को आगे की जांच के लिए काठमांडू लाया जा रहा है।
पुलिस प्रवक्ता अबी नारायण काफ्ले के अनुसार, 66 वर्षीय पौडेल को विस्तृत जांच के लिए मनी लॉन्ड्रिंग जांच विभाग को सौंपा जाएगा।पौडेल पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली की सरकार में वित्त मंत्री सहित कई महत्वपूर्ण मंत्रालयों का कार्यभार संभाल चुके हैं। उनकी गिरफ्तारी तब हुई है जब नेपाल की नई सरकार पूर्व प्रशासन से जुड़े कथित भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं के मामलों पर कार्रवाई तेज कर रही है।

### जापान में पाक की अवैध मस्जिद पर बुलडोजर एक्शन

**टोक्यो :** जापान के अधिकारियों ने कावागो शहर में पाकिस्तानियों द्वारा बिना अनुमति निर्मित मस्जिद को गिराने का आदेश दिया है। इस घटनाक्रम ने जापान में पाकिस्तान के राजदूत अब्दुल हमीद और कई वरिष्ठ पाकिस्तानी राजनयिकों के लिए गंभीर शर्मिंदगी पैदा कर दी है, क्योंकि राजदूत ने स्वयं मस्जिद का उद्घाटन किया था। यह कार्रवाई जामा मस्जिद रमजान नामक इमारत के अवैध निर्माण और जापानी शहरी नियोजन कानूनों के उल्लंघन के कारण की जा रही है।
जापानी अधिकारियों के अनुसार,मस्जिद कावागो शहर के शिमो-अकासाका क्षेत्र में बनाई गई थी।

# अवसर व शिक्षा की ओर बढ़ते बस्तर के युवा : मोदी

एजेंसी

**रायपुर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बस्तर का उल्लेख करते हुए कहा कि जहां कभी आतंक और हिंसा का माहौल था, वहां आज युवाओं की ऊर्जा खेल और प्रतिभा के माध्यम से सामने आ रही है। बस्तर ओलंपिक जैसे आयोजनों में लाखों युवाओं की भागीदारी इस परिवर्तन का सशक्त उदाहरण है। यह दशार्ता है कि अब वहां के युवा हिंसा के रास्ते को नहीं, बल्कि अवसर, शिक्षा, खेल और विकास के मार्ग को अपना रहे हैं। यह जानकारी राज्य सूचना विभाग ने आज अपने बयान में दी।



प्रधानमंत्री मोदी ने नक्सलवाद के खिलाफ देश की लड़ाई को विकास और जनविश्वास की विजय बताते हुए कहा है कि सरकार ने नक्सलवाद और माओवाद को जड़ से समाप्त करने का संकल्प लिया था और आज उसके सकारात्मक परिणाम पूरे देश के सामने हैं। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में कभी भय, हिंसा और अविश्वास का वातावरण था, वहां आज विकास, सुशासन और नई संभावनाओं का युग प्रारंभ हो चुका है।
प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एक समय नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सामान्य नागरिक निरंतर भय के साये में जीवन जीने को मजबूर थे। लोगों को अपनी सुरक्षा, आजीविका और सम्मान की चिंता रहती थी। विकास कार्यों को आगे बढ़ाना अत्यंत कठिन था। सड़क निर्माण से लेकर संचार सुविधाओं के विस्तार तक हर प्रयास का हिंसक विरोध किया जाता था। कई बार निर्माण सामग्री को जला दिया जाता था। ठेकेदारों को धमकाकर भगा दिया जाता था और विकास कार्यों को रोकने की कोशिश की जाती थी।
प्रधानमंत्री ने कहा कि इन चुनौतियों के बावजूद सरकार ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। बीते वर्षों में हजारों किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया गया, हजारों मोबाइल टावर स्थापित किए गए और दूरस्थ गांवों तक संचार सुविधाएं पहुंचाई गईं। बैंकिंग सेवाओं, डाक सेवाओं और वित्तीय समावेशन के माध्यम से लोगों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन केवल आधारभूत संरचनाओं का विस्तार नहीं, बल्कि लोगों के जीवन में विश्वास और अवसरों का विस्तार है।
प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि नक्सलवाद के विरुद्ध लड़ाई केवल बम, बंदूक और गोली के सहारे नहीं लड़ी गई। सरकार ने सुरक्षा के साथ-साथ जनसामान्य की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने पर भी समान रूप से ध्यान दिया। शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने, गरीबों को अधिकार दिलाने और लोकतंत्र के प्रति विश्वास मजबूत करने के निरंतर प्रयास किए गए। इसी का परिणाम है कि आज नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आमजन का भरोसा लोकतांत्रिक व्यवस्था और विकास की प्रक्रिया में बढ़ा है।
मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के ह्यनेशन फर्स्टह्ण संकल्प, दूरदर्शी नेतृत्व और सुरक्षा बलों के अदम्य साहस ने बस्तर सहित पूरे नक्सल प्रभावित क्षेत्र की तस्वीर बदल दी है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां कभी नक्सलवाद का आतंक था, वहां आज विकास का आत्मविश्वास दिखाई देता है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार, बैंकिंग और जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुंच ने लोगों के जीवन में अभूतपूर्व परिवर्तन लाया है।

## हिन्दुस्तान कोका कोला समूह मध्य प्रदेश में करेगा 300 करोड़ रुपये का निवेश

**भोपाल :** हिन्दुस्तान कोका कोला समूह मध्य प्रदेश में 300 करोड़ रुपये का निवेश करने जा रहा है। यह जानकारी मंगलवार को कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हेमंत रुपानी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात के दौरान दी। दरअसल, हिन्दुस्तान कोका-कोला बेवरेजेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हेमंत रुपानी ने आज भोपाल प्रवास के दौरान मंत्रालय पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार की उद्योग मित्र नीतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि हिन्दुस्तान कोका कोला समूह मध्य प्रदेश में 300 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रहा है।

## अल नीनो की चुनौती से निपटने को सभी जिलों के लिए आकस्मिक योजना तैयार : शिवराज

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश और दुनिया इस समय अल नीनो की चुनौती का सामना कर रहे हैं, जिसका असर कृषि क्षेत्र पर भी पड़ सकता है। यह चिंता का विषय जरूर है, लेकिन सरकार हर चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है।
कृषि मंत्रालय में यहां मंगलवार को आयोजित बैठक में शिवराज सिंह ने कहा कि मोदी सरकार समस्याओं के आने का इंतजार नहीं करती, बल्कि पहले से रणनीति बनाकर तैयारी करती है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य किसानों के हितों की रक्षा करना और संभावित आपदा को अवसर में बदलना है।

# होर्मुज जलडमरूमध्य का खुलना ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगा : अजीत डोभाल

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने मंगलवार को ब्रिक्स देशों की यहां आयोजित बैठक में कहा कि अमेरिका-ईरान के बीच बनी समझ का भारत स्वागत करता है। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य का खुलना ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगा, आपूर्ति श्रृंखला की बाधाओं को कम करेगा तथा उर्वरक, रसायन और अन्य आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता बेहतर करेगा। इससे क्षेत्रीय और वैश्विक आर्थिक समृद्धि को भी बढ़ावा मिलेगा।
डोभाल ने 16वीं ब्रिक्स राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बैठक में वैश्विक चुनौतियों के बीच ब्रिक्स की अहम भूमिका को रेखांकित किया। डोभाल ने कहा कि दुनिया इस समय सैन्य संघर्षों, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं, आर्थिक दबावों और विघटनकारी प्रौद्योगिकियों जैसी जटिल चुनौतियों का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि संघर्ष समाधान के पारंपरिक तंत्र कमजोर पड़ रहे हैं और ऐसे समय में ब्रिक्स की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।



### डोभाल से मिले चीन के विदेश मंत्री वांग यी

**चीन** के विदेश मंत्री वांग यी ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात के बाद कहा कि चीन और भारत को द्विपक्षीय संबंधों को दीर्घकालिक दृष्टिकोण से देखने के साथ-साथ वैश्विक परिप्रेक्ष्य से भी सहयोग को बढ़ावा देना चाहिए। दोनों देशों को अपने नेताओं के बीच बनी सहमति को ठोस कदमों के जरिए लागू करना चाहिए, ताकि सहयोग के माध्यम से विकास और पुनरुत्थान को गति दी जा सके और ग्लोबल साउथ के आधुनिकीकरण की प्रक्रिया तेज हो।

## अडाणी मुंद्रा एयरपोर्ट पर कमर्शियल उड़ान शुरू

**मुंद्रा :** अडाणी मुंद्रा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर मंगलवार को पहली कमर्शियल फ्लाइट की सफल लैंडिंग के साथ नियमित उड़ान सेवा की शुरूआत हो गई। गोवा से स्टार इंडिया की फ्लाइट के लैंड करने पर वाटर कैनन सलामी के साथ भव्य स्वागत किया गया। अडाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) के डायरेक्टर जीत अडाणी ने मुंद्रा एयरपोर्ट के नए बने टर्मिनल का उद्घाटन भी किया। एएएचएल के डायरेक्टर जीत अडाणी ने मुंद्रा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से कमर्शियल उड़ानों की शुरूआत होने पर खुशी जताते हुए इसे एक ऐतिहासिक दिन बताया है। उन्होंने कहा कि इस हवाई सेवा की शुरूआत होने से मुंद्रा के लोकल बिजनेस और टूरिज्म दोनों को एक बहुत बड़ा बूस्ट मिलेगा।

## मायोसिटिस नाम की बीमारी से जूझ रही हैं सामंथा रुथ

**मुम्बई :** साउथ और बॉलीवुड एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म मा इंटि बंगरम के प्रमोशन को लेकर बिजी हैं। ग्लैमर की दुनिया बाहर से जितनी सुंदर दिखती है, अंदर की कहानी उतनी ही दुखभरी होती है। ऐसी ही एक सैड स्टोरी एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने शेयर की है। अपनी मूवी के प्रमोशन के दौरान उन्होंने बताया कि वे एक मायोसिटिस नाम की बीमारी से जूझ रही हैं। उन्होंने अपनी सेहत से जुड़ी जो बातें बताईं, उसने सबको भावुक कर दिया। सामंथा ने बताया कि आए दिन लोग उनसे सवाल करते रहते थे कि आप इतनी पतली कैसे हो रही हैं और इतने लंबे ब्रेक पर क्यों हैं। अपनी बात को रखते हुए उन्होंने कहा कि अक्सर व्यक्ति किसी दूसरे की परिस्थितियों को समझ नहीं पाते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसा नहीं है कि उन्हें खाने की इच्छा नहीं होती, बल्कि उनकी स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां ऐसी हैं कि चाहकर भी वे ठीक से भोजन नहीं कर पातीं।

